CMYK

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 21°C
तापमान

सेंसेक्स निफ्टी
78,553.20
23,851.65

सोना चांदी
98,350
1,00,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, रविवार 20 अप्रैल 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 250 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com

बैसाख कृष्ण पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082

21 शव्वाल 1446 हिजरी

नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



### गाजा पर इजरायली एयरस्ट्राइक में 90 लोगों की मौत

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### केएल राहुल ने धोनी और कोहली को पछाड़ा

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# उत्तराखंड बोर्ड रिजल्ट में कमल व अनुष्का रहे अव्वल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामनगर/देहरादून।** उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद ने शनिवार को हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का रिजल्ट घोषित कर दिया है।

हाईस्कूल में विवेकानंद वीएमआईसी मंडलसेरा बागेश्वर के कमल सिंह चौहान व एचजीएस एसवीएम आईसी कुसुमखेड़ा हल्द्वानी के छात्र जतिन जोशी ने 99.20 प्रतिशत अंक लाकर संयुक्त रूप से प्रदेश टॉप किया है। वहीं इंटरमीडिएट में इंटर कॉलेज बदासी देहरादून की छात्रा अनुष्का राणा ने 98.60 प्रतिशत अंक लाकर प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। हाईस्कूल का पासिंग 90.77 प्रतिशत और इंटरमीडिएट का 83.23 प्रतिशत रहा है। इस बार भी बालिकाओं ने बाजी मारी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और प्रदेश के शिक्षा मंत्री डा. धनसिंह रावत ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी। शनिवार को बोर्ड के सभापति डा. मुकुल कुमार सती ने बोर्ड के अधिकारियों के साथ हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का परिणाम जारी किया।



कमल चौहान

99.20% अंक



अनुष्का राणा

98.60% अंक

■ हाईस्कूल में 90.77 % व इंटरमीडिएट में 83.23% छात्र हुए पास , मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री ने छात्र-छात्राओं को दी बधाई

उन्होंने बताया कि हाईस्कूल में 1,09859 छात्रों ने परीक्षा दी है। 99,725 परीक्षार्थी हाईस्कूल की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। इंटरमीडिएट में 106345 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी और 88,518 विद्यार्थी पास हो गए। बताया कि हाईस्कूल में बागेश्वर के कमल सिंह चौहान, कुसुमखेड़ा हल्द्वानी के छात्र जतिन जोशी ने 99.20 प्रतिशत अंक हासिल किए गए हैं। दोनों छात्रों ने संयुक्त रूप से प्रदेश की सर्वश्रेष्ठ सूची में पहला स्थान हासिल किया है। एसवीएम आईसी न्यू टिहरी टिहरी गढ़वाल की छात्रा कनाकलता ने 500 में से 495 अंक यानी 99 प्रतिशत लाकर प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल किया है। गोस्वामी गनेश दत्त सरस्वती आईसी उत्तरकाशी के छात्र दिव्यम व सीएआईसी अगस्तमुनि रुद्रप्रयाग की छात्रा प्रिया व पीपी सीवीएम आईसी नानकमत्ता ऊधमसिंह नगर की छात्रा दीपा जोशी ने हाईस्कूल की परीक्षा में 500 में से 494 यानी 98.80 प्रतिशत लाकर प्रदेश की श्रेष्ठता सूची में संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया है। हाईस्कूल में बालकों -शेष पृष्ठ दो पर

# जेईई मेन सत्र-2 के परिणाम घोषित

## 24 छात्रों को मिले 100 पर्सेंटाइल

**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने जेईई मेन 2025 के सेशन 2 का परिणाम घोषित कर दिया है, जिसके साथ ही टॉपर्स की सूची भी सार्वजनिक कर दी गई है। इस बार कुल 24 छात्रों ने 100 पर्सेंटाइल प्राप्त किए हैं। इस बार केवल पेपर 1 (बीई/बीटेक) का रिजल्ट घोषित किया गया है।

जबकि पेपर 2 (बीआर्क/बीप्लानिंग) के परिणाम की घोषणा अभी बाकी है। एजेंसी ने 18 अप्रैल को दोपहर 2 बजे जेईई मेन सत्र-2 की फाइनल आंसर-की जारी की थी। इससे एक दिन पहले, 17 अप्रैल को भी आंसर-की वेबसाइट पर अपलोड की गई थी, लेकिन बाद में हटा ली गई थी। एनटीए ने फाइनल आंसर-की से दो सवाल हटा दिए हैं और नियमों के अनुसार इन सवालों के लिए सभी छात्रों को पूरा अंक दिया जाएगा। जेईई



■ 100 पर्सेंटाइल पाने वाले 24 टॉपरों में 22 लड़के और दो लड़कियां शामिल

मेन के पहले सत्र में 39 उम्मीदवारों के एनटीए स्कोर घोषित नहीं किए गए थे, क्योंकि वे अनुचित व्यवहार में लिप्त पाए गए थे। दूसरे सत्र के दौरान 110 उम्मीदवार परीक्षा -शेष पृष्ठ दो पर

# बांग्लादेश में हिंदू नेता की हत्या पर भारत के तेवर तल्ख

## अंतरिम सरकार अल्पसंख्यकों की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाए

नई दिल्ली, वार्ता


**भारत ने बांग्लादेश** में हिंदू समुदाय के नेता भाबेश चंद्र रॉय के अपहरण और नृशंस हत्या किए जाने की निंदा करते हुए वहां की अंतरिम सरकार से बिना कोई बहाना बनाए अल्पसंख्यकों की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शनिवार को इस बारे में मीडिया के सवालों के जवाब में कहा कि हमें बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यक नेता भाबेश चंद्र रॉय के अपहरण और क्रूर हत्या की जानकारी मिली है। यह हत्या अंतरिम सरकार के तहत हिंदू अल्पसंख्यकों के व्यवस्थित उत्पीड़न के एक पैटर्न का अनुसरण करती है, यहां तक कि पिछली ऐसी घटनाओं के अपराधी किसी सजा के डर के बिना खुल्लमखुल्ला घूम रहे हैं। श्री जायसवाल ने कहा कि हम इस घटना की निंदा करते हैं और एक बार फिर अंतरिम सरकार को याद दिलाते हैं कि वह बिना किसी नए बहाने या भेदभाव किए हिंदुओं सहित सभी अल्पसंख्यकों की रक्षा करने की अपनी जिम्मेदारी पर खरी उतरे।




### पूर्वोत्तर को लेकर बांग्लादेश की टिप्पणी निंदनीय: खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बांग्लादेश में हिंदुओं के बड़े नेता भाबेश चंद्र रॉय की निर्मम हत्या और पूर्वोत्तर को लेकर बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार की टिप्पणी को निराशाजनक बताते हुए कहा है कि वहां अल्पसंख्यकों पर जारी हमलों से साफ है कि दोनों मुल्कों के बीच हुई बातचीत विफल रही है। श्री खड़गे ने कहा कि श्री मोदी और बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार की भले ही मुस्कुराते हुए फोटो सामने आई हो, लेकिन सच यह है कि यह बातचीत विफल रही है। बांग्लादेश में बड़े स्तर पर अल्पसंख्यक हिंदू मारे जा रहे हैं, लेकिन कोई सकारात्मक पहल कहीं से नजर नहीं आ रही है। बांग्लादेश में लगातार धार्मिक अल्पसंख्यकों खासकर हमारे हिंदू भाई-बहनों पर अत्याचार हो रहा है।



# दिल्ली में छह मंजिला इमारत गिरी, 11 मरे

## कई लोग मलबे में फंसे, 20 लोगों को फिलहाल मलबे से बाहर निकाला गया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुस्तफाबाद इलाके में शनिवार सुबह एक छह मंजिला इमारत गिर गई। जिसके मलबे में दबकर 11 लोगों की मौत हो गई है। कई लोग मलबे में फंसे हैं। जिन्हें बाहर निकालने का काम जारी है। यह घटना सुबह करीब 3 बजे हुई।

मौके पर डॉग स्क्वॉड, एनडीआरएफ और पुलिस की टीमें मौजूद हैं। फिलहाल बचाव अभियान जारी है। छह मंजिला इमारत देखते ही देखते जमींदोज हो गई। इस पूरे हादसे का एक वीडियो सामने आया है। जिसमें इस इमारत को गिरते हुए देखा जा सकता है। हादसे की सूचना शुक्रवार और शनिवार की दरम्यानी रात करीब दो से तीन बजे के बीच में दमकल विभाग को मिली, जिसके बाद तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। अभी भी कई लोग फंसे हुए हैं। हादसे के बाद से अब तक मलबे से 20 लोगों को निकाला जा चुका है, जिसमें चार लोगों की मौत पुलिस कंफर्म कर रही है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि हादसे में 11 लोगों की जान गई है। पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार और शनिवार की दरम्यानी रात करीब तीन बजे शक्ति विहार की गली नंबर 1 में एक इमारत के ढहने की सूचना पुलिस स्टेशन दयालपुर को मिली। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि तहसीन पुत्र यासीन की चार मंजिला इमारत ढह गई थी, जिसमें कथित तौर पर 22 लोग फंसे हुए थे। एनडीआरएफ, डीएफएस और एम्बुलेंस सेवाओं को तुरंत बुलाया गया और बचाव कार्य शुरू किया गया। डिविजनल फायर ऑफिसर राजेंद्र अटवाल ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और पाया कि पूरी इमारत ढह गई है। हमें लोगों के मलबे में फंसे होने की सूचना भी मिली। रेस्क्यू के लिए एनडीआरएफ और दिल्ली अग्निशमन सेवा की टीमें मिलकर काम कर रही है।

### मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मृतकों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली के दयालपुर थाना क्षेत्र में शनिवार को एक चार मंजिला इमारत ढहने के दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। श्रीमती गुप्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि मुस्तफ़ाबाद में इमारत गिरने की दर्दनाक घटना से मन अत्यंत व्यथित है।



# मेरठ में भी तेज बारिश से दो मकान गिरे

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के मेरठ में शुक्रवार को आंधी-बारिश के कारण अलग-अलग जगहों पर दो मकान ढह गए। एक महिला और उसकी 9 माह की बच्ची की मलबे में दबकर मौत हो गई। करीब 10 लोग घायल हुए। लखनऊ में शनिवार सुबह 3 बजे तूफान आया। इससे सैकड़ों पेड़ और बिजली के पोल गिर गए।

इसके चलते रास्ते बंद हो गए। मौसम विभाग ने शनिवार को राजस्थान-मध्य प्रदेश में तेज लू (हीटवेव) की आशंका जताई है। महाराष्ट्र में भी तेज गर्मी रहेगी। इसके अलावा बिहार, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, झारखंड, नार्थ ईस्ट समेत 14 राज्यों में आंधी-तूफान की चेतावनी है। बारिश के साथ यहां तेज आंधी और बिजली का भी अलर्ट है। राजस्थान और गुजरात से आई गर्म हवाओं के असर से पूरा मध्य प्रदेश तप रहा है। सीजन में पहली बार शुक्रवार को दिन का पारा 44 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। खजुराहो, गुना और नौगांव सबसे ज्यादा गर्म रहे। यहां पारा 44 डिग्री पार हो गया। शनिवार को पारा 42.5 डिग्री सेल्सियस और रविवार को 43.1 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने के आसार हैं। 5 जिलों में लू चलेगी। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में तेज आंधी, ओलावृष्टि और भारी बारिश के कारण कई घरों को नुकसान पहुंचा है।

■ नौ माह की बच्ची समेत दो की मौत 14 राज्यों में आंधी-तूफान का अलर्ट

### भारतीय दूतावास ने कनाडा में भारतीय छात्रा की मौत पर जताया शोक

**टोरंटो।** कनाडा में भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने गत बुधवार को गोलीबारी की घटना में एक भारतीय छात्रा हरसिमरत रंधावा की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया है। भारतीय महावाणिज्य दूतावास, टोरंटो ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर कहा कि हम हैमिल्टन, ओन्टारियो में भारतीय छात्रा हरसिमरत रंधावा की दुखद मौत से बहुत दुखी हैं। वह एक निर्दोष पीड़िता थी, दो वाहनों पर हुई गोलीबारी की घटना के दौरान अचानक एक गोली लगने से उसकी मृत्यु हो गई। फिलहाल हत्या की जांच चल रही है।

### सेना ने की लद्दाख में मोबाइल कनेक्टिविटी शुरू

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने एक बड़ा कदम उठाते हुए लद्दाख के सुदूर और अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में अभूतपूर्व मोबाइल कनेक्टिविटी की सुविधा प्रदान की है, जिसमें पूर्वी और पश्चिमी लद्दाख तथा सियाचिन ग्लेशियर के अग्रिम क्षेत्र भी शामिल हैं। सेना ने शनिवार को बताया कि दुनिया के कुछ सबसे दुर्गम इलाकों जैसे दौलत बेग ओल्डी, गलवान, डेमचोक, चुमार, बटालिक, द्रास और सियाचिन ग्लेशियर में तैनात सैनिकों को पहली बार अब विश्वसनीय 4 जी और 5 जी मोबाइल कनेक्टिविटी तक पहुंच मिली है।

### मोदी दो दिवसीय यात्रा पर सऊदी अरब जाएंगे

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस एवं प्रधानमंत्री प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के निमंत्रण पर 22-23 अप्रैल को दो दिवसीय सऊदी अरब की यात्रा पर जाएंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार वर्ष 2016 और 2019 के बाद प्रधानमंत्री की सऊदी अरब की यह तीसरी यात्रा होगी। यह यात्रा सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस एवं प्रधानमंत्री की सितम्बर 2023 में जी 20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने और भारत-सऊदी अरब रणनीतिक साझीदारी परिषद की पहली बैठक की सह-अध्यक्षता के लिए नई दिल्ली की राजकीय यात्रा के बाद की गई है।

# नाबालिग से रेप, आरोपी चाचा को 20 दिन में उम्रकैद सुनाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट ने 16 साल की नाबालिग बच्ची से रेप कर उसे गर्भवती करने वाले 45 साल के व्यक्ति को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने सिर्फ 20 दिन में इस गंभीर केस का फैसला सुनाया और कहा कि दोषी को जिंदगी भर जेल में रहना होगा।

यह मामला पोक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत दर्ज हुआ था। अदालत ने पीड़िता को 19.5 लाख रुपये का मुआवजा दिलाने का आदेश भी दिया। अदालत ने कहा कि जब आरोपी ने लड़की का यौन शोषण करना शुरू किया, तब उसकी उम्र 45 साल थी और लड़की सिर्फ 16 साल की थी। एडिशनल सेशन जज बबीता पुनिया ने कहा कि दोनों के बीच करीब 30 साल का फर्क था। इतनी बड़ी उम्र का अंतर इस मामले को और ज्यादा गंभीर बनाता है। मेरे मन में इस बात को लेकर कोई संदेह नहीं है कि पीड़ित बच्ची ने बहुत कष्टदायक पीड़ा सहन की होगी। दरअसल, दोषी पीड़ित के पिता का जानकार था और वह उसे चाचा कहकर बुलाती थी। उसने बच्ची से कई बार रेप किया और प्रेग्नेंट कर दिया।

■ तीस हजारी कोर्ट ने 20 लाख मुआवजा देने का दिया आदेश



# मकोका मामले में नरेश बाल्यान समेत 7 आरोपियों की न्यायिक हिरासत बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व विधायक नरेश बाल्यान और अन्य छह आरोपियों की न्यायिक हिरासत शनिवार को 23 अप्रैल तक बढ़ा दी।

ड्यूटी जज जितेंद्र सिंह ने जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बाल्यान, रितिक उर्फ पीटर, रोहित उर्फ अन्ना, सचिन चिकारा, साहिल उर्फ पोली, विजय उर्फ कालू और ज्योति प्रकाश उर्फ बाबा की पेशी के बाद उन सभी की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी। सरकारी वकील वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये और जांच अधिकारी सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) नरेश अदालत के समक्ष पेश हुए और साहिल उर्फ पोली तथा विजय उर्फ कालू की न्यायिक हिरासत चार दिन बढ़ाने की मांग की। अदालत ने अभियोजन पक्ष की दलीलें सुनने के बाद सभी आरोपियों की न्यायिक हिरासत 23 अप्रैल तक बढ़ा दी।

■ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये कोर्ट में पेश हुए 'आप' के पूर्व विधायक

# अफगानिस्तान में फिर महसूस हुए भूकंप के झटके

## दिल्ली, जम्मू-कश्मीर और पाकिस्तान में भी डोली धरती

**काबुल।** अफगानिस्तान में शनिवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप के झटके पाकिस्तान, जम्मू-कश्मीर और दिल्ली तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में भी महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंपीय निगरानी केंद्र ने बताया कि रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.8 मापी गई।

केंद्र ने बताया कि अफगानिस्तान में शनिवार को दोपहर बाद 12:17 बजे (भारतीय समयानुसार) यह भूकंप आया। दिल्ली-एनसीआर और जम्मू-कश्मीर समेत उत्तर भारत के कई इलाकों में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। अफगानिस्तान में अभी भूकंप से हताहतों और नुकसान के बारे में कोई प्रारंभिक रिपोर्ट नहीं मिली है। इसके अलावा भारत में भी अभी तक किसी नुकसान या हताहत होने की कोई सूचना नहीं मिली है। अफगानिस्तान के अलावा पाकिस्तान में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंपीय निगरानी केंद्र ने पूर्वाह्न 11:47 बजे (स्थानीय समयानुसार) 5.9 तीव्रता का भूकंप बताया।

# जनेऊ पहनने पर छात्र को परीक्षा से रोका

## सीईटी पेपर देने गया था, गेट पर काटने को कहा, आरोपियों के खिलाफ FIR

बेंगलुरु, वार्ता

**कर्नाटक में दो** कॉलेजों में स्टूडेंट के जनेऊ पहनने पर विवाद हो गया। पहला मामला शिवमोगा जिले के आदिचुंचनगिरी स्कूल का है। जहां कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (सीईटी) एग्जाम देने आए तीन स्टूडेंट का जनेऊ उतरवाया गया।

वहीं दूसरा मामला बीदर जिले के साई स्पूर्थी पीयू कॉलेज का है। यहां एक स्टूडेंट ने जनेऊ उतारने से मना कर दिया, तो उसे एग्जाम में बैठने नहीं दिया गया। मामला सामने आने के बाद कर्नाटक ब्राह्मण महासभा की तरफ से पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। कर्नाटक के बीदर में एग्जाम देने गए स्टूडेंट सुचिव्रत कुलकर्णी ने बताया कि 17 अप्रैल को मेरा मैथ का सीईटी एग्जाम था। जब मैं एग्जाम सेंटर पहुंचा, तो कॉलेज मैनेजमेंट ने मेरी जांच की और मेरा जनेऊ देखा। उन्होंने मुझसे कहा कि इसे काट दो या हटा दो, तभी वे मुझे परीक्षा में बैठने देंगे। 45 मिनट तक मैं उनसे अनुरोध करता रहा, लेकिन आखिरकार मुझे घर वापस आना पड़ा। मेरी मांग है कि सरकार दोबारा परीक्षा कराए या मुझे सरकारी कॉलेज में सीट दे। पुलिस के मुताबिक, आदिचुंचनगिरी पीयू कॉलेज एग्जाम सेंटर पर सुरक्षा कर्मचारियों ने तीन छात्रों से जनेऊ उतारने को कहा गया। एक स्टूडेंट ने मना कर दिया, तो उसे रोक दिया गया। जबकि दो अन्य छात्रों ने परीक्षा हाल में प्रवेश करने से पहले जनेऊ उतार दिया। एक सीनियर पुलिस अधिकारी ने बताया कि जब हमने कॉलेज अधिकारियों से पूछताछ की, तो उन्होंने कहा कि उनकी ओर से केवल परीक्षा कराने के लिए बिल्डिंग दी गई है। एंट्रेंस एग्जाम आयोजित करने या सुविधा प्रदान करने में उनकी कोई भूमिका नहीं है। वहीं परीक्षा केंद्र के कर्मचारियों ने दावा किया कि उन्होंने किसी भी छात्र से अपनी शर्ट या पवित्र धागा उतारने को नहीं कहा।

■ परीक्षा केंद्र के कर्मचारियों का दावा : किसी भी छात्र से पवित्र धागा उतारने को नहीं कहा








# दुर्घटना में युवक की मौत, ग्रामीणों ने लगाया जाम

## पुलिस पर पथराव, एक दरोगा सहित चार पुलिसकर्मी घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** सड़क दुर्घटना में साइकिल सवार की मौत के बाद नहटौर पैजानिया मार्ग पर गांव मानकपुर के सामने शुक्रवार की रात को शव रखकर जाम लगाने के दौरान पुलिस पर पथराव करने पर एक दरोगा सहित चार पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करते हुए जाम को खुलवाया और शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। इस मामले में पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा डालने,गाली-गलौच करने व पुलिस पर पथराव करने के आरोप में 15 नामजद व 10 से 15 अज्ञात लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। उधर गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। मृतक साइकिल सवार का अंतिम संस्कार गंगा बैराज पर किया गया है।

गौरतलब है कि गांव मानकपुर निवासी 19 वर्षीय दीशू कुमार पुत्र रामवीर सिंह गांव के ही 13 वर्षीय देव कुमार पुत्र कृष्ण पाल के साथ साइकिल से शुक्रवार की देर शाम करीब 7:30 बजे गांव फलौदा से फर्नीचर का काम करके साइकिल द्वारा अपने घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान नहटौर पैजनिया मार्ग पर गांव मानकपुर के सामने एक अज्ञात कार ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। दोनों घायलों को सीएचसी में लाया गया था। जहां चिकित्सकों ने दीशू कुमार को मृत घोषित कर दिया। देव को जिला अस्पताल रैफर किया गया था। मृतक के परिजन अस्पताल पहुंचे शव को उठाकर घटनास्थल पर ले गए और कार्रवाई की मांग को लेकर शव नहटौर पैजानिया मार्ग पर गांव मानकपुर के सामने सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और उन्होंने ग्रामीणों से वार्ता करते हुए जाम खुलवाने का



प्रयास किया। शुक्रवार की रात को करीब 9:30 बजे एएसपी पूर्वी धर्म सिंह मर्छाल, एसडीएम धामपुर रितु रानी, सीओ धामपुर सर्वम सिंह व आसपास के थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीण अज्ञात कार चालक को पकड़ने की जिद पर पड़े हुए थे। इसी दौरान पुलिस ने शव उठाने का प्रयास किया तो ग्रामीणों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। जिसको लेकर पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करते हुए ग्रामीणों को खदेड़ते हुए शव को अपने कब्जे में लिया। पथराव के दौरान दरोगा सागर चौधरी, कांस्टेबल उपेंद्र व गौरव सीओ धामपुर के हमराह नितिन के चोटे आई।

दरोगा सुभाष तोमर की ओर से इस मामले में गाली गाली-गलौच करना, सरकारी कार्य में बाधा डालना व पुलिस पर पथराव करने के आरोप में हरिओम सिंह, भारत सिंह, छोटू, अर्जुन सिंह, अज्जू, कल्लू, सोहेल, उमेश, जितेंद्र, अर्जुन, राकेश, प्रमोद, निशांत, पारस व खूब सिंह के अलावा 10- 15 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया।

शनिवार को गंगा बैराज पर उसका अंतिम संस्कार किया गया। मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था। मृतक का परिवार मेहनत मजदूरी करता है। उधर उसकी मौत से गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। पुलिस द्वारा किए गए बल प्रयोग से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। थाना अध्यक्ष धीरज नगर ने बताया कि इस मामले में 15 लोगों को नामजद व 10 से 15 अज्ञात के खिलाफ पंजीकृत किया गया।

उधर नहटौर सड़क दुर्घटना होने के बाद करीब आधे घंटे तक शव सीएचसी में रखा रहा। लेकिन पुलिस सीएचसी तक नहीं पहुंची। पुलिस के नहीं पहुंचने का नतीजा यह रहा कि ग्रामीण मृतक के शव को सीएचसी से उठाकर घटनास्थल पर ले गए और जाम लगा दिया। कई घंटों तक जाम लगा रहा है। जाम लगने पर कई थानों की पुलिस को मौके पर जाना पड़ा। पुलिस सीएचसी पहुंच जाती तो शायद ग्रामीण जाम नहीं लगाते।

# पशुशाला में घुसकर गुलदार ने बछड़े को बनाया निवाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** गांव सादकपुर में शुक्रवार रात गुलदार पशुशाला में बंधे बछड़े को मारकर खा गया। गांव में गुलदार की आमद से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों से घटनास्थल के पास पिंजरा लगाने की मांग की है।

थाना क्षेत्र के गांव सादकपुर निवासी अखिलेश चौहान पुत्र छत्रपाल सिंह ने बताया कि गांव में उनके घर से 50 मीटर की दूरी पर उनकी आटा चक्की है। आटा चक्की के प्रांगण में ही उनकी पक्की पशुशाला है। 20 दिन पूर्व उनकी गाय ने एक बछड़े को जन्म दिया था। शुक्रवार रात उनकी दुधारू गाय और नवजात बछड़ा अन्य पशुओं के साथ पशुशाला में बंधे हुए थे, जबकि उनके पिताजी छत्रपाल सिंह आटा चक्की में सो रहे थे। इसी दौरान रात में किसी समय जंगल से उनकी पशुशाला में गुलदार आ गया और



उनके 20 दिन के बछड़े को मारकर खा गया। उसने घर के पास ही पशु पालन के लिए छप्परनुमा पशुशाला बना रखी है। शनिवार सुबह उनके पिताजी छत्रपाल सिंह पशुशाला में गए तो घटना का पता लगा। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से गुलदार गांव के आस-पास दिखाई दे रहा है। अब गांव के अंदर गुलदार के आने से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। गुलदार को लेकर ग्रामीण खासे चिंतित हैं और गांव में भय का माहौल है। पूर्व ग्राम प्रधान पूरन सिंह चौहान, मनोज कुमार, इंद्रदेव सिंह, हरकेश सिंह, नरेश कुमार, मोनू, इरफान, मो. ताहिर, मो. इमरान आदि ग्रामीणों ने वन विभाग से गांव के पास पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़ने की मांग की है। वन दरोगा जगत सिंह राणा ने बताया कि वन कर्मियों को गांव भेजकर घटना की जांच कराई जाएगी।

# पुरानी पेंशन बहाली की मांग के लिए एक मई को जंतर-मंतर पर होगा विशाल प्रदर्शन: चंद्रहास

## राजकीय वाहन चालक संघ के कर्मचारी करेंगे प्रतिभाग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राजकीय वाहन चालक संघ के जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष मनवीर सिंह की अध्यक्षता एवं जिला मंत्री नरेंद्र कुमार के संचालन में आगामी एक मई को पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर दिल्ली जंतर-मंतर पर होने वाले विशाल प्रदर्शन की सफलता को लेकर बैठक आयोजित हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश के उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन के अटेवा दृढ़संकल्पित है। पुरानी पेंशन बहाली तक संघर्ष जारी रहेगा। संघर्ष के क्रम में आगामी एक मई को दिल्ली जंतर-मंतर प्रदेश के शिक्षक एवं कर्मचारी अपनी संवैधानिक मांग को लेकर विशाल प्रदर्शन करेंगे। जिसमें राजकीय वाहन



चालक संघ के प्रत्येक कर्मचारी की सहभागिता सुनिश्चित होनी चाहिए। यह वक्त संगठित होकर संघर्ष करने का है।

राजकीय वाहन चालक संघ के जिला मंत्री नरेंद्र कुमार ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली के लिए अटेवा ईमानदारी से संघर्षरत है। हम प्रत्येक संघर्ष में अटेवा के साथ है। आगामी एक मई को दिल्ली में राजकीय वाहन चालक संघ का पूर्ण समर्थन रहेगा। बैठक में विजयपाल सिंह, राजीव सिंह, वीर सिंह, कर्मवीर सिंह, मनचंदा, मनवीर सिंह, शकील अहमद, फ्रैंक आसकिन अमित महलोत्रा आदि ने संबोधित किया।

# आकाशीय बिजली गिरने से झोपड़ी में लगी आग

## बकरी व बछड़े की जलकर मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** गांव अलीगंज में आकाशीय बिजली गिरने से एक व्यक्ति की झोपड़ी में आग लग गई, जिससे उसकी बकरी और एक बछड़े की जलकर मौत हो गई जबकि लगभग पौने दो लाख रुपए का सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर ग्राम प्रधान, लेखपाल और गणमान्य लोग घटनास्थल पर पहुंचे। राशन और कुछ नगदी देकर पीड़ित परिवार की सहायता की।

रेहड़ निवासी दुष्यंत तोमर पुत्र स्वर्गीय जगदीश सिंह अत्यंत गरीब है। दुष्यंत तोमर ने गांव अलीगंज निवासी सरदार नरवैल सिंह थांदी का खेत ठेके पर लेकर उसमें सब्जी की पलेज लगा रखी है। दुष्यंत तोमर पत्नी कुंता देवी, 13 वर्षीय पुत्र मयंक, 12 वर्षीय प्रियंक, 11 वर्षीय राज एवं 8



वर्षीय पुत्री कु. सोनम के साथ सब्जी की पलेज में झोपड़ी डालकर रह रहा था। शुक्रवार रात दुष्यंत पत्नी एवं बच्चों के साथ झोपड़ी से कुछ दूरी पर पलेज में चारपाई डालकर सो रहा था। इसी दौरान रात्रि लगभग 11:30 बजे आंधी वर्षा के साथ तेज गड़गड़ाहट हुई और उसकी झोपड़ी पर आकाशीय बिजली गिर गई, जिससे उसकी झोपड़ी में आग लग गई। आंधी से आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। थोड़ी ही देर में आग से झोपड़ी के अंदर बंधी एक तीन वर्षीय बकरी और एक वर्षीय बछड़े की जलकर मौत हो गई जबकि झोपड़ी में रखी सात हजार की नकदी, कैन में भरा 25 लीटर सरसों का तेल, 5 कुंतल गेहूं, 50 किलो चावल, 40 किलो आटा, एक सिलाई मशीन, तीन किलो देसी घी, एक बैटरा, पहनने के समस्त कपड़े, बिस्तर, समस्त डॉक्यूमेंट आदि लगभग पौने दो लाख रुपए का सामान जलकर राख हो गया। गनीमत रही की दुर्घटना के समय दुष्यंत तोमर और उनके बच्चे झोपड़ी के अंदर नहीं थे। शनिवार सुबह ग्राम प्रधान सरदार अमरीक सिंह, लेखपाल प्रमोद कुमार और कुछ गणमान्य लोग दुर्घटना स्थल पर पहुंचे राशन और कुछ नगदी देकर पीड़ित परिवार की सहायता की। लेखपाल प्रमोद कुमार ने बताया कि आकाशीय बिजली गिरने से झोपड़ी में आग लगी है और डेढ़ लाख से अधिक रुपए की क्षति हुई है। क्षति का मूल्यांकन करके रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है। पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

# आंधी, तूफान व बारिश से भारी नुकसान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर/ताजपुर।** आंधी, तूफान व बारिश आने से क्षेत्र के लोगों का लाखों रुपए का नुकसान हो गया। आंधी, तूफान व बारिश आने से डर व दहशत का माहौल पैदा हो गया। हर तरफ चीख पुकार मची हुई थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नहटौर, बिजनौर व मुरादाबाद रोड पर आंधी, तूफान व बारिश आने से सैकड़ों हरे-भरे पेड़ पौधे सड़क पर गिरे पड़े हुए थे। सड़क पर बड़े-बड़े पेड़ गिरने से हर तरफ छोटी बड़ी गाड़ियों का लम्बा जाम लगा हुआ था। वहीं रोड पर लगे फ्लैक्सी बोर्ड भी उखड़ कर जमीन पर गिर गए थे। बीचों बीच सड़क पर गिरने से जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। तूफान व बारिश की वजह से आसपास के घरों

## पेड़ गिरने से लगा जाम

में काफी नुकसान हुआ है। बिजली के तार टूट कर गिरने से बिजली व्यवस्था ठप हो चुकी है। बिजली की सप्लाई ठप होने से पीने के पानी की समस्या खड़ी हो गई है। वहीं दिन भर वन विभाग के कर्मचारी सड़कों पर टूटे हुए पेड़ उठाते हुए नजर आए। उधर मुरादाबाद बिजनौर रोड पर पेड़ गिरने से दिन भर गाड़ियों का जाम लगा रहा। पुलिस दिनभर जाम खुलवाने के लिए पुलिस मशक्कत उठाती नजर आ रही थी। काफी मशक्कत के बाद जाम खुलवाया गया।

# विवाहिता के हत्यारोपी पति व ससुर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** पांच माह पूर्व हुई शादी के बाद विवाहिता की दहेज के लिए हत्या करने के आरोप में पुलिस ने पति व ससुर को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

गौरतलब है कि नांगल थाना क्षेत्र के गांव हरचंदपुर निवासी काजल की शादी 18 नवंबर 2024 को नहटौर थाना क्षेत्र के गांव मुजफ्फरपुर देवीद. ास निवासी सचिन पुत्र भीष्म से हुई थी। काजल के भाई आशेन्द्र का आरोप है कि उसने अपनी बहन की शादी में करीब 25 लाख रुपए खर्च किए थे। शादी में सचिन व उसके घरवालो की मांग पर सोनालिका ट्रैक्टर भी दिया था। शादी के कुछ दिनों बाद से ही ससुरालियां दहेज के लिए काजल को शारीरिक व मान. सिक उत्पीड़न करना शुरू कर दिया। पिछले करीब आठ दिनों से काजल के साथ मारपीट की जा रही थी।





गुरुवार को काजल के साथ मारपीट करते ससुरालियों ने दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर जहर देकर मार डाला। मायके वालों ने इस मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आशेन्द्र की तहरीर पर पति सचिन, ससुर भीष्म, सास रेखा देवी, जेठ रोबिन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

शनिवार को मुखबिर की सूचना पर घर से पति सचिन व ससुर भीष्म को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि आरोपी पति सचिन व ससुर भीष्म को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया है।

## सेवानिवृत्त अकाउंटेंट शिवराम के निधन पर शोक सभा

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा की अध्यक्षता में प्रात: 10:00 बजे शोक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें विकास विभाग के सेवानिवृत्त अकाउंटेंट 82 वर्षीय शिवराम शर्मा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत की आत्मा की शांति तथा उनके परिवार को इस असीम दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए प्रार्थना की गई। विदित हो कि वर्ष 2003 में विकास विभाग से सेवानिवृत नई बस्ती निवासी अकाउंटेंट शिवराम शर्मा विगत जो पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। आज प्रात: 5:00 बजे उनकी हालत अत्यधिक खराब हो गई। उन्हें तत्काल बिजनौर में चिकित्सक को दिखाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। इस अवसर पर चरण सिंह, पीवी रस्तोगी, जफर हुसैन, कमलबीर सिंह, गजेंद्र सिंह, श्याम सिंह, सुशील कुमार आदि की उपस्थिति महत्वपूर्ण रही।

## जेल से मिलाई कर लौट रहे बाइक सवारों पर हमला

**हल्दौर।** गांव शरीफपुर पुलिया के समीप अपने परिचित से जेल में मिलाई कर बाइक पर सवार होकर लौटते हुए कुछ युवकों ने पीछे से हमला बोल उनके साथ मारपीट की ओर मौके से फरार हो गए। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया है।

शनिवार को जनपद अमरोहा देहात क्षेत्र के गांव निवासी त्रिलोक सिंह, शिवदेश कुमार व एक अन्य के साथ अपने परिचित रणवीर सिंह से बिजनौर जेल में मिलाई कर बाइक पर सवार होकर अपने घर लौट रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बिजनौर, मुरादाबाद हाईवे मार्ग पर स्थित गांव शरीफपुर व पैजनियां के बीच एक बेकरी के पास पीछे से आ रहे कुछ युवकों ने उनकी बाइक को ओवरटेक कर जबरन रोक लिया और मारपीट शुरु कर दी। वहां से गुजर रहे कुछ राहगीरों ने मामले की सूचना फोन पर पुलिस को दी। मौके पर पुलिस को आता देख आरोपी भुगत लेने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए।

पुलिस ने तीनों घायलों को उपचार उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### एक नजर

## तूफान के बाद विद्युतापूर्ति बाधित



**नहटौर।** जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात करीब 9:30 बजे आए आंधी तूफान के कारण गांव सलेमपुर के आसपास पेड़ टूट कर विद्युत लाइनों पर गिर गए, जिससे ब्रेकडाउन हो गया और विद्युत उपकेंद्र नहटौर की विद्युत सप्लाई बंद हो गई। पूरी रात विद्युत सप्लाई बाधित रहने पर नागरिकों को गर्मी में परेशानी का सामना करना पड़ा। शनिवार की सुबह को विद्युत कर्मियों ने टूटे हुए पेड़ों को विद्युत लाइन से हटाया और लाइन को ठीक कराया। करीब 10:00 बजे विद्युत सप्लाई शुरू हुई। गांव खंडसाल व वसावनपुर के विद्युत केंद्र भी शुक्रवार की रात को बंद रहे। उन पर भी शनिवार की सुबह विद्युत आपूर्ति शुरू हुई।

## बारात में कहासुनी के बाद मारपीट

**कोतवाली देहात।** क्षेत्र के ग्राम पेरूवाला निवासी घनश्याम सिंह की पुत्री की बारात नहटौर थाना क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर गढ़ी से आई थी। शुक्रवार की रात्रि बारात में कुछ लोग शराब पिए हुए थे, जिसके चलते दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। इसके बाद जमकर मारपीट हुई। आरोप है कि इस दौरान दोनों पक्षों में लाठी डंडे चले। घटना की सूचना पर 112 पीआरबी के सिपाही पहुंचे और मामले को शांत कराने का प्रयास किया। पुलिस के सामने ही दोनों पक्षों में मारपीट हुई। मारपीट में रिंकू पुत्र सूरज सिंह, रूपेंद्र पुत्र गेंदा सिंह, वासुदेव पुत्र उदयवीर, पूजा, सौरभ पुत्र खूब सिंह सहित 6 लोग घायल हो गए। पुलिस घायलों को लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोतवाली देहात पहुंची। मामले में बाद में दोनों पक्षों में समझौता हो गया।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उत्तराखंड बोर्ड....** का उत्तीर्ण 88.20 व बालिकाओं का उत्तीर्ण 93.25 प्रतिशत रहा। हाईस्कूल में चम्पावत 96.97 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान पर रहा है। वहीं इंटरमीडियट में केशव भट्ट एसपीआईसी करबारी ग्रांट देहरादून, कोमल कुमारी गोस्वामी गनेश दत्त सरस्वती विद्या मंदिर आईसी उत्तरकाशी को 500 में से 489 अंक यानी 97.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर श्रेष्ठता सूची में संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर रहे हैं। एसवीएमआईसी आवास विकास ऋषिकेश देहरादून के छात्र आयूष सिंह रावत ने 96.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश की सूची में तीसरा स्थाल हासिल किया है। इंटर का उत्तीर्ण प्रतिशत 83.23 रहा। प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने वाले परीक्षार्थियों की संख्या 41290 है। जनपद पिथौरागढ़ कुल 91.90 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान पर रहा है। बालकों का 80.10 प्रतिशत व बालिकाओं का 86.20 प्रतिशत रहा।

**जेईई मेन...** से संबंधित दस्तावेजों की जालसा. जी सहित अनुचित साधनों में शामिल पाए गए और परिणामस्वरूप, उनके परिणाम घोषित नहीं किए गए। एनटीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इन उम्मीदवारों के अलावा, 23 उम्मीदवारों के परिणाम उनकी तस्वीरों, बायोमेट्रिक विवरण या पहचान सत्यापन के लिए अन्य व्यक्तिगत जानकारी में विसंगतियों के कारण रोक दिए गए हैं। इन उम्मीदवारों को अपने परिणाम घोषित करने के लिए एक निर्दिष्ट तिथि के भीतर एनटीए को एक राजपत्रित अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित अपनी तस्वीरों का वैध प्रमाण प्रदान करने के लिए कहा गया है। जेईई मेन 2025 के जारी परिणामों के साथ-साथ जेईई एडवांस्ड के लिए क्वालिफाइंग कटऑफ भी घोषित कर दी गई है। सामान्य श्रेणी के छात्रों को जेईई एडवांस्ड में बैठने के लिए कम से कम 93.10 पर्सेंटाइल की आवश्यकता होगी। वहीं, ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए कटऑफ 80.38, ओबीसी के लिए 79.43, एससी के लिए 61.15, और एसटी वर्ग के छात्रों के लिए कटऑफ 47.90 पर्सेंटाइल निर्धारित की गई है। 100 पर्सेंटाइल पाने वाले 24 टॉपरों में 22 लड़के और 2 लड़कियां शामिल हैं। इस बार के 24 टॉपर्स में से सबसे अधिक 7 छात्र राजस्थान से हैं। इनके अलावा तेलंगाना से 3, महाराष्ट्र से 3, उत्तर प्रदेश से 3, पश्चिम बंगाल से 2, दिल्ली और गुजरात से 2-2, जबकि आंध्र प्रदेश और कर्नाटक से 1-1 छात्र टॉपर्स की सूची में शामिल हैं। इस वर्ष कुल 24 छात्रों ने 100 पर्सेंटाइल हासिल किए हैं। टॉपर्स की सूची इस प्रकार है- मोहम्मद अनस, राजस्थान, आयुष सिंघल, राजस्थान, आर्किसमैन नंदी, पश्चिम बंगाल, देवदत्त माझी, पश्चिम बंगाल, आयुष रवि चौधरी, महाराष्ट्र, लक्ष्य शर्मा राजस्थान, कुशाग्र गुप्ता कर्नाटक, हर्ष गुप्ता, तेलंगाना, आदित प्रकाश भगड़े गुजरात, दक्ष दिल्ली, हर्ष झा, दिल्ली, राजित गुप्ता राजस्थान, श्रेयस लोहिया उत्तर प्रदेश, सक्षम जिंदल राजस्थान, सौरव उत्तर प्रदेश, वंगाला अजय रेड्डी तेलंगाना, सानिध्य सराफ, महाराष्ट्र, विशाद जैन महाराष्ट, अर्णव सिंह राजस्थान, शिवेन विकास तोशनीवाल गुजरात, कुशाग्र बैंगहा उत्तर प्रदेश, साई मनोगना गुथिकोंडा आंध्र प्रदेश, ओम प्रकाश बेहरा राजस्थान, बानी ब्रता माजी तेलंगाना।

# महिलाओं पर अत्याचार स्वीकार्य नहीं: विजया

**मुर्शिदाबाद, वार्ता**

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया राहतकर ने बंगाल के हिंसा प्रभावित जिलों मुर्शिदाबाद, मालदा और धुलियान पहुंचकर पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और उन्हें न्याय का भरोसा दिलाया। राष्ट्रीय महिला आयोग के अलावा राष्ट्रीय मानवा. धिकार आयोग की टीम ने भी मुर्शिदाबाद में दंगा प्रभावित लोगों से मुलाकात की। एनसीडब्ल्यू पीड़ितों को आश्वासन दिया कि भविष्य में उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केंद्र हर आवश्यक कदम उठाएगा।

एनसीडब्ल्यू प्रमुख विजया राहतकर ने पीड़ितों से कहा कि चिंता करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि केंद्र उनके साथ है। उन्होंने मुर्शिदाबाद में पीड़ितों से कहा कि हम आपकी दुर्दशा का पता लगाने आए हैं। ऐसा न सोचें कि आप अकेले हैं, देश और आयोग आपके साथ है। उन्होंने कहा कि एनसीडब्ल्यू अपनी रिपोर्ट केंद्र को सौंपेगा। पीड़ितों ने राहतकर से कहा हिंसा प्रभावित इलाकों में स्थायी बीएसएफ शिविर स्थापित किए जाएं। मानवाधिकार आयोग ने जाफराबाद इलाके में मारे गए पिता पुत्र



**मुर्शिदाबाद में दंगा पीड़ितों से मिलीं राहतकर दिया न्याय का भरोसा**

हरगोविंद और चंदन के परिजनों से भी मुलाकात की और न्याय का भरोसा दिलाया। मानवाधिकार और महिला आयोग जांच के बाद केंद्र को अपनी रिपोर्ट सौंपेगा। मुर्शिदाबाद जिले में दंगा प्रभावित शिविर में महिलाओं ने हिंसा के दिनों के दौरान अपनी दुर्दशा बताई। राहतकर ने कहा महिलाओं के ऊपर अत्याचार किए गए हैं, जो स्वीकार्य नहीं किए जाएंगे। राहतकर ने उन्हें भरोसा दिया कि भविष्य में उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केंद्र द्वारा सभी कदम उठाए जाएंगे। इससे पहले विजया ने 11 और 12 अप्रैल को मुर्शिदाबाद के शमशेरगंज, सुती, धुलियान और जंगीपुर इलाकों में भड़की हिंसा का स्वत: संज्ञान लिया था।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

## पश्चिम बंगाल की सीएम का नाम बेगम ममता हो

**नई दिल्ली।** भाजपा के फायरब्रांड नेता विनय कटियार ने कहा है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री आधी हिन्दू हैं और आधी मुसलमान, इसलिए उनका नाम बेगम ममता रख दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में हुई हिंसा के लिए राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी जिम्मेदार हैं। उनका कहना है कि सीएम ही हिंसा करवा रही हैं। उन्होंने राज्य की सीएम ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि बंगाल में हिंसा सीएम के इशारों पर हो रही है।

**पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम**
**अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल धामपुर**

पत्रांक: 156/विविमधा/ओ-2/निविदा/2025-26 दिनांक: 19.04.2025

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना दिनांक: 20.04.2025**

**निविदा सं0 एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1. 02/2025-26, वि0वि0एख0-धामपुर के क्षेत्रांतर्गत पूर्ण जमा योजना में स्वीकृत प्राक्कलनों/पैकेजों के सापेक्ष निर्धारित समयावधि के भीतर ऊर्जीकृत करने एवं नई विद्युत लाइन निर्माण, पोल/लाइन शिफ्टिंग/क्षमतावृद्धि इत्यादि कार्य, प्रपत्र शुल्क 1180 रू. धरोहर राशि: रू. 4500.
2. 03/2025-26, वि0वि0ख0-धामपुर के क्षेत्रांतर्गत 33/11 केवी उप0 धामपुर टाउन पर स्थापित 04 नग पॉवर परिवर्तको एवं उप0 बगदाद अंसार पर स्थापित 01 नग पॉवर परिवर्तक के तेल की BDV को बढाये जाने हेतु पॉवर परिवर्तकों से तेल रिसाव को रोकने एवं सैन्ट्रीफ्यूजिंग कार्य, प्रपत्र शुल्क 1180 रू. धरोहर राशि: रू. 2400.

**ई-निविदा की अंतिम तिथि: 6 मई 2025, 14:00 बजे तक**

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट htttps://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रतर सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएगी।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# हल्दौर का थानाध्यक्ष पुष्कर व दरोगा जुगेन्द्र सिंह सस्पैंड

## महिला संबंधी अपराध में बड़ी लापरवाही उजागर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एसपी अभिषेक ने हल्दौर के थाना अध्यक्ष पुष्कर सिंह मेहरा एवं चांदपुर थाने में तैनात दरोगा जुगेन्द्र सिंह तेवतिया को तत्काल प्रभाव से सस्पैंड कर उनके विरूद्ध विभागीय जांच शुरू करा दी है। जबकि क्राइम ब्रांच इंवेस्टीगेशन बिंग में तैनात निरीक्षक राजेश कुमार को हल्दौर थाने का प्रभारी निरीक्षक नियुक्त किया गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार पुलिस विभाग के द्वारा जारी प्रेस नोट में कहा गया है कि दरोगा पुष्कर सिंह मेहरा द्वारा चांदपुर में थानाध्यक्ष के पद पर नियुक्ति के दौरान महिला संबंधी अपराध में अभियोग विलम्ब से पंजीकृत किए जाने तथा पर्याप्त साक्ष्य संकलित किए बिना आरोपितों को गिरफ्तार करने एवं दरोगा जुगेन्द्र सिंह तेवतिया द्वारा वर्तमान नियुक्ति थाना चांदपुर में उक्त शिकायती प्रार्थना पत्र की जांच में बरती गई लापरवाही एवं एवं शिथिलता के फलस्वरूप अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण की जांच रिपोर्ट के आधार पर एसपी अभिषेक के द्वारा कार्यवाही की गई है।

दरोगा पुष्कर सिंह मेहरा वर्तमान में हल्दौर के थानाध्यक्ष थे। उन्हें दरोगा जुगेन्द्र सिंह तेवतिया के साथ तत्काल प्रभाव से सस्पैंड कर दिया गया है। दोनों के विरूद्ध विभागीय जांच भी शुरू की गई है। एसपी ने सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि महिला संबंधी अपराध के प्रकरण के संज्ञान में आने पर तत्काल नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाए। अन्यथा संबंधित के विरूद्ध कड़ी दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

गौरतलब है कि जिस प्रकरण में हल्दौर थाना अध्यक्ष पुष्कर सिंह मेहरा एवं चांदपुर के दरोगा जुगेन्द्र सिंह तेवतिया सस्पैंड किए गए है उस मामले में वादी ने पांच अप्रैल को चांदपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दो अभियुक्तों के द्वारा उनकी पुत्री के साथ छेड़छाड़ कर अपहरण का प्रयास किया गया। वादी की तहरीर पर मुकदमा अपराध संख्या 188/25 धारा 74/137 (2)/62 बीएनएस एवं 7/8 पोक्सो अधिनियम में पंजीकृत किया गया था। अभियोग में पीड़िता के बयान के आधार पर धारा 351 (3) बीएनएस की वृद्धि की गई थी। चांदपुर पुलिस ने इस मामले में नौ अप्रैल को नजीबाबाद के आदर्श नगर निवासी कुलवंत सिंह पुत्र गोविन्द सिंह एवं थाना नगीना के ग्राम बेलड़ी निवासी सौरभ कुमार पुत्र लल्लू सिंह को गिरफ्तार किया था।

# दिल्ली हादसे में धामपुर के भी दो युवकों की मौत, तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** दिल्ली के मुस्तफाबाद इलाके में बिल्डिंग गिरने से मारे गए 11 लोगों में धामपुर के भी एक परिवार के पांच लोग दब गए। जिनमें से दो लड़कों की मृत्यु हो गई। जबकि माता-पिता तथा बहन गंभीर रूप से घायल है। हादसे की सूचना मिलने पर धामपुर से परिजन दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं।





## दिल्ली के मुस्तफाबाद में बिल्डिंग गिरने से हुआ हादसा, परिजन दिल्ली रवाना

उल्लेखनीय है कि दिल्ली के मुस्तफाबाद इलाके में इमारत अचानक भर भराकर गिर गई। हादसे में 11 लोगों के मृत्यु का समाचार आया है। बताया जाता है कि धामपुर के नई सराय निवासी मौहम्मद शाहीद लगभग एक दशक पूर्व रोजगार के सिलसिले में परिवार सहित दिल्ली चले गए थे। धामपुर में शाहीद के चाचा सहित अन्य परिजन रहते हैं। शाहीद इस बिल्डिंग में किराए के रूप में रहते थे। हादसे में शाहीद के परिवार बिल्डिंग के मलबे में दब गया। राहत टीम ने बचाव कार्य शुरू किया, तो मलवे से शहीद के पुत्र 17 वर्षीय दानिश, 15 वर्षीय नावेद तथा 16 वर्षीय पुत्री नेहा तथा उनकी पत्नी रेहाना को गंभीर अवस्था में निकाला गया। जहां चिकित्सक ने उपचार से पहले ही दानिश तथा नावेद को मृत घोषित कर दिया। जबकि रेहाना, शाहिद तथा नेहा गंभीर घायल हैं। शाहिद के चाचा वाहिद ने बताया कि बिल्डिंग गिरने से उनके परिजनों की मृत्यु की सूचना तड़के चार बजे मिली। धामपुर से परिजन दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं। मौहल्ले में जानकारी मिलने पर शोक व्याप्त हो गया है।

## पेरूवाला में विद्युतापूर्ति बाधित होने से भारी परेशानी

**कोतवाली देहात।** शुक्रवार की रात्रि आई आंधी के चलते ग्राम पेरूवाला में नीम का पेड़ टूट कर खंभे पर गिर गया, जिसके कारण आधे गांव की बत्ती गुल हो गई। शनिवार को भी आधे गांव में विद्युत आपूर्ति सुचारू नहीं हो पाई। शुक्रवार की रात आई तेज हवा के कारण ग्राम पेरूवाला में खड़ा नीम का पेड़ टूट कर खंभे पर गिर गया। पेड़ टूटकर गिरने के कारण खंभा भी टूट गया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना विद्युत विभाग के अधिकारियों को दी। मौके पर पहुंचे विद्युतकर्मियों ने आधे गांव की विद्युत आपूर्ति सुचारू कर दी लेकिन आधे गांव की विद्युत आपूर्ति शनिवार को बाधित रही। इस संबंध में विद्युत उपकेंद्र कोतवाली देहात के अवर अभियंता बसंत कुमार ने बताया कि रविवार को नया पोल गाडकर विद्युत आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी।

## एक नजर

### काजीपाड़ा का इमरान गिरफ्तार

**बिजनौर।** वादिनी ने 17 अप्रैल को शहर कोतवाली में तहरीर दी थी कि मौहल्ला जुलाहान निवासी रिजवान पुत्र रईसुद्दीन ने शादी का झांसा देकर जबरन उसका धर्मपरिवर्तन कराया तथा उसके व उसकी पुत्री के साथ जबरन गलत काम किया। साथ ही जान से मारने की धमकी दी। अभियुक्त रिजवान के द्वारा अपने भाई इमरान से भी उसकी पुत्री के साथ गलत काम कराया गया व जबरन धर्मपरिवर्तन के लिए दबाव बनाया गया। वादिनी की तहरीर पर शहर कोतवाली पुलिस ने धारा 64/351 (3) बीएनएस एवं 3/4 पोक्सो एक्ट व 3/5 (1) उत्तर प्रदेश विधि विरूद्ध धर्म समपरिवर्तन प्रतिषेध अधि. नियम 2021 रिजवान व इमरान के विरूद्ध पंजीकृत किया था।

### दलित बस्तियों का निरीक्षण



**किरतपुर।** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग से आए सदस्य लवकुश कुमार ने क्षेत्र के शाहपुर सुक्खा, लछीरामपुर, जटनीवाला आदि गांव में घूमकर दलित बस्तियों का निरीक्षण किया व सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी ली तथा लोगों की समस्या जानी। इस मौके पर एडीओ समाज कल्याण, एडीओ आई.एस.बी, पंचायत सेक्रेटरी, हलका दरोगा समस्या सुनने के दौरान साथ रहे। इस अवसर पर जुगनेश चौधरी, दयानन्द शर्मा, रावेंद्र सिंह, आकाशदीप , कपिल कुमार आदि उपस्थित रहे।

### महिला के बैग से 40 हजार रुपये उड़ाए



**शेरकोट।** थाना क्षेत्र के ग्राम भनोटी निवासी पीड़ित महिला धनवती ने बताया कि वह अपने पति पूरन सिंह और बच्चों के साथ शेरकोट आई थी। उन्होंने बैंक से 40 हजार रुपये निकाले थे, जिन्हें उसने अपने बैग में रखा था। बाजार में खरीदारी के दौरान जब उसने अपने बैग को देखा, तो रुपये गायब थे। घटना की जानकारी होते ही खरीदारी करने आये परिजनों के होश उड़ गए। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुँची और जांच शुरू कर दी है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों की पहचान करने की कोशिश कर रही है।

### रक्तदान शिविर आज

**रेहड़।** रविवार को वादीगढ़ में केहरीपुर रोड पर स्थित प्रकाश पाली क्लीनिक पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। रक्तदान महादान के मुख्य आयोजक जिला पंचायत सदस्य दिलीप सिंह व कोऑपरेटिव सोसायटी अफजलगढ़ के चेयरमैन हुकुम सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार की सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक रक्तदान, जीवन दान व महादान शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रक्तदान करके किसी भी बीमार व्यक्ति के जीवन की रक्षा की जा सकती है। रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। उन्होंने सभी लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर रक्तदान करने की अपील की है।

# तूफान व बारिश से दीवार गिरने से दो बच्चों सहित चार घायल

## घायलों के परिवार में मचा हड़कंप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**राजा का ताजपुर।** बीती रात अचानक तेज रफ्तार तूफान व बारिश आने से आधा दर्जन घरों की दीवार गिरने से दो व्यक्ति सहित दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल होने पर परिवार में हड़कंप मच गया।

प्रात समाचार के अनुसार मौहल्ला जामा मस्जिद निवासी मौहम्मद राशिद फारूकी पुत्र मौहम्मद शाद दस वर्ष व पुत्री अदीबा के सिर पर दीवार गिरने से दोनों बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर हालत में इन दोनों बच्चों को ताजपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर डॉक्टरों ने गंभीर हालत देखते हुए हाय सेंटर रैफर कर दिया। जहां पर मौहम्मद शाद की हालत गंभीर बनी हुई है। उधर ताजपुर क्षेत्र के ग्राम के कई लोग तूफान व बारिश की जद में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए।

# पुलिस ने मुठभेड़ में दो बदमाश दबोचे

## कुम्हेड़ा में सरेआम ताबड़तोड़ फायरिंग कर फैलाई थी दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** तीन दिन पूर्व गांव कुम्हेड़ा में सरेआम ताबड़तोड़ फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले दोनों बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान हिरासत में ले लिया। मुठभेड़ में एक बदमाश के पैर में गोली लगी और एक सिपाही घायल हो गया।



प्राप्त समाचार के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम कुम्हेड़ा में 16 अप्रैल को दिनदहाड़े सरेआम दहशत फैलाने की गर्ज से राजन पुत्र नरपाल निवासी शादीपुर जोना व उसके एक अज्ञात साथी ने ताबड़तोड़ फायरिंग की थी, जिसमें ग्राम गनौरा निवासी कपिल कुमार पुत्र रामवतार जिसने दुकान कर रखी है घायल हो गया था। राजन व एक अज्ञात को नामजद करते हुए दुकानदार द्वारा घटना की तहरीर पुलिस को दे दी गई थी। तभी से पुलिस दोनों बदमाशों की तलाश कर रही थी। मुखबिर से सूचना मिली की राजन व उसका एक साथी ग्राम कुम्हेड़ा फ्लाईओवर के नीचे खड़े है। पुलिस दोनों बदमाशों को जैसे ही पकड़ने पहुंची तो दोनों बदमाश पुलिस को देख कर फरार होने लगे और पुलिस पार्टी के ऊपर फायरिंग भी किया, जिसमें एक सिपाही घायल हो गया। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की तो बदमाश राजन के पैर में गोली लग गई, जिससे वो भाग न सका। पुलिस ने दोनों बदमाशों को हिरासत में ले लिया और मेडिकल कराया। पूछताछ में दूसरे अज्ञात बदमाश ने अपना नाम आकाश निवासी मसनपुर बसेड़ा बताया पुलिस ने दोनों बदमाशों का संबंधित धाराओं में चलान कर जेल भेज दिया।

मालूम हो कि राजन आपराधिक प्रवृति का व्यक्ति है। उसके खिलाफ कई मुकदमे थाना किरतपुर में दर्ज है और कई बार जेल भी जा चुका है।

# आंधी-तूफान से सहसपुर में भारी नुकसान

## घरों की दीवारें व मम्मटी गिरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसपुर।** स्थानीय नगर के अलग-अलग मोहल्लो एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी तूफान का कहर देखने को मिला, जिसमें घरों की टीन शेड, तिरपाल, पन्नी आदि के साथ-साथ हाईवे पर पेड़ पौधे गिरे पड़े होने से बिजली विद्युत आपूर्ति, जल आपूर्ति न होने के कारण अनेक दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

वहीं मोहल्ला शेखान उत्तरी पूर्वी स्थित सर्वेश कुमार के दो मंजिला मकान पर बने जीने की (आरसीसी) सीमेंटेट मम्मटी तूफान के जद में आने से मलबा के रूप में बनकर गिर गई। सर्वेश कुमार ने बताया कि कई हजार रुपए का आर्थिक नुकसान है। सर्वेश कुमार ने कहा कि ईश्वर का लाख-लाख शुक्र है कि कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। वहीं दूसरी ओर अमीचंद कुमार की बैठक की छत पर बनी बाउंड्री नीचे गिर गई, जिससे हजारों का नुकसान हुआ।

वहीं सहसपुर के बस स्टैंड हाईवे के किनारे खड़े पीपल का पुराना पेड़ के नीचे खड़े विक्रम (थ्री व्हीलर वाहन) का स्क्रैप बन गया।

समाजसेवी अनीस अहमद अंसारी निवासी नई सराय ने बताया कि आज सुबह जब टहलने के लिए बागों की तरफ दौरे पर गए तो देखा सैकड़ों आम के पेड़ गिरे पड़े दिखाई दिए। जिससे अनुमान लगाया है कि आम की फसल वालों को भी इस बार लाखों का नुकसान पहुंच सकता है।

# हीमपुर में आंधी-तूफान से भारी तबाही

## पेड़ व ट्रांसफार्मर हुए धराशाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** शुक्रवार मध्य रात्रि आई आंधी ने हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र में जमकर तबाही मचाई, जिससे ने केवल जड़ों से पेड़ उखड़ कर गिर गए बल्कि ट्रांसफार्मर रखें खंभे भी जड़ों से उखड़ गए और ट्रांसफार्मर सड़कों पर आ गिरे। न केवल पूरे दिन और रात विद्युत व्यवस्था बाधित रही बल्कि आवागमन में भी लोगों को भारी दिक्कतो का सामना करना पड़ा।



प्राप्त जानकारी के अनुसार हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के चांदपुर-बिजनौर मार्ग स्थित ग्राम रौनिया में न केवल पेड़ जड़ों से उखड़ कर सड़क पर गिर गए बल्कि आरसीसी के पीलरों पर रखे ट्रांसफार्मर भी पीलरो सहित सड़क पर आ गिरे और विद्युत लाइन भी टूट कर सड़क पर जा पड़ी, जिससे न केवल पूरे दिन रात विद्युत व्यवस्था ठप रही बल्कि आवागमन कर रहे राहगीरों को भी इन विद्युत तारों, पेड़ों और विद्युत पोलों के सड़क पर पड़े होने के चलते भारी दिक्कत होगा सामना करना पड़ा।

वहीं इस भारी तूफान से खादर क्षेत्र में ओर अधिक नुकसान की संभवना बनी हुई है।

# मॉडर्न एरा की छात्रा जिया बानिया का युवा वैज्ञानिक के लिए चयन

## उत्तर प्रदेश से 9 छात्रों का चयन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मॉडल एरा पब्लिक स्कूल के लिए बहुत गर्व की बात है कि विद्यालय के कक्षा दसवीं की छात्रा जिया बानिया का चयन युवा वैज्ञानिक के लिए हुआ है। ज्ञातव्य है कि छात्रा इसरो कैंप के दौरान 12 दिनों का प्रशिक्षण देने बेंगलुरु में स्थित मुख्य केंद्र में जाकर उनके बीच अपना प्रशिक्षण ग्रहण करेंगी।

छात्रा का चयन युवा वैज्ञानिक के तौर पर इसरो वैज्ञानिक प्रोग्राम 2025 के तहत हुआ है। संपूर्ण भारत के राज्यों से इस प्रशिक्षण के लिए भिन्न-भिन्न छात्र-छात्राओं का चयन किया जाता है, जिसमें उत्तर प्रदेश से 9 छात्रों का चयन किया गया है। जिसमें उत्तर प्रदेश के जिला बिजनौर के एकमात्र विद्यालय मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल की छात्रा जिया बानिया का चयन युवा वैज्ञानिक के तौर पर किया गया है। विद्यालय डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉक्टर सीमा विश्वास ने छात्रा को उसकी कड़ी मेहनत, विज्ञान के प्रति रुचि को देखते हुए ढेरों बधाइयां एवं शुभकामनाओं के साथ छात्रा का मनोबल बढ़ाया। छात्रा के प्रशिक्षण का पूरा खर्च इसरो द्वारा किया जाएगा। प्रशिक्षण का केंद्र यू.आर. आर.ए.सी. सैटलाइट सेंटर बेंगलुरु में स्थित है। विद्यालय परिसर में भी इस खबर के चलते हर्षोल्लास का माहौल है और सहपाठियों में भी छात्रा जिया बानिया की तरह कुछ करने की गुजरने की लालसा जागृत हुई है ताकि वह भी अपने देश के लिए कुछ अनूठा कर दिखाएं।

# डीएम ने किया गेंहू क्रय केन्द्र का निरीक्षण

## कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में व्यवस्थाएं मिली सुव्यवस्थित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा आज तहसील नगीना के सभागार में आयोजित होने वाले संपूर्ण समाधान दिवस की समाप्ति के बाद मंडी समिति नगीना स्थित गेहूं क्रय केंद्र तथा ग्राम पुरैनी स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दोनों स्थानों पर सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित पाई गई।



सर्वप्रथम जिलाधिकारी श्रीमती कौर द्वारा मंडी समिति नगीना स्थित गेहूं क्रय केंद्र का निरीक्षण किया गया जानकारी प्राप्त करने पर बताया गया कि उक्त गेहूं केंद्र का लक्ष्य 13000 कुंटल निर्धारित है, जिसके सापेक्ष निरीक्षण के समय तक कुल 946 कुंटल गेहूं की खरीद की गई है। उन्होंने केंद्र प्रभारी को निर्देशित किया कि गेहूं की खरीदारी में अपेक्षित तेजी लाएं और निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत पूर्ति करना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान एक किसान बंधु का गेहूं तौल होता हुआ पाया गया, तौल के दौरान वजन मशीन, नमी मापक यंत्र तथा अन्य व्यवस्थाएं सही पाई गईं।

तदुपरांत जिलाधिकारी द्वारा ग्राम पुरैनी स्थिति कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान कक्षा 6 से कक्षा 8 तक की नामांकित 54 बालि. काओं में सभी बालिकाएं उपस्थित पाई गई तथा स्टाफ भी उपस्थित मिला।

विद्यालय भवन में सफाई व्यवस्था सही मिली तथा निरीक्षण के दौरान भोजन एवं पानी की व्यवस्था भी सही पाई गई।

# डीजे की धुन पर नाच रहे युवकों ने दवाई लेने जा रहे भाई-बहन को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** डीजे की धुन पर नाच रहे युवकों ने दवाई लेने जा रहे भाई-बहन के साथ जमकर मारपीट की। युवक के सिर में गंभीर चोटे आई।

थाना क्षेत्र के गांव सिकैड़ा निवासी निवास महावीर के घर उसके लड़के का मंढे का प्रोग्राम था, जिसमें महावीर ने अपने घर के सामने सड़क पर डीजे लगा रखा था। रात्रि लगभग 8:00 बजे गांव के ओमप्रकाश का पुत्र गौरव अपनी बहन लक्ष्मी को बाइक से बरूकी दवाई दिलाने के लिए जा रहा था। महावीर के घर के सामने डीजे की धुन पर नाच रहे युवकों ने गौरव की बाइक को रोक लिया तथा गौरव व उसकी बहन लक्ष्मी के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। मारपीट मे गौरव के सिर में गंभीर चोटे आई। गौरव अपने परिजनों के साथ थाने पहुंचा तथा आरोपी युवकों के खिलाफ सौंपी।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# दिलीप कुमार पिंटू का भव्य स्वागत

## कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से लादा




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आज प्रात: 11 बजे बहुजन समाज पार्टी के जिला कार्यालय में विधानसभा की एक बैठक जितेंद्र कुमार रवि विधानसभा अध्यक्ष की अध्यक्षता एवं ब्रह्मपाल सिंह विधानसभा प्रभारी के संचालन में आयोजित हुई । जिसमें धनीराम सिंह पूर्व मंत्री मुख्य मंडल प्रभारी एवं दिलीप कुमार उर्फ पिंटू जिला अध्यक्ष उपस्थित रहे।

दिलीप कुमार पिंटू जिला अध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। धनीराम सिंह पूर्व मंत्री ने निर्देशित किया कि सेक्टर कमेटी का पुनर्गठन मजबूती के साथ करें । दिलीप कुमार उर्फ पिंटू ने पुन: जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर राष्ट्रीय नेता बहन कुमारी मायावती का आभार व्यक्त करते हुए सर्व समाज को साथ लेकर संगठन को मजबूत बनाने एवं 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री बहन कुमारी मायावती को बनाने का संकल्प लिया । ब्रह्मपाल सिंह, प्रमोद कुमार विधानसभा प्रभारी, कविराज सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष, गुलाब सिंह प्रजापति, संजीव कुमार सैनी, मोहन सैनी, लोकेश कुमार, लक्ष्मण सिंह पूर्व प्रधान, अमर सिंह, बंटी कुमार, पप्पू कश्यप, ओम प्रकाश सिंह आदि उपस्थित रहे।

## पूर्व मंडल अध्यक्ष से मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

**कोतवाली देहात।** क्षेत्र के ग्राम लक्खूवाला निवासी दिनेश त्यागी पूर्व में महेश्वरी मंडल के भाजपा मंडल अध्यक्ष थे। उन्होंने थाने में तहरीर देकर बताया कि ग्राम गारोपुर निवासी एक महिला मालती पर उनके पैसे उधार थे। उन्होंने फोन पर पैसे मांगे तब मालती ने बिजनौर रोड ईदगाह के पास कबाड़ी की दुकान के पास आने को कहा। दिनेश त्यागी जब बताए हुए स्थान पर पहुंचे तब उन्होंने वहां मौजूद मालती से पैसे मांगे। तभी वहां सलाम, सुहेल व दो अन्य व्यक्ति आए और दिनेश त्यागी के साथ मारपीट शुरू कर दी।

थाने में दी तहरीर में पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश त्यागी ने बताया कि मारपीट के दौरान उनके दो मोबाइल फोन तथा दस हजार रूपए वहीं गिर गए। उन्होंने किसी तरह भाग कर जान बचाई। पुलिस ने दिनेश त्यागी का मेडिकल कराया। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# मांगों की राजाज्ञा होने तक शिक्षणेत्तर कर्मी करेंगे आंदोलन, सीएम को डाक से जाएगा मांग पत्र

## शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को हक के लिए किया जाएगा जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ के प्रदेश कार्यसमिति की लखनऊ में आयोजित बैठक में प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की लंबित मांगों पर शासनादेश जारी न करने पर रोष व्यक्त करते हुए इस शिक्षा सत्र में अपनी लंबित मांगों को लेकर एकजुटता के साथ संघर्ष करने, अपनी मांगों के मांग पत्र प्रत्येक विद्यालय से प्रदेश के मुख्यमंत्री को भिजवाने व जनपद के सभी विद्यालयों में भ्रमण कर शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को जागरूक करने, संगठन से जोड़ने, सदस्यता शुल्क प्राप्त करने का निर्णय लिया गया।

संघ के जिलाध्यक्ष मुकेश सिन्हा व जिला मंत्री योगेश कुमार ने जानक. ारी देते हुए बताया कि संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा की अध्यक्षता व प्रदेश महामंत्री संजय पुंडीर के संचालन में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से 21 अप्रैल से 20 मई तक जनपद के सभी विद्यालयों में शिक्षणेत्तर कर्मचारियों से जनसंपर्क कर उनकी समस्याओं एसीपी स्वीकृति, वेतन निर्धारण, पदोन्नति, वेतन विसंगति, बकाया अवशेष भुगतान, उत्पीड़न आदि को जानकर उनका जिला विद्यालय निरीक्षक स्तर से हल कराने, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को संगठन से जोड़ने, सदस्यता शुल्क प्राप्त करने, संगठन की जिला कार्यकारिणी को अधिक सक्रिय करने तथा 21 मई से 30 जून तक शासन में लंबित 11 सूत्रीय मांगों का मांग पत्र प्रत्येक विद्यालय से मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को पंजीकृत डाक से भेजने का निर्णय लिया गया। बैठक में जनपद स्तर से प्राप्त सदस्यता शुल्क का प्रदेश अंश प्रदेश कोषाध्यक्ष के पास जमा कराने के निर्देश दिए गये है। बैठक में जनपद के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की समस्याओं को एकत्र कर प्रत्येक माह में जिला विद्यालय निरीक्षक से संगठन की बैठक कर हल कराने व जिला स्तर पर सुनवाई न होने पर प्रदेश नेतृत्व को अवगत कराने का भी निर्णय लिया गया है। बैठक में प्रदेश न्याय समिति अध्यक्ष विश्राम सिंह यादव, प्रदेश कोषाध्यक्ष अनूप कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष कामता प्रसाद, दीपक त्रिपाठी वेदप्रकाश, राजन कुमार, नीरज पांडेय, राकेश पाण्डेय सहित प्रदेश पदाधिकारियों सहित अनेक जनपद के जिलाध्यक्ष, जिला मंत्री, मंडल अध्यक्ष, मंडल मंत्री आदि ने भाग लिया।

# विद्युत तारों के टकराने से निकली चिंगारी से गेंहू जल कर राख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** गांव कुआॅखेड़ा में बिजली के तारों के आपस में टकराने से निकली चिंगारी से नीचे गेहूं के खेत में आग लग गई। आग लगने का पता चलने पर आसपास काम कर रहे ग्रामीणों ने खेत में ट्रैक्टर चला कर आग पर काबू पाया। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक करीब दो बीघा गेंहू जलकर राख हो गया था।

गांव कुआॅखेड़ा निवासी बलविन्दर सिंह ने बताया कि उनके खेतों के ऊपर से हाईटेंशन विद्युत लाइन के तार होकर जा रहे है जो ढीले पड़े हुए है। बिजली के तारों के आपस में टकराने से निकली चिंगारी से नीचे गेहूं के खेत में आग लग गई। आग लगने का पता चलते ही आसपास के ग्रामीण एकत्र हो गए ओर आग बुझाने का प्रयास किया। जब तक खेत में ट्रैक्टर आदि चलाकर आग पर काबू पाया तब तक करीब दो बीघा गेंहू की फसल जलकर राख हो गई। पीड़ित के



अनुसार उसका आग लगने से करीब 30 हजार रूपये का नुकसान हुआ है। पीड़ित ने राजस्व विभाग से मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# समाधान दिवस में आई 35 शिकायतें

## दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा आज तहसील नगीना के सभागार में आयोजित होने वाले संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए चकबंदी अधिकारियों को निर्देश दिए कि पांच वर्ष अथवा उससे अधिक के चकबंदी से संबंधित प्रकरण किसी भी अवस्था में लंबित न पाए जाएं, उनका पूर्ण गुणवत्ता के साथ त्वरित गति से निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि चकबंदी से संबंधित प्राप्त होने वाली शिकायतों को गंभीरता से लिया जाएगा, अत: संबंधित अधिकारी पूरी जिम्मेदारी के साथ चकबंदी के वादों को निस्तारित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश शासन की स्पष्ट मन्शा है कि सम्पूर्ण समाधान दिवस सहित जनसामान्य की शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाए ताकि उन्हें राहत प्राप्त हो।




जिलाधिकारी श्रीमती कौर आज तहसील नगीना के सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रहीं थीं। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशों के अनुपालन में आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस के आयोजन का उद्देश्य है कि एक ही स्थान पर जिला स्तरीय समस्याओं का निस्तारण उपस्थित अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही निस्तारित करने का प्रयास किया जाए और यदि किसी कारणवश यह संभव नहीं है, तो पूर्ण गुणवत्ता के साथ एक सप्ताह में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया जाए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसामान्य की शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि अधिकारीगण शिकायतों के निस्तारण के अहम कार्य को पूरी गम्भीरता और जिम्मेदारी के साथ लें और पूरे मानक के साथ निर्धारित अवधि में शिकायतों का शिकायतकर्ता की संतुष्टि की आख्या के साथ निराकरण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शासन की स्पष्ट मंशा है कि प्रदेश के नागरिकों को शासकीय योजनाओं एवं विकास कार्यों का लाभ पहुंचे और कोई भी पात्र व्यक्ति जन कल्याणकारी योजनाओं के फायदे से महरूम न रहे। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी अधिकारी प्राप्त शिकायतों को पूर्ण गुणवत्ता और मानक के साथ निस्तारित करना सुनिश्चित करें और शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी निश्चित रूप, से प्राप्त कर लें, शिकायतकर्ता को संतुष्ट किये बिना शिकायत का निस्तारण स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने निर्देश दिये कि यदि किसी शिकायत का निस्तारण किया जाना सम्भव नहीं है, तो उसका स्पष्ट कारण लिखते हुए शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाए ताकि वे अपनी शिकायत को पुन: प्रेषित न कर सके।

नगीना में आयोजित होने वाले संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर आज कुल 35 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 02 शिकायतों का मौके पर ही विभागीय अधिकारियों के माध्यम से निराकरण करा दिया गया तथा शेष के गुणवत्तापरक व समयबद्धता के साथ निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

इस अवसर पर एसडीम आशुतोष जैसवाल, उपाधीक्षक पुलिस सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति की मासिक पंचायत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आज कलेक्ट्रेट बिजनौर में भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति की मासिक पंचायत आयोजित की गयी।

जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत के नेतृत्व में भा.कि.यू. लोकशक्ति पदाधिकारी व कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट बिजनौर पहुंचे और मासिक पंचायत में विभिन्न किसानी मुद्दों पर चर्चा की गयी और किसानों की प्रमुख समस्याओं से जिलाधिकारी बिजनौर को अवगत कराया।

मासिक पंचायत को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत ने बताया कि सरकारों द्वारा किसानों की अनदेखी की जा रही है। ना तो किसानों को उनकी फसलों का उचित मूल्य मिलता और ना ही समय से भुगतान मिलता है। सरकारों को केवल उद्योगपतियों का भला करना है किसानों से कोई मतलब नहीं है। आवारा पशुओं और जंगली जानवरों से किसानों के जान माल को खतरा बना रहता है। लेकिन शासन प्रशासन किसानों को कोई भी राहत देने में लगातार नाकाम साबित हो रहा है।

ऐसे में किसानों की आर्थिक स्थिति भी दयनीय बनी हुई है। और जब किसान अपने हितों की रक्षा के लिए धरना-प्रदर्शन करता हैं तो उसे प्रशासन की लाठियों और मुकदमों का इनाम दिया जाता है। जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति संगठन किसी भी किसान का शोषण कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए भाकियू लोकशक्ति पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी जसजीत कौर को किसानों की विभिन्न प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया और समस्याओं का एक मांग पत्र सौंपा। जिलाधिकारी ने जिला स्तर की सभी समस्याओं का समाधान करने और शासन स्तर की सभी मांगों से शासन को शीघ्र अवगत कराने का आश्वासन दिया।

# पश्चिम बंगाल में हिंदू समाज पर हो रहे अत्याचारों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आज राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ जनपद बिजनौर के जिला अध्यक्ष पंडित विभोर कौशिक एड. के नेतृत्व में महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित एक ज्ञापन पश्चिम बंगाल में हिंदू समाज पर हो रहे सुनियोजित अत्याचारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई व अनुच्छेद 356 के अंतर्गत राष्ट्रपति शासन लागू करने हेतु दिया गया।

ज्ञापन देने में राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ बिजनौर के नगर अध्यक्ष पंडित तुषार शर्मा, रविकांत कौशिक, तरुण भारद्वाज, निशांत शर्मा, अमित शर्मा, हार्दिक मिश्रा, रजत दीक्षित, सतीश शर्मा, अंकित भारद्वाज, अभिषेक पाराशर, मोहित शर्मा, रोहित भारद्वाज, आयुष, यश,




मनोज शर्मा, एड. पवन शर्मा, अभिषेक भारद्वाज, देवदीप, दीपक वशिष्ठ आदि लोग उपस्थित रहे।

## पखनपुर में हनुमान मूर्ति की स्थापना

**नगीना।** ग्राम पखनपुर में पुराने पंजाब नेशनल बैंक के सामने शिव मंदिर पर ललित चौहान ने पूरे परिवार के सहित हनुमान जी की मूर्ति स्थापित की। पंडित संगम शर्मा द्वारा ललित चौहान और उनकी पत्नी रीता देवी ने जजमान के रूप में हवन पूजन कराई। उन्होंने परिवार की महिलाओं के साथ मिलकर कलश यात्रा को अपने निवास स्थान से पखनपुर, निजामपुर, देवसी, हैजरपुर, वीरचंद आदि मोहल्लों से होते हुए हनुमान मूर्ति की शोभायात्रा निकाली।

**Name Change Information**

Have Changed My Name From Jamshed To (MOHD JAMSHED) Son of Shri Shakir Ahmad S/O (SHAKIR AHAMAD) Resident- Mohalla Molviyan Sahaspur, Thana- Seohara (District-Bijnor) Uttar Pradesh, Pin Code No.-246745.

In Future I Should Be Known And Identified By This Name Only.

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र उदित कुमार उर्फ टिंकू व उसकी पत्नी श्रीमती प्रियंका का व्यवहार मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के साथ अच्छा नहीं है। बार-बार मारपीट करते रहते है। गलत सोसायटी में बैठने की वजह से हमारे कहने में नहीं है और सब घरवालों को जान से मारने की धमकी देता है। मेरा पुत्र या पुत्रवधू कोई भी क्रय विक्रय या कोई अपराध करते है, तो उसका मैं कोई जिम्मेदार नहीं हूं। वो खुद उसका जिम्मेदार होंगे।

**हरिओम पुत्र श्री विक्रम सिंह, निवासी मौहल्ला भुड्ढी, कस्बा व थाना किरतपुर, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर**

# पैजनिया में बदमाशों ने दिनदहाड़े मचाया तांडव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिजनौर।** जेल से रिश्तेदार की मिलाई कर लौट रहे बाइक सवार तीन युवकों को पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। जहां दिनदहाड़े बिजनौर नूरपुर हाइवे पर यह खूनी संघर्ष हुआ। वहीं इस तांडव में कानून व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है। कार एवं तीन बाइकों पर सवार आधा दर्जन से अधिक नकाबपोश युवकों ने दिनदहाड़े लाठी डंडों एवं तमंचों की बटों से गेहूं के खेतों में दौड़ा-दौड़ा कर पीटा और लाठी डंडों से उनकी बाइक को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। हाईवे के किनारे हुई घटना से



बिजनौर-मुरादाबाद हाईवे पर करीब आधा घंटा जाम लगा रहा और वाहन चालकों में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया। आसपास के खेतों में गेहूं की कटाई कर रहे किसानों के शोर मचाने पर आरोपी पैजनिया चौराहे से चांदपुर की ओर फरार हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची डायल 112 एवं पैजनिया चौकी पुलिस के जवानों ने तीनों घायलों को उपचार के लिए बिजनौर के हायर सेंटर में भेजा है।

शनिवार को थाना अमरोहा देहात के गांव मिलक निवासी शिवधेश पुत्र सुखबीर सिंह, अमरोहा के मोहल्ला कोठीपुरा निवासी त्रिवेंद्र पुत्र हरपाल सिंह व अमरोहा देहात के गांव



पितुपुरा निवासी लोकेश पुत्र भोपाल अमरोहा देहात के गांव सकैनी निवासी बिजनौर जेल में बंद अपने रिश्तेदार रणवीर सिंह पुत्र रामपाल सिंह की मिलाई करके वापस लौट रहे थे। जब तीनों बिजनौर-मुरादाबाद मार्ग पर पैजनिया चौराहे से पहले आम के बाग के सामने पहुंचे। इस दौरान काले रंग की कार ने मिलाई कर लौट रहे तीनों युवकों की बाइक में टक्कर मार कर गिरा दिया और कार एवं तीन बाइकों पर सवार आधा दर्जन से अधिक युवकों ने तीनों युवकों को सड़क के किनारे गेहूं के खेत में ले जाकर लाठी डंडे एवं तमंचों की बटों से दौड़ा दौड़ा कर



पीटा। घायल लोकेश ने बताया कि तीन युवकों के मारपीट के दौरान नकाब हटने पर अमरोहा के नंगलिया गांव निवासी अंकज और अमरोहा के गांव बिकिनी निवासी पुष्पेंद्र और हरेंद्र की पहचान हुई है, जिनका जेल में बंद रणबीर से विवाद बताया जा रहा है। पैजनिया चौराहे के दुकानदारों ने बताया कि गाड़ी एवं तीन बाइकों पर सवार नकाबपोश युवक तेजी से चौराहे से चांदपुर मार्ग की ओर फरार हो गए। इस दौरान वे एक रोडवेज बस की चपेट में आने से भी बाल बाल बच गए।

इस संबंध में हल्दौर थाना अध्यक्ष पुष्कर सिंह मेहरा ने बताया कि घटना की जांच कर आरोपियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। फिलहाल घायलों का उपचार कराया जा रहा है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, धामपुर ( बिजनौर )**
**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा समस्त हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वार्ड सं. 09 के सम्पत्ति संख्या 36 जो पालिका के गृहकर / जलकर अभिलेखों में श्री गौरी शंकर पुत्र लल्लू सिंह के नाम दर्ज है। अत: श्री गौरी शंकर पुत्र लल्लू सिंह का नाम निरस्त कर श्री आशीष बिश्नोई पुत्र स्वर्गीय विजय प्रकाश का नाम दर्ज किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र विचाराधीन है। इस सम्बन्ध में इस सूचना के प्रकाशन के तीस दिवस तक आपत्ति पालिका कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है। तत्पश्चात समयोपरान्त सामान्य कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र भूपेन्द्र कुमार व उसकी पत्नी नेहा मेरे व मेरी पत्नी के साथ आए दिन अभद्र व्यवहार करते हैं। मैंने समझाने की काफी कोशिश की, परन्तु वह मानने को तैयार नहीं है। इनके इसी तरह के व्यवहार से तंग आकर मैं इनको अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए अपने संबंध विच्छेद करता हूं। आज के बाद से इनसे मेरा कोई मतलब वास्ता नहीं रहा है। इनके द्वारा किए गए जो भी अच्छे-बुरे कार्य होंगे, उनके वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**रामगोपाल सिंह पुत्र बिहारी सिंह निवासी ग्राम व पोस्ट सुआवाला, परगना अफजलगढ़, तहसील धामपुर, जनपद-बिजनौर, उ.प्र.**

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र मौ. आबिद गलत संगत में पड़ गया है। जिसका चाल-चलन अच्छा नहीं है। मौ. आबिद आये दिन मेरे साथ गाली-गलौच व मारपीट करता रहता है। इस कारण मैंने अपने पुत्र मौहम्मद आबिद को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज दिनांक 19.04.2025 के बाद मौ. आबिद के किसी भी गलत कृत्य के लिए मैं जिम्मेदार नहीं होऊंगा। बल्कि यह स्वयं जिम्मेदार होगा। मैंने अपने पुत्र मौ. आबिद से अपना हर प्रकार का ताल्लुक वास्ता खत्म कर दिया है। **नूर अहमद पुत्र इनायतुल्ला, निवासी ग्राम व थाना मण्डावली, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम SHAJID से बदल कर SHAJID AHMAD रख लिया है। अब मुझे भविष्य में SHAJID AHMAD इसी नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

SHAJID AHMAD S/O HANIF
R/O MOH. AHAMAD KHEL TOWN
KIRATPUR DISTT. BIJNOR

# नहर में डूबे जीशान व आदिल का वीडियो वायरल

## मस्ती के कुछ पलों में चली गई दोनों दोस्तों की जान





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** झालू क्षेत्र में दो युवकों की नहर में डूबने से हुई मौत का वीडियो अब सामने आ चुका है। यह वीडियो हादसे के वक्त का बताया जा रहा है, जिसमें दोनों युवक नहर में कूदते नजर आ रहे हैं। कुछ ही पलों बाद दोनों डूब जाते हैं। हादसे के बाद से क्षेत्र में शोक की लहर है और सोशल मीडिया पर यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है।

धामपुर के नई बस्ती नई सराय निवासी जीशान तथा आदिल मोहल्ले के ही निवासी एक युवक की बारात में शामिल होने के लिए बिजनौर गए थे, वहां से वापस लौटते समय कई युवक झाल स्थित नहर में नहाने के लिए रुक गए थे। गर्मी से राहत पाने के लिए दोस्तों ने नहर में उतरने का फैसला किया। लेकिन पानी की गहराई और तेज बहाव को नजरअंदाज कर दिया गया। वायरल वीडियो में दिख रहा है कि युवक मस्ती में नहर में छलांग लगाते हैं और कुछ ही पलों में डूब जाते हैं।

चश्मदीदों का कहना है कि नहर के किनारे मौजूद लोगों ने बचाने की कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। सूचना के बाद पुलिस और गोताखोर मौके पर पहुंचे और अगले दिन दोनों शवों को बरामद किया गया। जहां शुक्रवार को दोनों को सुपुर्दे खाक किया गया।

### गर्मी से राहत जरूरी लेकिन सुरक्षा पहले

हर साल गर्मी के मौसम में नहरों और नदियों में डूबने की घटनाएं बढ़ती हैं। युवा भी सावधानी को दरकिनार करते हुए बड़ी घटना के साथ जूझ जाते हैं। जीशान तथा आदिल की मौत का भी लापरवाही बड़ा कारण सामने आ रहा है। प्रशासन बार बार अपील करता है कि सावधानी बरतें और असुरक्षित स्थानों पर न नहाएं। लेकिन इसके बावजूद लगातार घटनाएं बढ़ रही हैं।

# नॉर्थ इंडिया कराटे ताइक्वांडो चैम्पियनशिप के लिए प्रियंका स्कूल के चार विद्यार्थियों का चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** प्रियंका मॉडर्न स्कूल से चार विद्यार्थी अंशु चौहान, अंश किशोर, रोहन और भव्य राणा का चयन 20 अप्रैल को दिल्ली में आयोजित नॉर्थ इंडिया कराटे ताइक्वांडो चैम्पियनशिप के लिए हुआ है। इस खबर से विद्यालय परिसर में हर्ष और उल्लास का वातावरण बना हुआ है।



इस अवसर पर स्कूल निदेशक राणा प्रियंकर सिंह, प्रशासिका अदिति सिंह, प्रधानाचार्य डी.एस. नेगी और सीनियर कॉर्डिनेटर राजीव चौहान आदि ने इन उदीयमान खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आगामी चैम्पियनशिप के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।

कोच सलीम अहमद ने बताया कि ये छात्र कराटे और ताइक्वांडो में जिला बिजनौर के बहुत ही प्रतिभावान खिलाड़ी हैं, जो रात-दिन कड़ी मेहनत कर रहे हैं। प्रधानाचार्य डी.एस. नेगी ने कोच और खिलाड़ियों को चौम्पिनशिप में भागीदारी के लिए विदा करते हुए कहा कि हम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

## हज आजमीनों का टीकाकरण व ट्रेनिंग कैम्प 21 को

**नजीबाबाद।** नगर पालिका परिषद के चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम की ओर से हर साल की तरह इस साल भी हज आजमीनों के लिए टीकाकरण व हज ट्रेनिंग कैम्प का आयोजन शहर के कासमिया इंटर कॉलेज में 21 अप्रैल को सुबह साढ़े सात बजे से किया जाएगा। इंजीनियर मुअज्जम की ओर से पिछले 24 साल से लगातार इस कैम्प के माध्यम से हज पर जाने वाले आजमीनों की खिदमत की जा रही है। यह जानकारी मौहम्मद हाशिम ने दी।

## वजीरपुर मंढईयो के मुख्य मार्ग का महाराजा शूर सैनी मार्ग के रूप में नामकरण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सूर्यवंशी सैनी संगठन की ओर से ग्राम वजीरपुर मंढईयो के मुख्य मार्ग का महाराजा शूर सैनी मार्ग के रूप में नामकरण किया गया।

संगठन संस्थापक शिवम सैनी ने उपस्थित सैनी समाज का आह्वान किया कि वह अपने बेटों और बेटियों को उचित एवं प्रभावी शिक्षा दिलाते हुए उन्हें सफलताओं के चरम शिखर पर पहुंचाने का संकल्प लें, ताकि वह अपने भीतर छिपी हुई प्रतिभा के आधार पर प्रगति एवं उन्नति के पथ पर अग्रसर रहते हुए परिवार समाज देश और राष्ट्र को गौरवान्वित होने का अवसर दिला सके। उन्होंने ग्रामीणों से अपने ग्राम के मुख्य मार्ग का आज से ही महाराजा शूर सैनी मार्ग के रूप में उच्चारण करने तथा पत्र व्यवहार आदि में भी इसी नाम का उल्लेख करने का भी आह्वान किया। जिलाध्यक्ष सुरेश सैनी, सोनी सैनी, नगराध्यक्ष गौरव सैनी, प्रशांत सैनी, पवन सैनी, अखिलेश सैनी, अंकित सैनी, मास्टर मनोज सैनी, डेविड कुमार, ग्राम प्रधान बीरबल सैनी आदि ने विचार रखें।

# कार्यक्रम में सहयोग करने वाले सेवादार सम्मानित

### महंत राहुल अग्रवाल ने पहनाए पटके



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** संकट मोचन श्री सिद्धेश्वर बालाजी धाम में आयोजित सम्मान समारोह मे दो दिवसीय श्री बालाजी महाराज के जन्मोत्सव एवं 20 वे वार्षिक उत्सव मे सक्रिय योगदान देने वाले सेवादारों को जय जयकार के बीच सम्मानित किया गया।

संकट मोचन श्री सिद्धेश्वर बालाजी धाम परिसर में आयोजित सम्मान समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथियों एवं विशिष्ट अतिथियों पूर्व पालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता, हिंदू युवा वाहिनी के मंडल प्रभारी डॉ. एनपी सिंह, धाम के संस्थापक एवं संरक्षक विजेंद्र गोयल, समाजसेवी अशोक अग्रवाल, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, डॉ. ए के सक्सेना, धार्मिक संस्था श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल के अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, आर्किटेक्ट अनिल कुमार पाल आदि ने पारंपरिक जयकारों के सामूहिक उद्घोष के साथ किया। महंत राहुल अग्रवाल ने पटके पहनाकर सम्मानित किया।

हरिश्चंद्र सैनी कैटर्स, अनंत नंदन रस्तोगी, सचिन सहरावत, टीकाराम जैन, सभासद मनोज गोयल, सतीश राणा, जगदीश अरोड़ा, सीमा अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, सुशीला देवी, मीनाक्षी रानी, सीता रानी आदि शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर कार्यवाह आजाद वीर सिंह एडवोकेट ने किया।

# मौत बनकर दौड़ रहे ईंटों से भरे ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्राले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** सड़कों पर ईंटों से भरे ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्राले मौत बनकर दौड़ रहे है। जिनसे हर समय दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। आरटीओ बिजनौर के संरक्षण में यह सब चल रहा है।

बताया जाता है कि गैर जनपदों से आ रही ईंटों की ओवरलोड ट्रॉलियों से पांच हजार रुपये प्रति ट्रॉली के हिसाब से एंट्री फीस वसूली जा रही है। नजीबाबाद में गैर जनपदों से ईंटों से भरी ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रालियां आ रही है। जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्राली चालक आरटीओ बिजनौर पर आरोप लगा रहे हैं कि वह प्रत्येक महीने एआरटीओ को एक ट्रैक्टर-ट्राली से पांच हजार रुपये एंट्री फीस के नाम पर दे रहे हैं, जिससे वह यहां पर आसानी से ओवरलोड ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रालियां लाकर यहां बेच रहे हैं। गैर जनपदों की ईंट यहां बिकने से स्थानीय भट्टा स्वामियों के लिए भारी चिंता का विषय बना हुआ है। क्योंकि बाहर की ईंटें यहां बिकने से उनकी ईंटें नहीं बिक पा रही है। भट्ठा स्वामियों ने पूर्व में इस संबंध में नजीबाबाद तहसील के अधिकारी से लेकर डीएम बिजनौर तक ज्ञापन दिए थे। डीएम ने एआरटीओ को उक्त पत्र पर कार्रवाई के लिए भेजा था। मगर फिर भी अभी तक इन ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रालियों पर कोई रोक नहीं लग पाई हैं। जब इस संबंध में एआरटीओ बिजनौर से बात करने का प्रयास किया गया, तो उनसे संपर्क नहीं हो पाया।

### हर समय दुर्घटनाओं का खतरा बना

# कंपोजिट विद्यालय में मुखौटा प्रतियोगिता

## चयनित बच्चे ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में करेंगे प्रतिभाग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** क्षेत्र के तीबडी कंपोजिट विद्यालय में मुखौटा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

शासन के आदेश अनुसार न्याय पंचायत स्तरीय मुखौटा प्रतियोगिता का आयोजन कंपोजिट विद्यालय तीबड़ी में प्रतियोगिता प्रभारी शेफाली सिंह के नेतृत्व में किया गया। जिसमें न्याय पंचायत तीबड़ी के लगभग सभी विद्यालयों से चयनित बच्चों ने प्रतिभाग किया।

बच्चों ने अपनी अपनी रुचि के अनुसार बड़े ही उत्साह से मुखौटे बनाए। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में संतोष कुमार व पूजा द्वारा प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में अफशान कंपोजिट विद्यालय तीबड़ी, बालिका वर्ग में आलिया कंपोजिट विद्यालय तीबड़ी, उच्च प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में नितिन कंपोजिट विद्यालय तीबड़ी बालिका वर्ग में अनम कंपोजिट विद्यालय तीबड़ी का चयन किया गया। सभी बच्चे को ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

कक्ष निरीक्षक के रूप में किरनलता, आलोक कुमार व धर्मेंद्र कुमार तथा व्यवस्था को रोचक बनाने में मनीषा, मौ. अतीक, मंजू, राहुल, राजबाला, वंदना व शाजिया का सहयोग रहा।

## मीरी पीरी में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता



**अफजलगढ़।** मीरी पीरी खालसा अकादमी अगवानपुर अफजलगढ़ में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों को चार हाउस-हरि सिंह नलुवा, बाबा दीप सिंह, बाबा बंदा सिंह, बहादुर व अकाली फूला सिंह में बांटा गया। सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर प्रतियोगिता में भाग लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनप्रीत सिंह संधू ने प्रतियोगिता के नियमों को समझाकर संचालन किया व विद्यालय के अध्यापिका ज्योति कौर ने सामान्य ज्ञान के प्रश्नों को प्रत्येक हाउस के विद्यार्थियों से क्रमानुसार पूछा। इस सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में बाबा दीप सिंह जी हाउस के विद्यार्थी गण-अनुरीत कौर, हरमीत कौर, निमरत कौर, गुरच.ेत सिंह, मनिंदर सिंह और वंशदीप सिंह ने प्रथम स्थान व बाबा बंदा सिंह बहादुर सिंह के विद्यार्थी गण-अर्शदीप कौर, मन्नत कौर, गुरजोत सिंह, इश्मीत सिंह, अभिजोत कौर और सिमरत कौर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में अध्यापक जगदीप सिंह, नवदीप सिंह, नीलम, मुगीश अंसारी, मोहित कुमार, जसपाल सिंह व मीरी पीरी परिवार के आदि अध्यापकगण उपस्थित रहे।

## एक नजर

### मधुमक्खियों के हमले से महिला घायल

**नांगल सोती।** नांगल में गंगा घट्टी के पास स्थित मौहल्ला कश्यपयान की निवासी राधा देवी (31 वर्ष) पत्नी पवन कश्यप शनिवार की सुबह लगभग पौने आठ बजे खादर क्षेत्र स्थित अपने खेत पर काम करने के लिये पैदल जा रही थी। रास्ते में गंगा मंदिर के समीप खड़े आम के पेड़ों पर मधुमक्खियों का बहुत बड़ा छत्ता लगा हुआ था। जब महिला वहां से गुजरी तो मधुमक्खियों ने उस पर हमला कर दिया। मधुमक्खियों ने महिला को बहुत बुरी तरह से काटा है। महिला पर मधुमक्खियों के हमले को देखकर अन्य राहगीर वहां से भाग खड़े हुए। महिला ने किसी तरह से भागकर अपनी जान बचाई। किसी ने इसकी सूचना फोन पर महिला के पति पवन कश्यप को दी। वो मोटरसाइकिल लेकर गया और बुरी तरह से घायल अपनी पत्नी को लेकर आया। चिकित्सक से उपचार कराया गया। पवन कश्यप ने बताया कि उसकी पत्नी के शरीर में जगह-जगह मधुमक्खियों के डंक घुसे हुए हैं। बस गनीमत यह रही कि मधुमक्खियों ने मुंह के अंदर घुसकर नहीं काटा है।

### बीरूवाला में अवैध खनन की जांच

**नजीबाबाद।** क्षेत्र के ग्राम बीरूवाला में आवंटित खनन पट्टे पर धड़ल्ले के साथ अवैध खनन की शिकायत पर जिला प्रशासन की ओर से गठित की गई जांच टीम ने स्थलीय निरीक्षण किया। जिससे खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया। टीम ने अवैध खनन की शिकायत पर मौके पर पैमाइश कर जांच पड़ताल की। कई दिन पूर्व एक भाजपा नेता ने एसडीएम को पत्र देकर बीरूवाला में खनन पट्टे की आड़ में अवैध खनन करते हुए निर्धारित खनन पट्टे सीमा से बाहर क्षेत्र में कई फिट गड्ढे खोदकर अवैध खनन करने का आरोप लगाया था।

### गुड फ्राइडे पर शोभायात्रा निकाली

**नजीबाबाद।** गुड फ्राइडे के अवसर पर नजीबाबाद के स्थानीय ईसाई समाज ने सेंट मैरी चर्च में विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की। प्रभु ईसा मसीह के सूली पर बलिदान को याद दिलाने वाले गुड फ्राइडे पर संदेश देते हुए सेंट मेरी चर्च के सहायक पल्ली पुरोहित फादर एंटनी ने कहा कि प्रभु ईसा मसीह का बलिदान आज भी प्रेरणा देता हैं। यह दिन सिर्फ ईसाई समाज के लिए ही नहीं बल्कि संपूर्ण विश्व के लिए शांति, प्रेम, क्षमा व सम्मान का संदेश देता है। चर्च में प्रभु यीशु मसीह का दुख भोग और सूली पर मृत्यु की वर्णन वाले प्रार्थना सभा के बाद कोटद्वार रोड से रायपुर चौराहा होकर सेंट मैरी स्कूल के प्रांगण से विभिन्न झांकियों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा वापस सेंट मेरी चर्च पहुंच कर समाप्त हो गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चर्च के पल्ली पुरोहित फादर डॉक्टर साबू थॉमस, फादर डेविस, फादर राजू, फादर जोसेफ, सिस्टर लिसी, सिस्टर रोज, सिस्टर अंजलि, लांसि, अजय पाल, थॉमस, सीबी जॉन, मांसी, श्रीमती विक्टोरिया व एलेक्स पॉल उपस्थित रहे।

### चौकी के सिपाही की जांच कराने की मांग

**नजीबाबाद।** सुहेलदेव समाज पार्टी के जिला सदस्यता प्रभारी रणवीर सिंह निराला ने सीओ को एक पत्र देकर जाब्तागंज पुलिस चौकी पर तैनात एक सिपाही पर गंभीर आरोप लगाते हुए मामले की जांच कराकर उसके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि उक्त सिपाही का उनके ग्राम मुअज्जमपुर तुलसी गढ़ी कछियाना में एक शादीशुदा महिला के घर में आना-जाना है। कुछ लोगों ने इसका विरोध किया, तो सिपाही ने उन्हें डरा धमका कर उनके खिलाफ शांतिभंग की धाराओं में कार्रवाई करा दी, जिससे गांव में रहने वाले कुशवाह समाज के लोगों में रोष व्याप्त है। उन्होंने बताया कि शिकायती पत्र के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

### मारपीट करने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**चांदपुर।** क्षेत्र के ग्राम पाडला निवासी रेखा पत्नी सतवीर ने चांदपुर पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कहा कि 15 अप्रैल की शाम सवा पांच बजे के करीब जब वे जंगल से गेहूं काटकर घर लौट रही थी, तो रास्ते में उसे पता चला कि उसके घर पर बच्चों के साथ कुछ लोग मारपीट कर रहे हैं। जैसे ही वह अपने घर पहुंची, तो आरोपियों ने उसे व उसकी बच्चियों को बुरी तरह मारा। पुलिस ने महिला के प्रार्थना पत्र के आधार पर आरोपी अंकुर पुत्र राजपाल उर्फ राजू, सौरभ पुत्र मदन सिंह, राकेश कुमार पुत्र दीपावली सिंह, राम सिंह पुत्र पतराम सिंह के विरुद्ध मुकदमा अपराध संख्या 222/2025 भारतीय न्याय संहिता की धारा 115/ 352(3) के अंतर्गत कायम कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

## आंधी से खजूर का पेड़ गिरा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** आंधी और तूफान से 50 वर्ष पुराना खजूर का पेड़ गिरा तो वहीं बिजली के खंभे से लेकर छजली के नीचे खड़ी कार पर दीवार गिरी लाखों का हुआ नुकसान

प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार की देर रात्रि में आंधी और तूफान इतना तेज था कि नगर वे क्षेत्र के तमाम ऐतिहासिक पेड़ भी गिर गए। वहीं बिजली के खंभे भी गिरे, जिसके चलते कई घंटे तक बिजली गायब रही। मौहल्ला इकबाल नगर निवासी इंडियन बेकरी के संचालक अकरम अंसारी ने अपने घर के सामने गांधी आश्रम की दीवार से लगाकर अपनी सेंट्रो कार खड़ी कर रखी थी। तेज आंधी के चलते छजली पर खड़ी दीवार भी गिर गई। दीवार गिरने से गाड़ी की छत पूरी टूट गई और गाड़ी के दोनों आगे पीछे के शीशे भी टूट गए, जिससे अकरम अंसारी को हजारों रुपए का नुकसान हो गया। मोहल्ला मिल्कियान में आफाक ठेकेदार के घर के पास करीब 50 वर्ष पुराना खजूर का पेड़ खड़ा हुआ था। आंधी इतनी तेज थी कि खजूर के पेड़ को भी गिरा दिया। खजूर का पेड़ बड़ा होने के कारण कई घरों पर जा गिरा, जिससे घरों में रहने वालों के साथ कोई हादसा तो नहीं हुआ लेकिन उन सभी के घरों में काफी नुकसान हो गया।

वहीं नगर पालिका अध्यक्ष शेख फैसल वारसी के द्वारा आंधी और तूफान से गिरे नगर पालिका के खंभे को सही करने का कार्य रात को ही जारी कर दिया था।

# तेज आंधी और बारिश से भारी नुकसान

## सड़कों पर बड़ी संख्या में जहां-तहां गिरे पेड़, बिजली व्यवस्था भी ठप रही

**मौहम्मद हनीफ**

**चांदपुर।** गत रात्रि अचानक आई तेज आंधी और तूफान के साथ बारिश ने बुरा हाल कर डाला। देखते ही देखते सड़कों पर खड़े पेड़ उखड़ गए। बिजली व्यवस्था ठप हो गई। मकानों दुकानों के टीन टप्पे उड़ गए। किसी तरह लोगों ने यहां वहां भाग कर अपनी जान बचाई। लेकिन इस बीच फिर भी कई मकानों, दुकानों की दीवारें भरभराकर गिर गई। इस आंधी तूफान से नागरिकों को बड़ा नुकसान भी उठाना पड़ा।

चांदपुर में बिजनौर रोड, जलीलपुर रोड पर बारिश के साथ आंधी तूफान के पुराने से पुराने पेड़ गिर गए। इस आंधी के साथ बारिश होने से किसानों के खेतों में खड़ी गेहूं की फैसले बर्बाद हो गई। कई जगह बिजली की कई लाइनों पर पेड़ गिरने से बिजली व्यवस्था ठप हो गई। स्थानीय प्रशासन द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए सड़कों पर गिरे पेड़ हटवाये गए और किसी तरह बिजली व पानी व्यवस्था सुचारु कराई। वन विभाग ने अपना काम किया, तो नगर पालिका ने तुरंत ही सिटी व बाहरी छोरों पर मार्गों पर गिरे पड़े और उड़ कर आए टीन टप्पों व अन्य मलबे को हटवाने का कार्य किया। लेकिन इस बीच कुछ लकड़ी माफियों ने मौके का फायदा उठाया। जिन्होंने सड़कों पर जंगलों में गिरे कीमती पेड़ों को काटकर गायब कर दिया और घरों में छुपा लिया। इस बारे में वन विभाग सक्रिय रहा। लेकिन कोई खास सफलता नहीं मिल पाई। रात को आई तेज आंधी तूफान और बारिश के साथ हुए नुकसान का अनुमान तो नहीं लगाया जा सकता, लेकिन नुकसान का आंकड़ा काफी ज्यादा रहा। नगर में चल रही दो मेला प्रदर्शनी में दुकानों, होटल, खेल-खिलौने के टीन टप्पे उड़ गए। पर्दे फट गए। सामान खुर्द बुर्द हो गया। जिसे एकत्र करने में प्रदर्शनी ठेकेदार एवं दुकानदारों को बड़ी परेशानी उठानी पड़ी। नगर के कुछ बैंकट हॉल में शादी प्रोग्राम में भी आंधी ने जमकर उधम मचाया।



बास्टा रोड पर झालू निवासी शराफत हुसैन ने बताया कि जब वे एक बैंकट हाल में जहां खाना खा रहे देखते ही देखते लोगों में भगदड़ मच गई। इस आंधी तूफान के कारण सबसे ज्यादा चांदपुर में स्याऊ रोड पर पेड़ उखड़ कर सड़कों पर आ गिरे। दतियाना रोड, धनौरा रोड, नूरपुर रोड, हल्दौर रोड, कोई सा ऐसा रोड नहीं बचा जहां पर पेड़ सड़कों पर न गिरे पड़े हो। जिन्हें तहसील प्रशासन में वन विभाग की टीमों ने उठाने का काम करते हुए मार्गों की अवरुद्धता को दूर किया और यातायात व्यवस्था सामान्य बनाई।

विद्युत विभाग कर्मचारियों ने कड़ी मेहनत के बाद विद्युत आपूर्ति चालू की। नगर पालिका ने शहरी आवाम के लिए अपने वाहनों को सड़क पर गिरे पेड़ों को उठाने के लिए रवाना किया और सफाई कर्मियों को मार्गों पर बेहतर सफाई व्यवस्था बनाने के लिए भेजा। तेज आंधी तूफान और बारिश के बाद त्वरित कार्यवाही करते हुए तहसील व पुलिस प्रशासन ने भी सुरक्षा की दृष्टि से नागरिकों को मार्गों पर बेहतर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखी।

# डीएम ने पूर्व प्रधानाध्यापक का स्पष्टीकरण किया तलब

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** डीएम एसपी ने संयुक्त रूप से पीएमश्री विद्यालय का निरीक्षण कर पूर्व इंचार्ज अध्यापक को स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए।

बहजोइ विकास खंड क्षेत्र के पाठकपुर स्थित पीएमश्री विद्यालय का जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान डीएम व एसपी ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जबकि मेरा विद्यालय स्वच्छ विद्यालय की गतिविधियां कराने के लिए संबंधित को निर्देशित किया। इसके साथ पूर्व इंचार्ज प्रधनाध्यापक राजू यादव को वर्तमान इंचार्ज प्रधनाध्यापक विनोद कुमार को अभिलेख सौंपने के लिए निर्देशित किया। जबकि विद्यालय के कार्यों में लापरवाही बरतने पर पूर्व इंचार्ज प्रधानाध्यापक राजू यादव का स्पष्टीकरण जारी करने तथा विद्यालय में किये गये व्यय को लेकर सत्यापन कराने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा तथा जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार, विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक विनोद कुमार तथा अन्य अध्यापक आदि मौजूद रहे।



सम्भल- बहजोई खंड पीएमश्री विद्यालय का निरीक्षण के दौरान जानकारी लेते डीएम व एसपी।

## अभियान में एक बस व बाइक की सीज़

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई के निर्देशन में यातायात प्रभारी प्रमोद मान ने चौधरी सराय में बस, ट्रक, टेम्पो, ई रिक्शा आदि वाहन चालकों को यातायात से सम्बंधी जानकारी दी गई।जबकि उन्हें यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान एक बस और मोटर साइकिल सीज की गई। साथ ही सड़क किनारे खड़े वाहनों को हटवाया गया।किसी प्रकार से जाम नहीं लगे इसके लिए उनके नो पार्किंग के चालान किए

# अवैध स्क्रैप फैक्ट्री में काटे जा रहे थे वाहन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** अवैध स्क्रैप फैक्ट्री पर छापा मारकर संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है तथा भारी मात्र में फैक्ट्री के गोदाम और टीन शेड में पड़े मिले स्क्रैप के होने के चलते तालाबंदी कर दी गई। जानकारी करने पर पुलिस को कोई भी दस्तावेज नहीं दिखा सके, तो पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस को मौके पर भारी मात्र में उपकरण भी मिले।

### Oपुलिस ने दल बल के साथ की छापामारी

कैलादेवी थाना क्षेत्र के रझेड़ा सलेमपुर में आर आर एंड मेंटैक प्राइवेट लिमिटेड के नाम से स्क्रैप फैक्ट्री चल रही थी। शुक्रवार देर शाम मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी सत्य प्रकाश सिंहने उप निरीक्षक रईस अहमद, उप निरीक्षक जतिन कुमार व हेड कांस्टेबल सोमेश कुमार तथा कपिल देव के साथ थाने की गाड़ी से मौके पर पहुंचे और फैक्ट्री पर छापमार कार्यवाही की। छापे के दौरान मौके पर पुलिस को भारी मात्रा में उपकरण बरामद हुए। फैक्ट्री में कोई भी सीसीटीवी कैमरा भी लगा हुआ नहीं है। मौके पर मौजूद लोगों से जानकारी ली गई तो उन्होंने संचालक का नाम बताया। पुलिस को फैक्ट्री में बने गोदाम में पड़े गाड़ियों के कटे स्क्रैप बरामद हुए हैं। जिसमें लगभग 200 आगे पीछे की गाड़ी की सीट, 60 शीशे, 50 आगे पीछे की हेड लाइट, 10 "यूल टैंक, 10 डेस्क बोर्ड, 10 खिड़की, वजन करने वाले दो इलेक्ट्रॉनिक कांटे, 50 शोकर, 20 स्टेरिंग, 20 रेडिएटर, 20 म्यूजिक सिस्टम, 20 रिम के साथ टायर, 10 सस्पेंशन, ट्रैक्टर का एक इंजन, कंर तथा एक रिम, एक मशीन स्क्रैप से संबंधात, गाड़ियों के निकले हुए छोटे-बड़े 500 पार्ट, ईंट से बने हुए टीन शेड में लगभग 15 टायर और छोटे बड़े गाड़ियों के निकले हुए पार्ट, फैक्ट्री परिसर में एक गैस सिलेंडर आदि मौके पर मौजूद मिले। संचालक से फोन पर वार्ता की गई तो अभिलेखों के बारे में कोई जानकारी नहीं दे सका। मौके पर पड़े उपकरणों का कोई रिकार्ड नहीं मिला। दर्ज रिपोर्ट के अनुसार इससे स्पष्ट होता है कि फैक्ट्री के संचालक द्वारा अपनी फैक्ट्री में चोरी की गाड़ियों को लाकर अवैध रूप से काटकर छुपा कर रखा गया था। भारी मात्रा में उपकरण बरामद होने के चलते पुलिस ने वहीं फैक्ट्री में तालाबंदी कर दी। कोई भी दस्तावेज नहीं दिखाने और अवैध उपकरण बरामद होने के चलते पुलिस ने फैक्ट्री संचालक कपिल सिंघल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### चोरी के वाहन काटे जाने की थी सूचना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** कैलादेवी थाना पुलिस को मुखिया द्वारा सूचना दी गई थी कि चल रही फैक्ट्री में चोरी की गाड़ियों को लाकर काटा जाता है। चोरी की गाड़ियों के कटे हुए भारी मात्रा में उपकरण भी बरामद हो सकते हैं। मुखबिर द्वारा बताया गया था कि कुछ दिन पहले ही दूसरे राज्य की पुलिस भी इसी फैक्ट्री में चोरी की गाड़ी तलाश करने के लिए आई थी। मुखबिर की सूचना पर जब पुलिस में छापा मारा तो फैक्ट्री में किए जा रहे अवैध कार्यों का पर्दाफाश होने की सम्भावनाएं जतायी जा रही है। पुलिस इसकी छानबीन में जुटी है।

# अधिकारियों के न आने पर आन्दोलन को होंगे विवश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** भारतीय किसान यूनियन (बी आर एस एस) के कार्यकर्ताओं ने किसानों की समस्याओं के समाधान को पंचायत में अधिकारियों को बुलाने की मांग उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर की।

जिला संरक्षक शिवनारायण सैनी के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी डा. वंदना मिश्रा को सौंपे गए ज्ञापन के दौरान जिला अध्यक्ष कामेन्द्र चौधरी ने कहा कि किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर 22 अप्रैल को ब्लॉक परिसर में दोपहर 12:00 बजे धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन में बताया गया कि किसानों की समस्याओं के समाधान को संबंधित विभागों से तहसीलदार, विद्युत अधिशासी अभियंता, खंड विकास अधिकारी, चिकित्सा अधाीक्षक, एस डी ओ जल जीवन मिशन, बेसिक शिक्षा अधिकारी, आपूर्ति निरीक्षक आदि अधिकारी दोपहर 2 बजे तक पंचायत में पहुँचे। अन्यथा संगठन आगामी निर्णय लेकर अनिश्चितकालीन धरना एवं आंदोलन को विवश होगा। जिसकी पूर्णत: जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वालों में अनमोल कुमार, नितिन कुमार, कन्हैया प्रजापति, रविता देवी आयशा मलिक,मुनेन्द्र चौधरी, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गुन्नौर तहसील के ग्राम छपरा में बगैर मान्यता के दो स्कूल कराए बंद

**बबराला।** खण्ड शिक्षा अधिकारी गुन्नौर विनोद मेहरा ने बताया कि विकास खण्ड के ग्राम छपरा में बगैर मान्यता के दो विद्यालय पर कार्यवाही की गई है। विद्यालय में जो वाहन बच्चों को लाने के लिए प्रयोग किया जा रहा था।उसकी हालत भी संतोषजनक नहीं थी। गाड़ी में नीचे गार्डर जोड़ कर पीछे से लगभग 3 फिट गाड़ी को बढ़ाया गया है। जो कभी भी बड़ी दुर्घटना को कारण बना सकती है। उन्होंने बताया कि असुरक्षित वाहन बच्चों के लिए प्रयोग करने पर सीओ गुन्नौर ने एसएचओ धनारी को कार्यवाही करने को आदेशित किया।



सम्भल-बंगाल में हिंसा के विरोध में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग को एसडीएम को ज्ञापन देते।

# तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर में बाइक सवार की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** थाना नखासा क्षेत्र में मोटर साइकिल से जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मारकर घायल कर दिया। हादसे में युवक बाइक से गिरकर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के बाद चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया।

थाना नखासा क्षेत्र के सम्भल हसनपुर मार्ग स्थित देहपा चौकी के पास बाइक से जा रहे एक युवक को तेज रफ्तार आ रहे अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गया। आसपास मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक की पहचान करने का प्रयास किया। लेकिन पहचान नहीं हो सकी जबकि पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पीएम कराने को भेज दिया। पुलिस युवक की पहचान अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है।



सम्भल- उपनगरी सराय तरीन के मंगलपुरा में गोरक्षा प्रकोष के संयोजक पूर्व चेयरमैन का स्वागत करते।

# बंगाल में लगाया जाए राष्ट्रपति शासन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** बंगाल में हिंसा के विरोध में विहिप व भाजपा के आनुषांगिक संगठन नरेन्द्र मोदी यूथ बिग्रेड के कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से प्रर्दशन कर रोष जताया और राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर तत्काल राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की।

### Oविहिप व यूथ बिग्रेड कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

यूथ बिग्रेड के जिलामंत्री श्रीमोम चंद्रा के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में बंगाल हिंसा पर दु:ख जताया। ज्ञापन में कहा कि वक्फ संशोधन बिल पास होने के बाद भड़की हिंसा के लिए बंगाल सरकार पर लापरवाही बरतने और मुस्लिम बहुल्य क्षेत्रों में दंगाईयों द्वारा निजि व सरकारी वाहनों में आगजनी कर धारों में आगजनी तथा खुलेआम वर्ग विशेष के लोगों की हत्यायं कर व आँखे निकलने की धमकी देने के साथ पानी में जहर मिलाकर पिलाने की कोशिश करने से कई लोगों की मौत हो चुकी है। ज्ञापन में आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में हिंसा बहन बेटियों की इज्जत खतरे में है जिस कारण 500 हिंदू परिवारों द्वारा पलायन किया जा रहा है,लेकिन बंगाल सरकार वहां वर्ग विशेष के लोगों का पूरा साथ दे रही है और स्थानीय पुलिस किसी भी परिवार की सुरक्षा नहीं कर पा रही और दोषियों को भागने में सहायता देने व किसी प्रकार की कोई परेशान परिवार की सहायता नहीं करने का आरोप लगाया।ज्ञापन में कहा गया किबंगाल में खुलेआम कत्ले आम करने और पलायन होने से रोकने में सरकार पुरी तरह नाकाम है। ऐंसे हालात में वहां सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाकर और सेना को भेजकर पीड़ित जनता को न्याय एवं सुरक्षा दिलवाये जाने व दोषियों को फांसी दिये जाने की मांग की गई। इसके साथ मौजूदा मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर भारी लापरवाही करने पर उनके विरूद्व भी उचित कार्यवाही करने की मांग की।ज्ञापन देने में अनंत अग्रवाल आदि शामिल रहे।

# गोरक्षा प्रकोष्ठ के संयोजक पूर्व चेयरमैन का भव्य स्वागत

शाह टाइम्स, ब्यूरो

**सम्भल।** भारतीय सद्भावना मंच का प्रदेश का गो सेवा प्रकोष्ठ का संयोजक बनाए जाने पर पूर्व चेयरमैन का उप नगरी में जोरदार स्वागत किया गया।

नगर पालिका परिषद सम्भल के पूर्व चेयरमैन हाजी नुसरत इलाही जामई को भारतीय सद्भावना मंच गो सेवा प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश का संयोजक बनाए जाने पर सरायतरीन के मंगलपुरा में कई स्थानों पर फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। तस्लीम खान के निवास पर आयोजित स्वागत कार्यक्रम में हाजी नुसरत इलाही जामई ने कहा कि भारतीय सद्भावना मंच की राष्ट्रीय संयोजक साध्वी मां कल्पना अरुंधति जी ने जो जिम्मेदारी सौंपी है उसको वह पूरी ईमानदारी और तनमयता के साथ से निभाएंगे और हर जाति वर्ग ओर समाज के लोगों को एक साथ लेकर चलेंगे। सद्भावना के लिए हर स्तर पर आगे बढ़कर काम करेंगे। मंगलपुरा के लोगों ने जो आज प्यार और मौहब्बत को बढ़ाने का काम किया और इज्जत दी है। उसके लिए जीवन भर आभारी रहेंगे। इस मौके पर स्वागत कार्यक्रम में तस्लीम खा, उस्मान खा, मुस्लिम खा, फहीम खा, आले हसन कस्सार, जिशान कस्सार, नवाब मलिक, नेता अफसर, नईम मलिक, तालिब मलिक, उमर मलिक, नासिर खान, शहरोज खां, राशिद सैफी, अरकान सैफी, इकबाल सैफी, खालिद अंसारी आदि शामिल रहे।

## बाबा साहेब के सम्मान में भाजपा कार्यालय पर संगोष्ठी

**सम्भल।** भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान के अंतर्गत एक संगोष्ठी बी डी इंटर कालेज सरायतरीन में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य सत्यपाल सिंह सैनी उपस्थित रहेंगे।

## डीएम एसपी ने सुनी समस्याएं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु जनपद की तीनों तहसीलों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण किया गया। गुन्नौर तहसील के सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम डा. राजेंद्र पैंसिया व एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई की अध्यक्षता में 53 शिकायतें दर्ज की गई। इनमें से 06 शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया गया जबकि लगभग 10 से 12 शिकायतों के आज ही निस्तारण को टीमें बनाकर मौके पर जाकर निस्तारण करने के निर्देश दिए।

# मुकदमें के पक्षकार पर अदालत के कार्यालय में बोला हमला

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** नायब तहसील की अदालत में तारीख पर पहुंचे मुकदमें के पक्षकार और वसीयत के गवाह पर कार्यालय में ही हमला बोल दिया गया। कार्यालय में मारपीट से हड़कम्प मच गया। अधिवक्ताओं ने किसी तरह बीच-बचाव किया। आरोपी मौके से फरार हो गए। उपजिलाधिकारी ने कोतवाली प्रभारी को रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश दिए।



नखासा कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला दीपा सराय निवासी जकालउल्लाह का जमीन सम्बंधी मामला नायब तहसीलदार असमोली की अदालत में विचाराधीन है। शनिवार को तारीख नियत थी। जकाउल्ला और उनकी वसीयत के गवाह मौहम्मद कमालुददीन नायब तहसीलदार की अदालत में पुहंचे थे। अदालत में उनकी पत्रावली में तारीख दी जाने लगी। इसी बीच जकाउल्लाह ने अपनी रजिस्टर्ड वसीयत के गवाह मोहम्मद कमालुद्दीन को फाइल में हाजिरी दर्ज करने को पेशकार के कक्ष में बुलाया। तभी आरोप है कि विपक्षी शरीफुल्ला और मौहम्मद इजलाल अपने तीन और अज्ञात साथियों को लेकर कमरे में दाखिल हुए और जानलेवा हमला बोल दिया और लात घूसे मारकर बुरी मारपीट करने लगे। कार्यालय में हमला और मारपीट से हड;कम्प मच गया। जकाउल्लाह ने हमलावरों के पास तमंचे भी हाथ में होने का आरोप लगाया। मारपीट के दौरान भीड़ इकटठा होता देख आरोपी जान से मारने की धमकी और दोबारा अदालत में नहीं आने की चेतावनी देते हुए फरार हो गए। मारपीट में मुकदमें का पाकार और गवाह दोनों घायल हो गए। इस मामले की जानकारी मिलने पर उपजिलाधिकारी डा. वंदना मिश्रा ने कोतवाली पुलिस को एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए। घायल का जिला अस्पताल में मेडकल परीक्षण कराया।

### Oएसडीएम ने कोतवाली को दिए रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश

# पूर्व आईपीएस ने क्लीन चिट पर दर्ज की आपत्ति

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** सेवा व वर्दी नियमावली नियम के उल्लंघन में आईजी कानून व्यवस्था से क्लीन चिट मिलने के बाद शिकायत कर्ता पूर्व आईपीएस ने आपत्ति की है।

बता दें कि पूर्व आईपीएस व आज़ाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने पुलिस उपाधीक्षक अनुज चौधरी के विरुद्व सेवा नियमावलियों के लगातार उल्लंघन के आरोपों की शिकायत की थी। शिकायत में सी ओ अनुज चौधरी पर लगातार सेवा नियमावलियों तथा वर्दी नियमावलियों के उल्लंघन किए जाने, बिना अधिकारिकता के बयान बाजी करने, पुलिसिंग तथा अपने कार्यों को जानबूझकर सांप्रदायिक रंग देने, सेवा नियमावलियों से इतर कार्य कर माहौल को तनावग्रस्त करने तथा वर्ग विशेष में असुरक्षा की भावना उत्पन्न करने के आरोप लगाए थे। इस संबंध में जांच अपर पुलिस अधीक्षक श्रीशचंद को सौंपी गयी थी। जांच में आईजी कानून व्यवस्था एलआर कुमार ने गृह विभाग को पत्र लिखकर बताया कि इस मामले में एएसपी सम्भल श्रीश चंद ने जांच की, जिन्होंने पाया कि सम्भल में जुमा अलविदा, होली और ईद का त्योहार शांतिपूर्वक माहौल में संपन्न हुआ तथा अन्य आरोप के संबंध में कोई पुष्टिकारक साक्ष्य प्रकाश में नहीं आए, जिस आधार पर शिकायत निस्तारित कर दी गई। पूर्व आईपीएस ने क्लीन चिट दिए जाने पर आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि जांच के दौरान जितेन्द्र वर्मा व मौहम्मद यीन के बयान लिए गए,लेकिन उनके बयान नहीं लिए गए। आपत्ति में जांचाधिकारी पर जन सुनवायी शिकायतों के सम्बंध में मुख्य सचिव द्वारा निर्गत विस्तृत निर्देश दिनांक 29.10.2018 के प्रस्तर (5iii)का खुला उल्लंघन करने का आरोप लगाया है जबकि शिकायत कर्ता को व्यक्तिगत रूप से सर्म्पक किया जाना अनिवाग्र है। पूर्व आईपीएस ने जनसुनवाई के सम्बंध मे पारित शासनादेशों के क्रम में शिकायत कर्ता को अपनी बात कहने का अवसर प्रदान करते हुए पूर्व जांचाधिकारी पर शासनादेशों का उललंघन के आरोप सहित मूल आरोपों की जांच किसी वरिष्ठ अधिकारी से कराने की मांग की है।

### Oवरिष्ठ अधिकारी से जांच की मांग

# कर्तव्यनिष्ठ और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें छात्र

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** डीएवी फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल,बबराला में आर्य समाज के महान शिक्षाविद् एवं समाज सुधारक 'महात्मा हंसराज' जी की जयंती को 'समर्पण पर्व' के रूप में श्रृद्वा एवं गरिमा के साथ मनाई गयी। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत गायत्री मंत्र एवं वैदिक मंत्रों के सामूहिक उच्चारण से हुई। विद्यालय के प्रधानाचार्य आनंद स्वरूप सारस्वत ने महात्मा हंसराज के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा पीपीटी के माध्यम से महात्मा जी के जीवन-दर्शन एवं सेवाकार्यों पर सारगर्भित प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने 'हम सुधारेंगे, जग सुधारेगा' गीत के माध्यम से आत्मपरिवर्तन की प्रेरणा दी, वहीं स्वरचित कविता के माध्यम से महात्मा हंसराज के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। प्रधनाचार्य आनंद स्वरूप सारस्वत ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि 1886 में आरंभ हुई डीएवी संस्था आज न केवल भारत में, अपितु विदेशों में भी 1000 से अधिक शिक्षण संस्थानों के माध्यम से 40 लाख से अधिक विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रही है। उन्होंने छात्रों का आहवान किया कि वे अपने स्वभाव में सुधार लाएं एवं कर्तव्यनिष्ठा और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि आज डीएवी बबराला के अनेक छात्र देश के विभिन्न उच्च पदों पर अपनी कुशल कार्यक्षमता से देश के विकास में अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं। इस वर्ष डीएवी के राष्ट्रीय स्तर खेलों में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले तथा 'डीएवी ओलंपियाड' एवं 'आईसीटी ओलंपियाड' में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को आगामी 26 अप्रैल को हिमाचल प्रदेश में डीएवी प्रबन्धकर्त्री द्वारा आयोजित 'समर्पण पर्व' के विशेष कार्यक्रम के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन एवं यारा फर्टिलाइजर इंडिया प्रा. लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एम. एस. प्रसाद ने अपने संदेश में कहा कि डीएवी संस्थान केवल शिक्षा नहीं, बल्कि संस्कार, सेवा और समर्पण के मूल्यों का भी संवर्धन कर रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को महात्मा हंसराज जी के जीवन से सीख लेते हुए अपने सामाजिक सहयोग एवं आत्म विकास के पथ पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान स्टाफ मौजूद रहा।

### Oडीएवी में महात्मा हंसराज को दी श्रद्धांजलि



बबराला- डीएवी फर्टिलाइजर स्कूल में महात्मा हंसराज जी को पुष्पांजलि अर्पित करते प्रधाानाचार्य

## वार्षिक परीक्षाफल में मेधावी छात्राएं पुरस्कृत कर किया प्रोत्साहित

**सम्भल।** नवाब महमूद अंसारी गर्ल्स इंटर कॉलेज वार्षिक परीक्षा परिणाम कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें छात्रओं में मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किर प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं का उत्साह वर्धन किया गया

# मुख्य चिकित्साधिकारी ने गुन्नौर सीएचसी का किया निरीक्षण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर में सीएमओ तरुण पाठक द्वारा निरीक्षण किया गया। जिसमें उन्होंने दवा वितरण ठीक प्रकार से किऐ जाने, प्रसव को भर्ती गर्भवती महिलाओं, दवाओं का स्टॉक आदि देखे। अस्पताल में हेपेटाइटिस सी की जांच में दो गर्भवती महिलाएं पॉजिटिव निकली। उन्होंने कहा कि मरीजों को उचित इलाज मिले।मरीज को देखकर सही दवा प्रदान की जाये। कन्या सुमंगला योजना व अस्पताल में जन्मे बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र तत्काल जारी किये जाये। अस्पताल में साफ सफाई को भी देखा। इस दौरान प्रभारी डा. राजकिशोर, डा. अजहर अली, डा. प्रवीण, लक्ष्मीनारायन, दीपक शर्मा आदि स्टाफ रहा।

## बिजली की ट्रिपंग जारी

**सम्भल।** भयंकर होती जा रही में बिजली की ट्रिपिंग जारी हो गयी है। दिन हो या रात गर्मी के प्रकोप के साथ बिजली की आँख मिचौनी बढ़ती जा रही है। समय-असमय बिजली गुल होना आम हो गया है।

# पिकअप की टक्कर से घायल की उपचार के दौरान मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** पिकअप की टक्कर से कल बुग्गी में सवार तीन लोग घायल हो गये थे। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस से घायलों को गुन्नौर अस्पताल पहुँचाया था।उसमें उपचार के दौरान एक घायल की मौत हो गयी।

शुक्रवार को बबराला अनूपशहर मार्ग पर गांव भगतानगला के पास पिकअप ने बुग्गी में टक्कर मार दी। बुग्गी से रामस्वरूप पुत्र ईश्वरी, नैनसुख व रामदास पुत्रगण रेवती सिंह निवासी गांव रानीगंज थाना रजपुरा तीनों लोग अपने गांव रानीगंज से बबराला शादी का सामान और बाजार से सब्जी लेने आ रहे थे। उनकी बुग्गी को पीछे से पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी थी। जिससे तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।घायलों को गुन्नौर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लाया गया था।जहां डाक्टर ने तीनों की हालत गम्भीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। इलाज के दौरान नैनसुख की मौत हो गयी। परिजनों में कोहराम मच गया।उनका अंतिम संस्कार गंगाघाट राजघाट पर किया गया।

# रिसर्च, इंडस्ट्री और स्किल्स की त्रिवेणी से बदलेगी फार्मा की सूरत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** एकम्स फार्मा के जीएम डॉ. योगेन्द्र सिंह बोले, फार्मा सेक्टर में कम्प्यूटर सिस्टम वैलीडेशन- सीएसवी के संग-संग क्वालिटी एश्योरेंस-क्यूए और क्वालिटी कंट्रोल-क्यूसी की अहम भूमिका है। सीएसवी केवल डोजेज फॉर्म तक ही सीमित नहीं है, बल्कि मैन्युफैक्चरिंग यूटीलाइजिंग और क्रोमेटोग्राफी तक विस्तृत है। उन्होंने स्टुडेंट्स से कहा, आप अपनी बेसिक साइंस को मजबूत करो- एचपीएलसी, यूवी, क्रोमेटोग्राफी आदि की समझ होना इंडस्ट्री के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने क्रिकेटर रवि शास्त्री का उदाहरण देते हुए समझाया, हमें अपने डिपार्टमेंट के संग-संग दूसरे डिपार्टमेंट की भी सामान्य जानकारी होनी चाहिए। अपने वैरी शार्ट टर्म, शार्ट टर्म और लॉग टर्म गोल्स को तय करें। ग्लोबल फार्मा इंडस्ट्री में करियर की असीम संभावनाएं हैं, लेकिन इसके लिए जरूरी है, आपके बेसिक्स क्लियर हों और आप स्किल्ड भी हों। डॉ. योगेन्द्र सिंह तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फार्मेसी कॉलेज और इंस्टीट्यूशनल इन्नोवेशन काउंसिल- आईआईसी की ओर से फार्मास्युटिकल रिसर्च एंड इन्नोवेशन: स्ट्रेंथनिंग इंडस्ट्री- अकेडमिया कोलाबोरेशन पर आयोजित नेशनल कॉन्फ्रेंस एनसीपीआरआई 2025 के समापन मौके पर बोल रहे थे। इस अवसर पर फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज में कम्प्यूटर सिस्टम वैलिडेशन, एआई, क्रिस्पर, डिजिटलाइजेशन जैसी तकनीकों से पाठ्यक्रम अपडेशन आदि पर पैनल डिसक्शन भी हुआ। एनसीपीआरआई में स्टुडेंट्स, फैकल्टीज, रिसर्चर्स की ओर से ७8 ओरल रिसर्च पेपर्स और 81 पोस्टर्स भी प्रस्तुत हुए। इससे पूर्व मेहमानों ने दीप प्रज्जवलित करके नेशनल कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन का शंखनाद किया। अंत में सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भी भेंट किए गए। संच. ालन कॉन्फ्रेंस सेक्रेटरी डॉ. आशीष सिंघई और डॉ. मिथुल मेमन ने बारी-बारी से किया। ग्लोबल हैवकोम टेक्नोलॉजीज लि. के हेड कंप्लायंस श्री विक्रांत धामा बोले, आज की फार्मास्युटिकल और लैबोरेटरी इंडस्ट्री में कंप्यूटर सिस्टम वैलिडेशन- सीएसवी, हाई परफॉर्मेंश लिक्विड क्रोमाटोग्राफी- एचपीएलसी, यूवी स्पेक्ट्रो फोटोमीटर और लैब में क्रोमैटोग्राफी तकनीकों की भूमिका एक जरूरी प्रक्रिया बन चुकी है। जब भी एचपीएलसी यूवी क्रोमाटोग्राफी, यूवी स्पेक्ट्रोफोटोमीटर या अन्य क्रोमैटोग्राफी तकनीकों का इस्तेमाल होता है, तब यह जरूरी होता है कि उनसे जुड़ा सॉफ्टवेयर और डेटा सिस्टम सही ढंग से काम कर रहा हो और विश्वसनीय परिणाम दे रहा हो। एचपीएलसी और यूवी जैसी तकनीकें दवाओं की शुद्धता, शक्ति और स्थायित्व को जांचने में अहम भूमिका निभाती हैं। इन उपकरणों के संचालन में डेटा जनरेशन, प्रोसेसिंग और स्टोरेज के लिए कंप्यूटर सिस्टम की मदद ली जाती है। इसलिए, इन सिस्टम्स का



वैलिडेशन यह सुनिश्चित करता है कि कोई भी त्रुटि न हो और सभी काम नियमानुसार हों। छात्रों को सीएसवी, जीएलपी नियमों और प्रयोगशाला उपकरणों की फंक्शनिंग की जानकारी देना आज जरूरी है, ताकि वे इंडस्ट्री की आधुनिक जरूरतों के अनुसार खुद को तैयार कर सकें। कॉन्फ्रेंस में डीपीएसआरयू, दिल्ली की डॉ. प्रीति जैन ने क्वालिटी बाय डिजाइन पर व्याख्यान दिया, जबकि बीआईटीएस, पिलानी के डॉ. हेमंत जाधव, ल्युपिन के कॉर्पोरेट अफेयर्स डायरेक्टर अभिनव श्रीवास्तव, ग्लोबल हैवकोम टेक्नोलॉजीज लि. के डिजिटल कंप्लायंस कंसल्टेंट अगम त्यागी आदि ने भी अपने-अपने विषयों पर व्याख्यान दिए।

इस अवसर पर कॉन्फ्रेंस चेयर एवम् फार्मेसी के प्राचार्य प्रो. अनुराग वर्मा, कन्वीनर प्रो. फूलचन्द, को-कन्वीनर- प्रो. मयूर पोरवाल एवम् प्रो. कृष्ण कुमार शर्मा, सेक्रेटरी आदित्य विक्रम जैन आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही।

## एक नजर

### आकाशीय बिजली गिरने से गेहूं के ढेरो में लगी आग

**डिलारी।** शुक्रवार की रात लगभग 10:20 बजे आंधी तूफान के साथ आकाशीय बिजली गिरने से लगभग 10 मजदूरों की गेहूं की फसल जलकर राख बन गई। कस्बा निवासी मजदूर बंटी,नीरज,रूपकिशोर, नन्हे सिंह. भूरे सिंह आदि मजदूरो ने अपने गेहूं की फसल काटकर बराबर बराबर गेहूं की गहाई करने के लिए खेत में ढेर लगा दिए थे। शुक्रवार की रात लगभग 10:20 बजे तेज आंधी तूफान आने से बिजली की गड़ गड़ाहट के साथ बारिश होने लगी, गेहूं के ढेरो पर आकाशीय बिजली गिरने से मजदूरो की फसल जलकर राख बन गई। आग की तेज लपटे उठती देख ग्रामीणों ने खेतों पर पहुंचकर बड़ी मुश्किल से आग पर काबू किया, जिसमें कई ग्रामीणों के हाथ पैर भी झुलस गए। इसके अलावा आंधी तूफान आने से लोगों के टीन सेड उड़ गए, यूकेलिप्टस के भारी भरकम पेड़ गिर गए। जिससे किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ा, खेतों में पड़ी गेहूं की फसल भी भीग गई। डिलारी क्षेत्र के गांव बढेरा मुस्तफापुर के पास मुरादाबाद विवेकानंद मार्ग पर भारी भरकम पेड़ों के साथ विद्युत लाइन के खंभे उखड़ कर गिर गए। जिससे यातायात बाधित हो गया। पूरे ग्रामीण इलाके की बिजली गुल हो गई। ग्रामीणो की सहायता से वन विभाग की टीम ने विवेकानंद मार्ग पर पहुंचकर यातायात चालू करने के लिए गिरे पेड़ों को हटाने का काम शुरू कर दिया है।

### उत्कृष्ठ कार्य करने वालों को किया जाएगा सम्मानित

**मुरादाबाद।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि खादी एवं ग्रामोद्योग पुरस्कार योजनान्तर्गत न्यूनतम 03 वर्ष पुरानी निरन्तर कार्यरत/स्थापित उत्कृष्ठ कार्य करने वाली इकाईयो/उद्यमियों को मण्डल स्तर पर पुरस्कार दिए जाने की योजना है। बोर्ड द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में उद्यमियो/इकाईयो की चयनित सूची चाही गयी है। अत: जनपद मुरादाबाद में विभागीय योजनाओ (प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना) के अन्तर्गत स्थापित इकाईयो से पुरस्कार हेतु 26 अप्रैल 25 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए है। प्राप्त आवेदन पत्रो को कम पूंजी निवेश पर अधिक रोजगार सृजन के आधार पर चयन समिति द्वारा चयन किया जायेगा।

पुरस्कार प्राप्त करने के इच्छुक उद्यमी/इकाई अपने आवेदन पत्र 26 अप्रैल 25 तक जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, एम.आई.जी.,ए.एम./6 दीनदयालनगर (प्रथम) मुरादाबाद में जमा कर सकते है। योजना के अन्तर्गत मण्डल एवं प्रदेश स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के रुप में पुरस्कार धनराशि एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए जाएगें।


### ट्रैफिक पुलिस ने बच्चों को किया यातायात सुरक्षा के प्रति जागरूक



**कांठ( शाह टाइम्स )** ट्रैफिक पुलिस एक और जहां यातायात नियमों को तोड़ने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने का काम कर रही है तो वहीं दूसरी और स्कूलों और सार्वजनिक स्थलों पर जाकर लोगों को यातायात सुरक्षा के प्रति जागरूक भी कर रही है आज ट्रैफिक पुलिस के टीएसआई राजकुमार टीम के साथ दयानंद इंटर कॉलेज पहुंचे और बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि दो पहिया वाहन पर हेलमेट और चार पहिया वाहन पर सीट बेल्ट लगाकर ही बाहन चलाएं नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने से हमेशा दूर रहना चाहिए क्योंकि कानून के मुताबिक यदि नाबालिक बच्चा वाहन चलाता पाया जाता है तो उसके अभिभावक को जुर्माना देना पड़ता है उन्होंने अध्यापकों से भी बच्चों को बीच-बीच में जागरूक करते रहने का आवाहन किया।

### साइबर सुरक्षा पर टिमिट में आउटरीच एक्टिविटी का किया आयोजन

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के कॉमर्स एवं मैनेजमेंट संकाय के अंतर्गत तीर्थंकर महावीर इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (टिमिट), कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट के सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस द्वारा ''साइबर सुरक्षा के मूलभूत पहलुओं पर एक महत्वपूर्ण आउटरीच एक्टिविटी का आयोजन क्रिप्टन पब्लिक स्कूल एवम आर्यन इंटरनेशनल स्कूल मुरादाबाद में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूली छात्रों को डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के लिए आवश्यक साइबर सुरक्षा ज्ञान प्रदान करना है। वर्तमान समय में साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर युवाओं को इंटरनेट की दुनिया में सुरक्षित रहने की जानकारी देना अत्यंत आवश्यक हो गया है।कार्यक्रम में विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के प्रकार, व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा, मजबूत पासवर्ड का चयन, सोशल मीडिया पर सावधानी बरतने, फिशिंग से बचाव, और अन्य डिजिटल सावधानियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।यह गतिविधि व्हिजहैक टेक्नोलॉजी के सहयोग से आयोजित की जा रही है, जो साइबर सिक्योरिटी के क्षेत्र में देश की प्रमुख संस्था है।व्हिजहैककी विशेषज्ञ टीम छात्रों को व्यावहारिक उदाहरणों और लाइव डेमो के माध्यम से साइबर सुरक्षा के महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराएगी।कार्यक्रम की सराहना करते हुए टिमिट के डीन प्रोफेसर विपिन जैन ने कहा कि ''साइबर सुरक्षा आज की दुनिया में अत्यंत आवश्यक विषय है। इस प्रकार की आउटरीच एक्टिविटी के माध्यम से युवाओं को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सुरक्षित रहने की शिक्षा देना एक अत्यंत सराहनीय प्रयास है। टिमिट सदैव छात्रों के सर्वांगीण विकास और समाज में जागरूकता फैलाने के लिए इस प्रकार की पहलों को प्रोत्साहित करता रहेगा।



# गो आश्रय स्थल रनियाठेर में गोवंश पशुओं के लिए की गई हरे चारे की व्यवस्था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापांडे।** ब्लॉक मूंढापांडे की ग्राम पंचायत रनियाठेर में प्रदेश सरकार द्वारा संचालित गोशाला में लगभग तीन सो गोवंशीय पशुओं को गौ आश्रय स्थल मिला हुआ है।

पहले ये सभी पशु सड़कों, खेतों पर बेसहारा घूमते थे, इनके पेट भरने का भी कोई मुकम्मल इंतजाम नहीं था, खेतों से भगाए जाने पर सड़कों पर आ जाते थे,किसी ने कुछ डाल दिया तो खा लिया,वरना अक्सर कूड़े के ढेर में चारा तलाशते रहते लेकिन गोशाला में पहुंच जाने के बाद इन पशुओं को भूसा के साथ ही चोकर, हरा चारा और कभी कभी गुड़ खाने को मिलता है, साथ ही हर हफ्ते पशु चिकित्सक गोशाला का दौरा करके इन पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण करते हैं, ग्राम पंचायत रनियाठेर प्रधानपति अविनाश चौहान ने कहा कि इस गोशाला में तीन सो के करीब गोवंशीय पशु है, जिसमें गायों के साथ ही बछड़े और बछिया भी शामिल हैं,इन



पशुओं के लिए हरे चारे से लेकर पानी, गुड, चोकर की व्यवस्था सरकार और ब्लॉक,ग्राम पंचायतों की ओर से की जाती है।

समय-समय पर पशु चिकित्सक वहां पहुंचकर पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी करते हैं, अगर कोई गाय बीमार हो जाती है तो उसका उपचार किया जाता है, बारिश तथा तेज धूप से बचाव के लिए टिनशेड तथा रात में रोशनी के लिए बिजली की व्यवस्था है, गोशाला के रखरखाव की जिम्मेदारी केयरटेकर को सौंपी गई है, ब्लॉक अधिकारी तथा जिले के अधिकारी भी समय समय पर व्यवस्थाओं की जांच करने के लिए पहुंचते हैं, अगर किसी व्यवस्था में कोई खामी नजर आती है तो उसे तुरंत सुचारू किया जाता है, छोटे-छोटे बछड़ा बछिया गाय का दूध पीकर एकदम स्वस्थ नजर आ रहे हैं।

# प्रांतीय अधिवेशन में अवशेष को संयोजक व गौरव यादव को मिली सह संयोजक की जिम्मेदारी

**कांठ (शाह टाइम्स)** चौधरी चरण सिंह सभागार एनआरसी भवन सिंचाई विभाग लखनऊ में शैक्षिक जन आंदोलन के प्रांतीय अधिवेशन एवं ऑल इंडिया एनपीएस एम्पलाइज फेडरेशन तथा नेशनल मिशन फॉर ओल्ड पेंशन के सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें शैक्षिक जन्मदिन की मुहिम से जुड़कर भ्रष्टाचार तथा शिक्षकों के साथ हो रहे हैं शोषण के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने की बात तय हुई बताया गया कि यह अभियान बैनर के साथ चलाया जाना है पुरानी पेंशन के समस्त लाभों की बहाली के लिए रणनीति तेज करने पर बल दिया गया अध्यक्ष डॉ मंजीत सिंह पटेल ने पुरानी पेंशन स्कीम की बहाली के लिए किए गए प्रयासों और उपलब्धियां को शिक्षकों के बीच रखा एवं यूनिफाइड पेंशन स्कीम की विषम गतियो को उजागर किया राष्ट्रीय प्रवक्ता अंकुर तिवारी विमुक्त को शैक्षिक जन्मदिन की नींब रख कर मजबूती के साथ गजरौला



के शिक्षक संजय कुमार के प्रकरण में आरोपियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करने एवं कंपोजिट स्कूल सीगोल घाटमपुर कानपुर नगर में ग्राम प्रधान एवं अन्य लोगों द्वारा विद्यालय शिक्षा कर्मचारियों के साथ आफिस में घुसकर मारपीट करने पर २४ घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार करने को लेकर सराहना की गई।अंकुर त्रिपाठी को उत्तर प्रदेश इकाई का प्रदेश अध्यक्ष घोषित किया गया जनपद मुरादाबाद से अवशेष कुमार को जिला संयोजक एवं गौरव यादव को जिला सहसंयोजक की जिम्मेदारी दी गई उन्होंने कहा कि शिक्षक स्वयं को अकेला बिल्कुल ना समझे विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं शिक्षकों पर हो रहे शोषण के खिलाफ अब कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। अधिवेशन में रामलाल यादव प्रदेश अध्यक्ष जेपी पांडे प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग मिनिस्टर संगठन एवं प्रदीप सरल यू टेक आदि ने पुरानी पेंशन स्कीम बहाली के लिए मार्गदर्शन भी किया।

# बार कौंसिल चेयरमैन ने दिए तीन हफ्ते में चुनाव कराने के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** दि बार एसोसिएशन एण्ड लाइब्रेरी के सैकड़ों अधिवक्ताओं द्वारा हस्ताक्षरित पत्र बार कौंसिल चेयरमैंन के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है कि दि बार एसोसिएशन एण्ड लाइब्रेरी का विगत चुनाव 27 फरवरी 2024 को हुआ था और शपथ ग्रहण दिनांक 29 मार्च 2024 को सम्पन्न हुआ था। चुनाव हुए 01 वर्ष से अधिक हो चुका है और अभी तक चुनाव की घोषणा नहीं की गयी है और जब 04 अप्रैल 2025 को दि बार एसोसिएशन एण्ड लाइब्रेरी का चुनाव कराने हेतु पत्र दिया गया तो अवैधानिक रूप से वर्तमान कार्य कारिणी का कार्यकाल एल्डर्स कमेटी द्वारा बढ़ा दिया गया, जो माडल बाइलाज के नियमों का खुला उल्लंघन है। बार कौंसिल चेयरमैंन ने अध्यक्ष/मंत्री व चेयरमैन एल्डर्स कमेटी, दि बार एसोसिएशन एण्ड लाइब्रेरी को निर्देशित किया कि वन बार वन वोट के सिद्धान्त का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए माडल बाइलाज के नियमों- उपनियमों के अन्तर्गत दि बार एसोसिएशन एण्ड लाइब्रेरी, का चुनाव आदेश की तिथि से 03 सप्ताह के अन्दर करने के निर्देश दिए, ओर स्पष्ट किया कि मतदाता सूची केवल उन्हीं अधिवक्ताओं की बनेगी, जिनको बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश से सीओपी आवंटित है, कोई भी अधिवक्ता जिनको बार काउन्सिल ऑफ उत्तर प्रदेश से सीओपी आवंटित नहीं है, वह न तो चुनाव लड़ सकते हैं, न एल्डर्स कमेटी में हो सकते हैं और न ही मतदाता सूची में उनका नाम होगा।

# 35 की उम्र के बाद भी मां बनने की उम्मीद देता है आईवीएफ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आजकल बहुत सी महिलाएं 30 की उम्र के बाद मां बनने का सोचती हैं। इसकी वजह कई हो सकती हैं जैसे करियर,पैसों की प्लानिंग,देर से शादी या फिर अपनी मर्जी। लेकिन जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, वैसे-वैसे प्रेगनेंसी को लेकर चिंता भी बढ़ती है। 35 के बाद ज्यादातर महिलाएं सोचती हैं ख्र क्या आईवीएफ से अब भी बच्चा हो सकता है? इस सवाल को लेकर बहुत सी गलतफहमियां हैं।हकीकत ये है कि 30 की उम्र के बाद महिलाओं के अंडों की संख्या और क्वालिटी धीरे-धीरे घटने लगती है,और 35 के बाद ये गिरावट और तेज हो जाती है। 40 के बाद नेचुरल प्रेग्नेंसी मुश्किल हो जाती है।ऐसे में आईवीएफ यानी इन-विट्रो फर्टिलाइजेशन एक महत्वपूर्ण उपाय बन जाता है। अच्छी बात ये है कि 35 की उम्र के बाद भी अगर सही समय पर आईवीएफ शुरू किया जाए तो मां बनने की अच्छी संभावना रहती है। आज भारत में हजारों महिलाएं 35 से ४० की उम्र में आईवीएफ से स्वस्थ बच्चे को जन्म दे चुकी हैं। डॉ. नीलम बनर्जी, जो यथार्थ अस्पताल, ग्रेटर नोएडा में सीनियर कंसल्टेंट और आईवीएफ हेड ऑफ डिपार्टमेंट हैं वो कहती हैं, 35 की उम्र के बाद मां बनना मुश्किल जरूर हो सकता है, लेकिन नामुमकि. कन नहीं। सही समय पर जांच और इलाज शुरू किया जाए, तो आईवीएफ से मां बनने की संभावना बहुत बढ़ जाती है। हमें यह समझने की जरूरत है कि प्रजनन क्षमता हमेशा एक जैसी नहीं रहती, इसलिए देर करने से बेहतर है कि समय पर कदम उठाया जाए।ष्बहुत से लोगों को लगता है कि ३५ के बाद आईवीएफ काम नहीं करता, लेकिन ये सच नहीं है। कम उम्र में सफलता ज्यादा होती है, लेकिन 35 या 40 की उम्र में भी आईवीएफ से सफल प्रेग्नेंसी हो रही है। इसका नतीजा कई चीजों पर निर्भर करता है जैसे अंडों की क्वालिटी, हार्मोन का संतुलन, शरीर की सेहत और इलाज करने वाले सेंटर का अनुभव। अगर महिला समय पर जांच और इलाज करवाए, तो नतीजे बेहतर हो सकते हैं।एक और आम भ्रम ये है कि ३५ की उम्र के बाद हर महिला को डोनर एग यानी किसी और के अंडे की जरूरत होती है।

जबकि ऐसा जरूरी नहीं है। बहुत सी महिलाएं इस उम्र में भी अपने अंडों से ही मां बन रही हैं। एएमएच टेस्ट और अल्ट्रासाउंड से यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि महिला के शरीर में कितने अंडे बचे हैं और इलाज की क्या दिशा होनी चाहिए। इंडियन सोसाइटी ऑफ असिस्टेड रिप्रोडक्शन के अनुसार अब आईवीएफ करवाने वाले 25% से ज्यादा मरीज 35 की उम्र से ऊपर हैं। खासकर शहरों में ये संख्या



और तेजी से बढ़ रही है। एक सिंपल फर्टिलिटी चेकअप, जिसमें एएमएच टेस्ट, हार्मोन की जांच और अल्ट्रासाउंड शामिल होता है, से पता चल जाता है कि स्थिति क्या है।आईवीएफ के जरिए आज हजारों महिलाएं 35 और 40 की उम्र में भी मां बनने का सपना पूरा कर चुकी हैं। उम्र जरूर एक चुनौती है, लेकिन सही जानकारी, सही सलाह और समय पर इलाज से इस रास्ते को आसान बनाया जा सकता है।

# श्रीरामलीला महासंगठन ने किया नवदुर्गा रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स, ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जीके पब्लिक स्कूल के प्रांगण में श्री रामलीला महासंगठन की ओर से नवदुर्गा रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । प्रतियोगिता आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य था विद्यार्थियों में माँ दुर्गा के माध्यम से नारी शक्ति और सम्मान को बढ़ावा देना । जीखकेख पब्लिक स्कूल अंग्रेजी माध्यम से होने के बाद भी अपने संस्कृति और सभ्यता को निरंतर बढ़ावा देता है ।यहां के विद्यार्थी हमेशा श्री रामलीला महासंगठन जैसी धार्मिक संस्थाओं में प्रतिभाग करते रहते हैं और विद्यालय में सभी त्योहारों को क्रियाकलापों के माध्यम से मनाया जाता है।

जीखकेख पब्लिक स्कूल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर कार्य करता है । वह उन्हें धर्म के पद पर देशभक्ति के पद पर और मानवता के पद पर चलने के लिए सदैव विभिन्न क्रियाकलापों के माध्यम से प्रोत्साहित करता है । संगठन के अध्यक्ष संजीव आकांक्षा जी ने अपने प्रेरणादायक वचनों द्वारा कहा कि-



विद्यालय में सदैव धार्मिक सामाजिक और राष्ट्रीय कार्यक्रमों का आयोजन होता रहना चाहिए । जीव आकांक्षी (अध्यक्ष) प्रेमनाथ यादव (कोषाध्यक्ष) प्रमोद रस्तोगी (महामंत्री) सुरेंद्र चौधरी,श्री पंकज शर्मा, बृजपाल सिंह यादव, राजकुमार गोस्वामी, प्रदीप शर्मा, विनय मिश्रा, हरि ओम अग्रवाल और ओखपीख शर्मा मौजूद रहे।क्रिम का संचालन संगठन के महामंत्री प्रमोद रस्तोगी और विद्यालय की शिक्षिका नेहा शर्मा द्वारा किया गया।

कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए विद्यालय की उप प्रधानाचार्या श्रीमती कला नेगी ,कोऑर्डिनेटर श्रीमती आरती श्रीवास्तव, शिक्षिका ज्योत्सना बिश्नोई, नेहा शर्मा एवुं श्रीमती रेनू गुप्ता को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया और सभी अध्यापक अध्यापिकाओं को कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने के लिए संगठन की ओर से विशेष आभार व्यक्त किया गया क्योंकि किसी भी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी का योगदान आवश्यक होता है ।

# आईएफटीएम में हुआ वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में एक्टिविटी क्लब एवं स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के संयुक्त तत्वाधान में ''हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान'' विष्य के अंतर्गत ''सामाजिक सशक्ति करण से संबंधित चुनौतियाँ'' थीम पर एक वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं व 'हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान' विषय को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह हमारे देश की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि संविधान हमें स्वतंत्रता, समानता और न्याय जैसे मौलिक अधिकार प्रदान करता है, जो कि हमारे जीवन का आधार है तथा यह हमें हमारे कर्तव्य का भी बोध कराता है, ताकि हम एक जिम्मेदार नागरिक बनें। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के कार्यक्रम विद्यार्थियों को एक जिम्मेदार नागरिक बनने व संविधान निहित मार्ग पर चलने को बढ़ावा देते हैं। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षा व स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की निदेशिका प्रो. निशा अग्रवाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा



कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों को अपने अधिकारों और कर्तव्य को समझने में मदद करते हैं। उन्होंने प्रतिभागी विद्यार्थियों को कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर अपने कौशल को निखारने हेतु प्रोत्साहित किया।

प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की बीबीए की छात्रा वैभवी दुबे ने प्रथम, स्कूल ऑफ लॉ के एल. एलबी तृतीय वर्ष के छात्र अखिलेश यादव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में डॉ. शैफाली अग्रवाल एवं डॉ. ऋिचा गुप्ता शामिल रहे। मैनेजमेंट विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. राकेश कुमार यादव ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम विद्यार्थियों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि संविधान हमें देश की रक्षा करने, चुनाव में वोट करने और कानून का पालन करने जैसे कर्तव्य भी याद दिलाता है। इस दौरान होटल मैनेजमेंट विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ मेघा भाटिया, कॉमर्स विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आशीष सक्सेना, एक्टिविटी क्लब की समन्वयिका डॉ. स्वाति राय, सह संयोजिका डॉ. निधि चौधरी व स्टूडेंट डेवलपमेंट सेल के सदस्य श्री अक्षय शर्मा, डॉ अर्चना कटारिया, श्रीमती मोनिका चौहान समेत अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। इस वाद विवाद प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के 40 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र भोजराज सैनी पुत्र नारायण सिंह को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **नारायण सिंह पुत्र स्वर्गीय रामलाल व श्रीमती राधा पत्नी नारायण सिंह निवासीगण रामगंगा रोड गली नंबर 3 बंगला गांव तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स अथर्व इण्डेन, ग्राम सुल्तानपुर दोस्त, तह० ठाकुरद्वारा, जिला-मुरादाबाद (यू०पी०) पंजीकरण सं० एम०ओ०आर०-0017478 में पंजीकरण के समय दो साझीदार नरेश चन्द्रा एवं श्रीमती पायल चन्द्रा थे। अब दोनो साझीदार उक्त व्यापार को साझीदारी में चलाना नहीं चाहते हैं, जिस कारण दोनों साझीदारों ने आपसी सहमति से दिनांक 19.04.2025 को उक्त फर्म डिजोल्व कर दी है, तथा फर्म पर कोई देनदारी व लेनदारी बकाया नहीं है। **भवदीय-नरेश चन्द्रा एवं श्रीमती पायल चन्द्रा साझीदार मैसर्स अथर्व इण्डेन ग्राम सुल्तानपुर दोस्त, तह0 ठाकुरद्वारा, जिला-मुरादाबाद ( यू0पी0 )।**

# नीलगाय की टक्कर से बाइक सवार इलेक्ट्रिशियन की मौत

**शाह टइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** मुरादाबाद मार्ग पर तेवर खास गांव के पास बाइक सवार इलेक्ट्रीशियन को नीलगाय ने टक्कर मार दी, उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाये जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन उस समय नहीं हो सकी, काफी देर बाद सोशल मीडिया के माध्यम से परिवार के लोग कोतवाली पहुंचे और उसकी पहचान टांडा बादली रामपुर निवासी छियालीस वर्षीय राकेश कुमार वाल्मीकि के रूप में की। वह कॉन्वेंट स्कूलों में इलेक्ट्रिशियन का काम करते थे। शनिवार आठ बजे घर से बिलारी के लिए बाइक से निकले थे। स्वजनों ने बताया राकेश कुमार के परिवार में पत्नी मैना, बेटी निधि, तान्या और बेटा आयुष है। अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करने को तहरीर दी है।



## नौ माह पूर्व ही हुई थी मृतक शिवम की शादी

**भगतपुर।** थाना क्षेत्र के गांव सकतपुरा निवासी शिवम कुमार पुत्र समर पाल काशीपुर बहल पेपर मिल में मजदूरी का कार्य करता था शुक्रवार को वह फैक्ट्री के टीन सेड के ऊपर काम कर रहा था शाम को जैसे ही काम खत्म होने का समय आया तो तीन सेड का तख्ता टूट गया और शिवम लगभग पचास फीट की ऊंचाई से नीचे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया घायल तुरंत ही हॉस्पिटल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। शिवम की मौत की खबर सुनते ही पत्नी अर्चना व शिवम के माता पिता का रो रो कर बुरा हाल हो गया। बताया जाता है शिवम की नौ माह पूर्व ही शादी हुई थी। लगभग डेढ़ माह पहले ही शिवम के चाचा की घर के पास ही रोड क्रॉस करते समय दुर्घटना में मौत हो गयी थी। डेढ़ माह में एक ही परिवार में हुई दो मौतों से गांव में हर व्यक्ति की आंख नम थी।



# भोजपुर में आंधी-तूफान ने मचाई तबाही, चालीस घंटे तक क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति ठप रहने का अनुमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोजपुर।** बीती शुक्रवार की रात को दस बजे आये आंधी-तूफान के साथ बारिश होने से क्षेत्र में हजारों की संख्या में पेड़ों के टूटने से किसानों और विद्युत विभाग को भारी नुक्सान हुआ। खेतों और सड़क के किनारे खड़े पेड़ टूटकर बिजली के तारों पर गिरने से भारी संख्या में पोल टूट गये। इससे विद्युत आपूर्ति पूर्ण रूप से ठप हो गई। जिसके सुचारू होने में चालीस घंटे का समय लगने का अनुमान विद्युत विभाग ने बताया है। शुक्रवार की रात को दस बजे अचानक आंधी-तूफान के साथ बारिश होने से जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया। घरों और दुकानों में लगे टीन शेड, सोलर पैनल हवा में उड़ गए। तूफान की चपेटे में आकर हाइवे पर जहांगीरपुर -भोजपुर के बीच भारी भरकर पेड़ उखड़ और टूटकर बिजली के तारों पर गिर गये। हाईटेंशन लाइन के तार और डेढ़ दर्जन खंभे टूटने से कस्बे सहित सैकड़ों गांवों की बिजली की आपूर्ति पूर्ण से ठप हो गई। पीपलसाना बिजलीघर पर तैनात जेई आर बी कुशवाहा ने बिजली की आपूर्ति सुचारू होने में तीस से चालीस घंटे का समय लगने की बात कही है। उधर हाइवे पर भारी भरकम पेड़ों के टूट और उखड़कर सड़क पर गिरने से आवागमन बाधित हो गया। आंधी-तूफान के रूकते ही रात में पुलिस, वन विभाग और विद्युत विभाग की टीमें मौके पर पहुंचकर सड़क पर पड़े पेड़ों को कटवाकर यातायात सुचारू कराने में लग गईं। विद्युत खंड अधिकारी पीपलसाना राजेश कुमार ने बताया है कि बिजली की आपूर्ति सुचारू करने के लिए विद्युत विभाग की टीमें लगी हुई हैं। टूटे पड़े विद्युत पोलों की जगह नये पोल लगाने के साथ ही पेड़ों की चपेट में आकर टूटे हाईटेंशन लाइन के तारों को भी बदला जा रहा है। इसमें चालीस घंटे का समय लग सकता है।



## एक नजर

### एडीएम ने सुनी संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें

**बिलारी।** तहसील में लगे संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम प्रशासन ने फरियादियों की समस्याएं सुनी। इस बीच कुल २८ शिकायतें मौके पर पहुंची। जिसमें तीन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, बाकी शिकायतों के निस्तारण के लिए टीम का गठन करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस बीच सभी विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। शनिवार को तहसील में लगे संपूर्ण समाधान दिवस में कल 28 शिकायत से पहुंची। जिसमें राजस्व विभाग की 17, पुलिस विभाग की 1, विकास विभाग की तीन, विद्युत विभाग की एक, आपूर्ति विभाग की चार तथा अन्य विभाग की दो शिकायतें पहुंची। एडीएम प्रशासन ने अधिकारियों को निर्देश देकर कहा कि सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। इसके साथ ही शिकायतकर्ता को इसकी सूचना भी दी जाए। इस मौके पर एसडीएम विनय कुमार सिंह के अलावा राजस्व विभाग के सभी अधिकारी मौजूद रहे।

### भोजपुर में राजस्व विभाग ने डीएम के निर्देश पर करोड़ों की जमीन कब्जा मुक्त कराई

**भोजपुर।** शनिवार को को जेसीबी मशीन की सहायता से नगर पंचायत, राजस्व विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने पीपलसाना रेलवे स्टेशन के निकट स्थित गाटा संख्या ६०१ को कब्जा मुक्त कराने के बाद नगर पंचायत की सुपुर्दगी में दे दिया। कस्बे के ग्रामीण राहत जान पुत्र भूरे ने पीपलसाना रेलवे स्टेशन और आसरा कालोनी के निकट ग्राम समाज की 2 हजार 3 सौ स्क्वायर मीटर जमीन पर कब्जा करने की शिकायत, मंडलायुक्त ,मुख्यमंत्री पोर्टल, तहसील दिवस में करते हुए जमीन को कब्जा मुक्त कराने की गुहार लगाई थी। इस संबंध में शिकायतकर्ता ने उच्चाधिकारियों को करीब 15 शिकायती पत्र भेजे थे। शनिवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर हल्का लेखपाल हरि राज सिंह, कानूनगो युनूस अली, कस्बा चौकी प्रभारी ब्रजपाल सिंह एवं नगर पंचायत की टीम ने मौके पर पहुंचकर ग्राम समाज की पैमाइश कर जमीन पर कब्जा जमाए बैठे पुराने प्लास्टिक के कबाड़ी अहमद अली पुत्र सईद अहमद के कब्जे को जेसीबी मशीन से हटवाकर नगर पंचायत की सुपुर्दगी में दे दिया। इस दौरान आसरा कालोनी को आने जाने का रास्ता पूर्ण रूप से बंद हो गया।

### बंगाल के मुर्शिदाबाद में हिंदुओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार को लेकर किया प्रदर्शन

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय युवा उधोग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू के नेतृत्व में दंगा प्रभावित मुर्शिदाबाद को लेकर ममता सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा बंगाल के मुर्शिदाबाद में हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार हो रहा है रोज हिंदुओं की हत्या की जा रही है महिलायों के खिलाफ खुलेआम अत्याचार किये जा रहे व्यापारियों की दुकानें लूटी जा रही है पर ममता सरकार अपनी आंखों पर पट्टी वान्धे बैठी है बंगाल दंगों की आग में जल रहा है चुन चुन कर हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है ममता सरकार कुम्भकर्ण की नींद सो गई है केंद्र सरकार तत्काल बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाये। इस दौरान प्रदर्शन में राजू चड्डा, शुभम अग्रवाल, मोहित सिंह, शिशिर वार्ष्णेय, नितिन रस्तोगी, विशाल, गौरव सिंह, सचिन रहोली, संजू पाल, अशोक सिंह, संजीव अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### कलश शोभायात्रा निकालकर की गई प्राण प्रतिष्ठा

**चन्दौसी।** शनिवार दोपहर 3 बजे के करीब गांव अमियापुर पंचाक में हो रहे तीन दिवसीय कथा व्यास राजू शास्त्री के द्वारा आचार्य रोहित शर्मा एवं गोविंद शास्त्री के सानिध्य में गांव अमियापुर पंचाक में बाबा गोरखनाथ एवं माता रानी के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जो कि शुक्रवार से लेकर रविवार तक चलेगा। वहीं विशाल शोभायात्रा गांव अमिया पुर पचाकसे आरम्भ होकर क्षेत्रीय तीन गांव में कलश शोभायात्रा भ्रमण कर पुन: गांव पचाक में बने गुरु गोरखनाथ मंदिर पर संपन्न हुई। इस यात्रा मैं महिलाओं ने पीले वस्त्र धारण कर सिर पर कलश रखकर भ्रमण किया। वहीं कथा वाचक राजू शास्त्री, कुमारी सला. नी, आरती, सुमन देवी, राखी, मीणा, राजपाल, मीना, रेनू, शीला देवी, कुमकुम, माया देवी, कैलाशौ, सतवीर कश्यप, संजय शर्मा, यादराम, गोपी, अतर सिंह, चमेली देवी, शकुंतला देवी आदि मौजूद रहे।

### घोड़ा तांगे में बाइक ने मारी टक्कर, घोड़ी की मौत

**भोजपुर।** शुक्रवार की रात को खेत से घोड़ी बुग्गी में बैठकर घर को आ रहे। गांव गणेशपुर देवी निवासी जुल्फेकार पुत्र अमीर हुसैन की बुग्गी में गांव देवीपुरा निवासी ग्रामीण ने टक्कर मार दी। हादसे में घोड़ी की मौत हो गई। पुलिस ने घोड़ी मालिक की तहरीर पर सुभाष और उसके बेटे शिवम के खिलाफ लापरवाही से ड्राइविंग कर टक्कर मारने के आरोप में केस दर्ज किया है।

### समय से चयन वेतनमान या एरियर न मिलना भी आता है उत्पीड़न की श्रेणी में: सुलोचना मौर्य

**चन्दौसी।** महिला शिक्षक संघ के तत्वावधान में एक कार्यक्रम, चंदौसी ग्रीन स्थित हॉल में आयोजित किया गया। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष के, प्रथम बार चन्दौसी आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया गया। प्रदेश अध्यक्ष सुलोचना मौर्य ने महिला शिक्षकों की हरसम्भव मदद करने और उनका उत्पीड़न बर्दाश्त न करने की बात कही। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षिकाओं को अपने विद्यालय के साथ-साथ परिवार एवं बच्चों की भी जिम्मेदारियां होती हैं, इसलिए शिक्षिकाओं के प्रति सहानुभूति रखना, स्टाफ का नैतिक कर्तव्य भी है। मुख्य वक्ता तृषा लोधी ने कहा कि शिक्षिकाओं को मातृत्व अवकाश, प्रसूति अवकाश एवं अन्य कार्यों को लेकर कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ते हैं, जिससे महिला शिक्षक अपने परिवार को भी समय नहीं दे पातीं,इस व्यवस्था में सुधार होना चाहिए। सीमा चौधरी ने कैशलैस इलाज, एरियर भुगतान, और समय पर चयन वेतनमान लगाने की बात रखी, वहीं अर्चना पाठक ने पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू करने की मांग को दोहराया। इस अवसर पर सीमा चौधरी, रजनी चौहान, पूनम शर्मा, तृप्ति जैन, अंशु तेवतिया, तृषा लोधी, ज्योति चौधरी, श्यामभवी मिश्रा, विनीता शर्मा,अर्चना पाठक, अलका शर्मा, सपना चौधरी, कंचन पांडेय, निरुपमा गोयल आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सपना चौधरी एवं अंशु तेवतिया ने संयुक्त रूप से किया।

### कैथल में धूमधाम से निकाली गयी डॉ. भीमराव अम्बेडकर की शोभायात्रा

**चन्दौसी।** निकटवर्ती गांव कैथल में डॉ० भीमराव अम्बेडकर की शोभायात्रा धूमधाम से बैंड बाजों के साथ निकाली गयी। शोभायात्रा में भव्य झांकियां भी मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहीं। यह शोभायात्रा उच्च माध्यमिक विद्यालय कैथल से शुरू हुई। कैथल के मुख्य मार्गो से शोभायात्रा निकाली गयी। जगह-जगह लोगों ने शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। जो कि उच्च प्राथमिक शिवालय पर समाप्त हुई । इस दौरान हामिद खां, बदलू, नजर हुसैन, हरीशंकर, मुकेश जाटव, प्रेम यादव आदि मौजूद रहे।

### 15 स्कूलों को जारी हुये नोटिस, जिलाधिकारी की नजर बिना मान्यता प्राप्त स्कूलों पर

**चन्दौसी।** वर्तमान समय में जनपद के जिलाधिकारी डॉ० रोजन्द्र पैंसिया द्वारा शिक्षा और शिक्षक की महत्वता पर विशेष जोर दिया जा रहा है। किताबों पर कमीशन खाने वालों पर पैनी नजर है। इसके लिए बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी स्कूलों का भौतिक निरीक्षण कर रहे हैं। जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में पूरी तरह से सुधार हो सके। जो विद्यालय प्राईवेट पुस्तकों को लगाकर मोटा कमीशन ले रहे हैं। उसका आंकडा ५० प्रतिशत से भी पार कर गया है। अब अधिकारियों की पैनी नजर उन स्कूलों पर है। जो ड्रैस, किताबें, पैन, पैसिंल स्कूल से बचाये जा रहे हैं। खण्ड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि सभी मान्यता प्राप्त शिक्षक विद्यालय अपने मानक पूरा करें। वहीं निरीक्षण के दौरान पाया गया कि अधिकांश प्राईवेट विद्यालय में एन०सी०आर०टी० की बुक नहीं लगी है। कोई भी मान्यता प्राप्त विद्यालय बैग, यूनीफार्म आदि ने बेचें। उन्होंने कहा कि यदि संज्ञान में आया है।

# वरिष्ठ पत्रकार की लंबी बीमारी के चलते मौत

## एक्टिव प्रेस क्लब द्वारा शोक सभा आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** एक्टिव प्रेस क्लब के सदस्य व दैनिक समाचार पत्र के वरिष्ठ पत्रकार अनिल कुमार शर्मा की लंबी बिमारी के चलते मौत हो गई। मौत सूचना पर शोक सभा का आयोजन किया। जिसमें मृतक पत्रकार साथी की आत्म शांति के लिए दो मिनट का मौनधारण कर ईश्वर से प्रार्थना की। कोतवाली क्षेत्र के गांव रामनगर खागूवाला निवासी अनिल कुमार शर्मा एक दैनिक समाचार के पत्रकार थे। अनिल कुमार शर्मा काफी समय से बिमार चल रहे थे। शनिवार को लंबी बिमारी के चलते अनिल कुमार शर्मा की मौत हो गई। मौत सूचना पर पत्रकार साथियों में शोक की लहर दौड़ गई। पत्रकार साथी की मौत पर शनिवार को दोपहर करीब ३.०० बजे ब्लाक परिसर में एक्टिव प्रेस क्लब के अध्यक्ष नईम खान राजा की अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मृतक पत्रकार साथी की आत्म शांति के लिए दो मिनट का मौनधारण कर ईश्वर से प्रार्थना की। शोक सभा में वरिष्ठ पत्रकार अनिल शर्मा, सतीश चौधरी, दिपेश शर्मा, शमशेर मलिक, संतोष मीना, मिर्जा गालिब, जाबिर हुसैन, लो. केश कुमार, वसीम कुरैशी, देशरत्न चौहान, हरिशचंद्र शर्मा, विमल विश्नोई, सत्यपाल सिंह, अतीक उर्फ बिट्टू आदि शामिल रहे।

## मतदाता रैली निकालकर किया गया जागरुक

**सुरजननगर।** गांधी स्मारक महाविद्यालय सुरजन नगर में मतदाता जागरुकता अभियान के अंतर्गत मतदाता जागरुकता रैली निकाली गई। यह रैली संचालक डॉ. ब्रजेश कुमार सिंह के नेतृत्व एवं निर्देशन में निकाली गई। इसके अंतर्गत महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने लोगों को मतदाता कार्ड बनवाने, बोट देकर लोकतंत्र को मजबूत करने और मतदान अनिवार्य रूप से करने के लिए जागरूक करने का कार्य किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य भूपेन्द्र सिंह सहित अन्य शिक्षक और राफिया, अफसाना, रितिका विश्नोई, अमन कुमार इत्यादि उपस्थित थे।

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र गुलजार व पुत्रवधू श्रीमती अनीता को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **सुखलाल पुत्र श्री गनेश निवासी ग्राम भैंसिया पोस्ट व थाना कटघर, जिला मुरादाबाद।**

**सूचना**

मेरे पासपोर्ट संख्या **F-6006768** में मेरा नाम STAPHAN एवं जन्म तिथि **9. 2.2002** छपा है जो कि गलत है, मेरे आधार एवं हाईस्कूल की अंक तालिका के अनुसार मेरा सही नाम **REUBEN STEPHEN** एवं जन्मतिथि: **9.2.2003** है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाएं। **रूबिन स्टीफन पुत्र श्री नवीन लाल स्टीफन मकान नंबर-119, हैलेट रोड, जॉर्डन व्यास कम्पाउन्ड, जिला मुरादाबाद।**

**खोया-पाया सूचना**

**राजकुमार पुत्र निहाल सिंहं हाईस्कूल वर्ष 2014 रोल नंबर ( 0899873 ) के अंक पत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में खो गए हैं। ग्राम शाहनगर कुराली नगीना जिला बिजनौर।**

**खोया-पाया सूचना**

**मोहित कुमार पुत्र विजयपाल सिंह हाईस्कूल बर्ष 2012 रोल नंबर 0901145 इंटर बर्ष 2014, रोल नंबर 0686191 के अंक पत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में खो गए हैं। निवासी पुरनपुर मिलक धामपुर जिला बिजनौर।**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( सी०डि० ) महोदय, मुरादाबाद**
**उत्तरा. वि.वाद संख्या:** 122/2025
**तारीख पेशी:** 06.05.2025
**श्रीमती लक्ष्मी देवी बनाम ओमवती**

श्रीमती लक्ष्मी देवी उम्र 67 वर्ष पत्नी स्व. हरीश चन्द्र निवासी ग्राम ढकिया नरू तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद।

**बनाम**

1. ओमवती उम्र 52 वर्ष पुत्री स्व. हरीश चन्द्र पत्नी महावीर प्रसाद निवासी ग्राम मधुकर तहसील शाहबाद जिला रामपुर, 2. हरद्वारी उम्र 50 वर्ष, 3. छोटे उम्र 48 वर्ष, 4. चुन्नी लाल उम्र 46 वर्ष पुत्रगण स्व. हरीश चन्द्र निवासी ग्राम ढकिया नरू तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद, 5. गीता उम्र 44 वर्ष पुत्री स्व. हरीशचन्द्र पत्नी अजय कुमार निवासी मौहल्ला सागर सराय, मुरादाबाद, 6. जनता आम स्थित ग्राम ढकिया नरू तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद-**विपक्षीगण।**

इश्तहार मजरिया अदालत सिविल जज (सी.डि.) मुकाम मुरादाबाद दरख्वास्त मुसम्मा श्रीमती लक्ष्मी देवी हुसूल सार्टीफिकेट बसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतनी मुसम्मा श्रीमती लक्ष्मी देवी मुसबफा हरीशचन्द्र अपने मजिब एक्ट 7 सन् 1887 ई. बकत रू.14,99,000/- हरगाह मुसम्मा श्रीमती लक्ष्मी देवी ने दरख्वास्त हूसूल सार्टीफिकेट गुजरानी हैं और तारीख 06 मास 05 सन् 2025 ई. बास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई हैं कि लिहाजा और इश्तहार जारी किया हैं कि जिस किसी को निस्तबत दरख्वास्त उत्तराधिकार के उज्र हो या असालत या बकालतन बक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (सी.डि.) मुकाम मुरादाबाद में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन किसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्बत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज ( सी०डि० ), मुरादाबाद।**

# तहसील ठाकुरद्वारा में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में तहसील ठाकुरद्वारा के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशानुरुप गुणवत्तापूर्ण शिकायतों का निस्तारण करें तथा फीडबैक भी अवश्य लिया जाये।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित 66 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 01 शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया और शेष का संबंधित अधिकारियों को निस्तारण करने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में विद्युत विभाग से संबंधित, चकरोड पर अवैध कब्जा संबंधित, सड़क मरम्मत, चकबंदी संबंधित, सहित इत्यादि विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर निष्पक्षता के साथ शिकायतों का निस्तारण के निर्देश दिए। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान एसडीएम ठाकुरद्वारा प्रीति सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डा० कुलद. ीप सिंह, जिला विकास अधिकारी जी०बी० पाठक, परियोजना निद. ेशक डीआरडीए सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण एवं तहसीलदार भूपाल सिंह सी०ओ० ठाकुरद्वारा सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।



# जमीनी विवाद को लेकर चले लाठी-डंडे रिवाल्वर से गोली चलाने का आरोप

**कांठ( शाह टाइम्स )** जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में कहा सुनी हो गई बात इतनी बढी के मामला फायरिंग तक पहुंच गया जिसमें दो लोगों के घायल होने की खबर है घटना थाना क्षेत्र के गांव चंगेरी की है बताया गया कि वहां के रवि कुमार एवं बीरे के बीच जमीनी विवाद चल रहा है जिसे लेकर प्रशासन ने पैमाइश कर हददे लगाए थे लेकिन आज इसी बात को लेकर दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए और बात गोलीबारी तक पहुंच गई इस संबंध में एक पक्ष की महिला ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। चंगेरी निवासी नीरज पत्नी रविंद्र का आरोप है कि उसका रवि पुत्र कृपाल आदि से बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है जिसमें राजस्व विभाग ने पैमाइश करके हद्दे लगा दिए थे। आज वह अपने भाई सुमित के साथ खेत पर गई थी जहां पर रवि आ गया और उसने हद्दे उखाड़ने का प्रयास किया इसका विरोध करने पर उसने अपने लोगों को बुला लिया और मारपीट शुरू कर दी रवि के हाथ में लाइसेंसी रिवाल्वर था जिससे उसने फायर कर दिया महिला के मुताबिक उसके भाई ने पूरी घटना की वीडियो बनाई महिला के डायल 112 पर फोन करने पर पुलिस पहुंची तो हमलावर मौके से धमकी देकर फरार हो गए महिला ने आरोपियों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है।



## जन समुदाय को बाबा साहेब के संघर्षों और विचारों से किया जागरूक

**ठाकुरद्वारा।** शनिवार को ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत ख्वाजपुर धंतला में भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती से संचालित 15 दिवसीय उत्सव मेले के अंतर्गत जन समुदाय को बाबा साहब के संघर्षों और विचारों से जागरूक किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम बाबा साहब के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। वक्ताओं द्वारा बाबा साहब के जीवन परिचय, संविधान की प्रस्तावना, मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों और संविधान संशोधन अधिनियम के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। इस मौके पर शिक्षा विभाग से पीयूष कुमार प्रशांत,एडीओ ग्राम विकास अधिकारी मयंक भारद्वाज, ग्राम प्रधान कमलेश देवी, प्रधान पति कैलाश तथा ग्रामवासी उपस्थित रहें।

# मारपीट के मामले में क्राइम इस्पेक्टर पर पीड़ित ने लगाया दस हजार रूपये की रिश्वत मांगने का आरोप

**ठाकुरद्वारा।** जिलाधिकारी के आदेश पर मारपीट के मामले में आपसी समझौता होने के बाद क्राइम इंस्पेक्टर पर फैसलानामा के लेने के नाम पर 10 हजार रूपये मांगने का पीडित ने आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर रिश्वत का मुकदमा दर्ज कराए जाने की मांग की प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन को काफी छूट दे रखी है। इसकी फायदा उठाकर पुलिस अधिकारी पीडिघ्तों को न्याय दिलाने के नाम पर खुली लूट खशोट करने में लगे है। प्रदेश की पुलिस कार्यप्रणाली से लोग त्रस्त है। ऐसा ही एक मामला शनिवार को जिलाधिकारी अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में गूंजा। कोतवाली क्षेत्र के गांव पाडला निवासी अनिकेत पुत्र राजेंद्र ने संपूर्ण समाधान दिवस व मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज करते हुए बताया कि 18 अप्रैल २०२५ की शाम कोतवाली क्षेत्र के गांव मलपुरा निवासी आसिफ खान के बीच किसी बात को लेकर कहा. सुनी हो गई थी। इस पर पीडिघ्त ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी। शिकायती पत्र कोई कार्रवाई न होने पर पीडिघ्त ने शनिवार को तहसील दिवस में जिलाधिकारी को शिकायत पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई थी। जिलाधिकारी ने दोनों पक्षो से वार्ता कराने के पुलिस को निर्देशित किया। पीडिघ्त ने बताया कि दोनो पक्षो में जिलाधिकारी के हस्क्षेप के बाद आपसी समझौता गया। पीडिघ्त ने बताया कि दोनो पक्षो के बीच हुए फैसलानामा जब कोतवाली पहुंचकर क्राइम इस्पेक्टर को दिया तो आरोप है उन्होने फैसलानामा लेने के नाम पर 10 हजार रूपये की रिश्वत मांगी। इसपर पीडित ने रूपये देने से साफ इंकार कर दिया। आरोप है कि रूपये ने देने पर क्राइम इस्पेक्टर ने पीडिघ्त को जान से मारने और झूठे मुकदमें फंसाने की धमकी दी। पीडिघ्त को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया और शांति भंग के आरोप में चालान कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया। जहां से पीडिघ्त को जमानत पर छोड़ दिया गया है। पीडिघ्त ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए क्राइम इस्पेक्टर पर रिश्वत मांगने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराए जाने की मांग की। इस मामले में कार्यवाहक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक क्राइम इस्पेक्टर ने बताया कि दोनों पक्षो में मारपीट हुई थी।

इस पर पुलिस ने दोनों को खिलाफ शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया और चालानी कार्रवाई कर एसडीएम कोर्ट में पेश किया गया है। दोनों के बीच कोई फैसला नही हुआ है और नही फैसला जमा करने के नाम पर कोई रिश्वत नही मांगी गई। अनिकेत द्वारा लगाए सभी आरोप निराधार है।

## सौलर पेनल लगवाएं शिक्षक

**चन्दौसी।** मा० शिक्षकों के लिए निर्देश दिया गया है कि वह अपने घरों पर सौलर पैनल लगवायें जिससें सौर ऊर्जा का अधिक से अधिक प्रयोग हो सके। शासकीय व अशासकीय शिक्षकों द्वारा घरों को सौलर पैनल से आच्छादित कर लिया गया है। पर कुछ शासकीय व अशासकीय शिक्षिकों द्वारा सौलर पैनल नहीं लगवाया गया। उन सभी शिक्षकों का वेतन रोक दिया गया है।

कुछ शिक्षिक वेतन रोकने की शिकायत को लेकर माध्यमिक शिक्षा मंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी से मिले वहीं उन्होंने माध्यमिक शिक्षिकों का वेतन दिलाने की बात कही। पर संभवत माध्यमिक शिक्षिकों को एक आदेश दिया गया कि सभी माध्यमिक शिक्षक घरों पर सौलर पैनल लगवायें। वहीं कुछ अध्यापकों ने हाउस लोन ले रखा है। जिसमें उनके वेतन से बडी ई०एम०आई० चल रही है। सौलर पैनल लगने के बाद ई०एम०आई० और बढेगी ऐसे में खर्च चलाना मुश्किल है।

## पूर्व सांसद गिरीश चन्द्र को बसपा में पुन: वापसी होने पर जताया आभार

चन्दौसी। विधानसभा के बहुजन समाज पार्टी के समस्त पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने नगीना से पूर्व सांसद व पूर्व विधायक चन्दौसी गिरीश चन्द्र को बसपा में पुन: वापसी होने पर बहन कु० मायावती राष्ट्रीय अध्यक्षा व पूर्व मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया। तथा बहन जी के निर्णय से खुश होकर समस्त कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने जोरदार स्वागत किया। गिरीश चन्द्र ने समस्त कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सब लोग आपस में भाईचारा बढाकर बहुजन समाज पार्टी को मजबूत करे। 2027 में पार्टी को मजबूत कर बहन कु० मायावती को उ०प्र० का पांचवी बार मुख्यमंत्री बनाना है। इस दौरान रिटायर्ड बैंक मैनेजर व वरिष्ठ समाजसेवी डी०के० सिंह, ओमप्रकाश, नेकराम, सुभाष, सोमपाल सिंह प्रजापति, बदन सिंह आदि के सैकडों की संख्या में बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# रोचक होगी मुंबई-चेन्नई की भिड़ंत




**■ सीएसके दो जीत के साथ अंकतालिका में सबसे नीचले पायदान पर**


**मुंबई, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में अपने अभियान की धीमी शुरुआत के बाद मुंबई इंडियंस ने लगातार जीत के साथ वापसी की है जबकि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) सात मैचों में से सिर्फ़ दो जीत के साथ अंक तालिका में सबसे निचले पायदान पर है। आईपीएल इतिहास की दो सबसे सफल फ्रैंचाइज़ी रविवार रात वानखेड़े स्टेडियम में आमने-सामने होंगी, लेकिन उनके बीच के फॉर्म में अंतर के कारण एक बड़ी चुनौती होगी। इस सीज़न के 38वें मैच में दो अलग-अलग मिज़ाज वाली प्रतिद्वंद्वी टीमें आमने-सामने होंगी। पांच बार की चैंपियन मुंबई ने दिल्ली कैपिटल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ़ ऑलराउंड प्रदर्शन करके अपनी लय हासिल कर ली है। उनके गेंदबाज़ों ने पिछले मैच में एसआरएच को पांच विकेट पर 162 रन पर रोक दिया था और चार विकेट से मैच को अपने नाम कर लिया था। सूर्यकुमार यादव ने सात मैचों में 151-42 की स्ट्राइक रेट से 265 रन बनाए हैं और तिलक वर्मा ने पिछली तीन पारियों में दो अर्द्धशतक लगाए हैं।

कप्तान हार्दिक पांड्या बल्ले से भी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और थोड़े महंगे होने के बावजूद 11 विकेट भी चटका रहे हैं। जसप्रीत बुमराह की वापसी से तेज गेंदबाजी आक्रमण मजबूत हुआ है, जिसमें डेथ ओवरों में ट्रेंट बोल्ट और बीच के ओवरों में मिशेल सेंटनर ने बेहत. रीन प्रदर्शन किया है। इस बीच, चेन्नई अपने सीजन के एक महत्वपूर्ण दौर से गुजर रही है।

पांच बार की चैंपियन लगातार हार से उबर रही है, उसका एकमात्र सकारात्मक पहलू हाल ही में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ जीत है जिसने पांच मैचों की हार का सिलसिला तोड़ा। चोट के कारण सलामी बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ की अनुपस्थिति ने उनकी परेशानी को और बढ़ा दिया है। होनहार 20 वर्षीय शेख रशीद ने एलएसजी के खिलाफ तेजी से 27 रन बनाकर प्रभावित किया, जबकि शिवम दूबे अपनी पिछली तीन पारियों में महती योगदान के साथ उनके सबसे प्रभावी बल्लेबाज बने हुए हैं।

अनुभवी महेंद्र सिंह धोनी ने फिनिलशग कैमियो (11 गेंद पर 26 नाबाद रन) के साथ अपने पुराने रूप की झलक दिखाई, लेकिन मध्य क्रम कमजोर बना हुआ है। चेन्नई की गेंदबाजी में निरंतरता का अभाव है, खलील अहमद और नूर अहमद ने क्रमशः 11 और 12 विकेट लिए हैं, लेकिन रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा और मथीशा पथिराना जैसे अन्य खिलाड़ी या तो नियंत्रण या इकॉनमी से जूझ रहे हैं। जब तक गेंदबाज वानखेड़े में अपनी लय नहीं पाते, चेन्नई को एक और कठिन चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। इस सीजन की शुरुआत में, सीएसके ने एमआई पर चार विकेट से जीत हासिल की थी, लेकिन मौजूदा फॉर्म मेजबान टीम के पक्ष में है। वानखेड़े की पिच बल्लेबाजी के अनुकूल होने की उम्मीद है, जिसमें शुरुआत में तेज गेंदबाजों को कुछ मदद मिलेगी। हालांकि इस सीजन में पिच में उतार-चढ़ाव देखने को मिला है, जिसमें 116 से लेकर 221 तक का स्कोर शामिल है। पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमें 180-190 रन बनाने का लक्ष्य रख सकती हैं। दूसरी पारी में ओस महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है, जिससे टॉस महत्वपूर्ण हो जाता है। इस सीजन में लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों ने यहां तीन में से दो मैच गेम जीते हैं, और दोनों कप्तानों के पहले गेंदबाजी करने का विकल्प चुनने की उम्मीद है।मौसम आमतौर पर गर्म और आर्द्र रहेगा, बारिश का कोई पूर्वानुमान नहीं है। मैच 1930 बजे शुरू होगा।

# चंडीगढ़ में आरसीबी के सामने पंजाब किंग्स की चुनौती




**रायल्स चैंलेजर्स बेंगलुरु के खिलाफ होने वाले मैच में लय और मनोवैज्ञानिक बढ़त के साथ उतरेगी पंजाब किंग्स**

**चंडीगढ़, वार्ता।** पंजाब किंग्स रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ होने वाले मैच में लय और मनोवैज्ञानिक बढ़त के साथ उतरेगी।

इस सप्ताह की शुरुआत में बारिश के कारण 14 ओवर के मैच में पंजाब ने पांच विकेट से जीत हासिल की थी। आरसीबी पर जीत इस सीजन में पंजाब की सात मैचों में पांचवीं जीत थी, जिससे वह अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया और प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली।

इसके विपरीत, बेंगलुरु ने पिछले तीन मैचों में से दो मैच गंवाए और मिड-टेबल में खिसक गया। अब तक सिर्फ चार जीत के साथ, आरसीबी की गलती की संभावना तेजी से कम हो रही है। श्रेयस अय्यर के नेतृत्व में पंजाब ने अपने पर हमेशा से ही कमतर प्रदर्शन करने का ठप्पा हटा दिया है। टीम ने गेंदबाज और बल्लेबाजी विभागों में स्थिरता पाई है। सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्य ने मजबूत शुरुआत दी है, जबकि अय्यर, जोश इंगलिस और नेहल वढेरा ने मध्य क्रम में गहराई और अनुकूलनशीलता सुनिश्चित की है। मार्कस स्टोइनिस और शशांक सिंह ने दबाव की स्थितियों में योगदान दिया है, जिससे बल्लेबाजी लाइन. अप को ताकत और परिपक्वता दोनों मिली है। गेंदबाजी विभाग में पंजाब ने शानदार प्रदर्शन किया है। अर्शदीप सिंह और जेवियर बार्टलेट ने नई गेंद से शुरुआती झटके दिए हैं, जबकि मार्को जेनसन और युजवेंद्र चहल ने बीच के ओवरों में महत्वपूर्ण सफलताएं दिलाई हैं। तीनों ने मिलकर बेंगलुरु के खिलाफ पिछले मैच में छह विकेट लिए थे और उन्हें 95 रन पर रोक दिया था। पंजाब पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमों के अनुकूल सतह पर भी यही प्रदर्शन दोहराना चाहेगा। रजत पाटीदार और उनके खिलाड़ियों पर दबाव बढ़ रहा है। पिछली हार विशेष रूप से निराशाजनक थी, जिसमें स्टार खिलाड़ियों से सजी लाइनअप अनुशासित गेंदबा. जी का सामना करने में विफल रही थी। टिम डेविड और जोश हेजलवुड की शानदार गेंदबाजी की।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### डे मिनौर को हराकर अल्काराज बार्सिलोना के सेमीफाइनल में

**मैड्रिड, वार्ता।** शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अलकाराज़ ने एलेक्स डे मिनौर पर सीधे सेटों में जीत के साथ बार्सिलोना ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। स्पेन के अलकाराज़ को ऑस्ट्रेलिया के पांचवें वरीयता प्राप्त डे मिनौर को 7-5, 6-3 से हराने में सिर्फ़ एक घंटे और 40 मिनट लगे। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी अब फांस के आर्थर फिल्स से खेलेंगे। फिल्स के प्रतिद्वंद्वी स्टेफ़ानोस त्सितिपास क्वार्टर फाइनल मैच के तीसरे गेम में ही चोटिल हो गए थे। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले हफ्ते मोंटे कार्लो में जीत के लिए अलक. राज़ ने 20 वर्षीय दुनिया के 14वें नंबर के खिलाड़ी फिल्स को तीन सेटों में हराया था। उधर, डिफ़ेंडिंग चैंपियन कैस्पर रूड डेनमार्क के होल्गर रून से सीधे सेटों में हार के कारण बाहर हो गए। अलकाराज़ पहले सेट में डे मिनौर के खिलाफ़ दो बार ब्रेक डाउन हुए, लेकिन फिर 12वें गेम में उन्होंने वापसी की और निर्णायक ब्रेक बनाया। 21 वर्षीय खिलाड़ी ने दूसरे सेट में अपनी सर्विस पर अधिक दबदबा बनाया और छठे गेम में एकमात्र ब्रेक बनाया। उन्होने कहा कि मैंने सर्विस के साथ काफी खराब शुरुआत की, मैं मानसिक रूप से थोड़ा संघर्ष कर रहा था। यह मेरी सर्विस के साथ पहले कुछ गेम ही थे, फिर मुझे लगता है कि मैंने बहुत सुधार किया। मैंने खुद को शांत किया और फिर से सकारात्मक सोचना शुरू कर दिया। एलेक्स ने मजबूत शुरुआत की, आक्रामक तरीके से खेला, और पहला सेट वास्तव में कड़ा था। मुझे बहुत खुशी है कि मैं पहला सेट जीतने में कामयाब रहा और दूसरे सेट में मैंने शानदार टेनिस खेला, इसलिए मैं बहुत खुश हूं। चार बार के उपविजेता सिटिपस फिल्स के खिलाफ शुरुआत से ही असहज दिखे और दूसरे गेम के अंत में ऑफ-कोर्ट मूल्यांकन के लिए चले गए।

### साई ने असम को हराकर ग्रुप जी में बनाई बढ़त

**छत्तीसगढ़, वार्ता।** भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) नें स्वामी विवेकानंद अंडर 20 पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के पहले दिन ग्रुप जी में असम को 4-0 से हराया। यहां रामकृष्ण मिशन आश्रम मैदान में खेले गए मुकाबले में साई की ओर से राजकुमार लैंचेनबा सिंह ने 36वें मिनट में गोलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद ओइनम रोमियो सिंह ने 68वें मिनट में बढ़त को दोगुना कर दिया। तीसरा गोल वाशम ने 81वें मिनट में गोलकर स्कोर 3-0 कर दिया। कप्तान रॉबर्ट थोकचोम ने 85वें मिनट में चौथा गोल किया। दिन के एक अन्य मैच में ओडिशा और गोवा बीच मुकाबला गोल रहित ड्रॉ खेला। परिणामस्वरूप, भारतीय खेल प्राधिकरण अब तीन अंकों के साथ ग्रुप जी में शीर्ष पर है, उसके बाद ओडिशा और गोवा एक-एक अंक के साथ और असम एक भी अंक के साथ दूसरे स्थान पर है।

# एशिया कप में अच्छा प्रदर्शन करेगी भारतीय हॉकी टीम : कोच क्रेग फुल्टन

**पंजाब ने अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों के मजबूत प्रतिनिधित्व के साथ शानदार प्रदर्शन किया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** झांसी में 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2025 के बाद भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन को भरोसा है कि उनकी टीम आगामी एशिया कप 2025 में अच्छा प्रदर्शन करेगी।

राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप के हर मैच में बारीक नजर रखने वाले फुल्टन ने एशिया कप में भारतीय टीम की तैयारी का विश्लेषण किया और टीम में प्रतिभा की गहराई और गुणवत्ता के बारे में आशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पंजाब ने अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों के मजबूत प्रतिनिधित्व के साथ प्रदर्शन किया, जबकि शीर्ष चार टीमों ने कुल मिलाकर अच्छा संत. ुलन और गुणवत्ता का प्रदर्शन किया। कुछ क्षेत्र निश्चित रूप से दूसरों की तुलना में अधिक मजबूत थे। उदाहरण के लिए, पंजाब सबसे अधिक अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ सबसे आगे रहा, जिसने उन्हें बढ़त दिलाई। साथ ही, शीर्ष चार टीमों में प्रतिभा का एक स्वस्थ संतुलन था। हालाँकि, इसके अलावा, गहराई और समग्र गुणवत्ता में थोड़ी गिरावट आई। एशिया कप के लिए एक नए कोर ग्रुप के गठन पर जोर देते हुए फुल्टन कहा कि हमारा ध्यान उम्र पर नहीं बल्कि विशिष्ट भूमिकाओं के लिए सही खिलाड़ियों को खो. जने पर है।

### बांग्लादेश-जिम्बाब्वे टेस्ट सीरीज के मीडिया अधिकार नहीं बिकने से बीसीबी निराश

**सिलहट, वार्ता।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष फारुक अहमद ने शनिवार को कहा कि बांग्लादेश-जिम्बाब्वे टेस्ट सीरीज के मीडिया अधिकार नहीं बिकने के कारण बोर्ड 'कठिन समय' से गुजर रहा है। उन्होंने रविवार से यहां शुरू हो रहे पहले टेस्ट का प्रसारण करने के लिए बांग्लादेश टीवी को धन्यवाद दिया। बीसीबी ने 19 मार्च को बांग्लादेश और जिम्बाब्वे के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज के मीडिया अधिकारों के लिए बोली लगाने के लिए प्रसारकों को आमंत्रित किया था, लेकिन सात अप्रैल को समय सीमा समाप्त होने के कारण किसी भी पक्ष ने कोई रुचि नहीं दिखाई। डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार बोर्ड ने प्रसारकों के साथ सौदे पर बातचीत करने की कोशिश की, लेकिन कोई रुचि नहीं मिलने के बाद, इसने राज्य प्रसारक बीटीवी से मैच का प्रसारण करने का अनुरोध किया और उसने ऐसा किया।

# हम एक इकाई के तौर पर बल्लेबाजी नहीं कर सके: पाटीदार

**● बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा, हम इस मैच को एक सबक के तौर पर लेना पसंद करेंगे**




**बेंगलुरु, वार्ता।** पंजाब किंग्स के खिलाफ पांच विकेट से मिली का हार का ठीकरा खराब बल्लेबाजी पर फोड़ते हुए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान रजत पाटीदार ने कहा कि उनके बल्लेबाज एक इकाई के तौर पर प्रदर्शन नहीं कर सके। मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में पाटीदार ने कहा कि वर्षा के बाद विकेट में नमी के कारण शुरु में बल्लेबाजों को परेशानी का सामना करना पड़ा मगर यह कोई बहाना नहीं है। सच तो यह है कि हम एक इकाई के तौर पर बल्लेबाजी नहीं कर सके। इस विकेट पर साझेदारी निभाना जरुरी था। टिम डेविड ने इसी विकेट पर नाबाद अर्द्धशतकीय पारी खेली मगर अन्य बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक था। हम इस मैच को एक सबक के तौर पर लेना पसंद करेंगे। वहीं पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने जीत का श्रेय फिरकी गेंदबाज युजवेंद्र चहल और युवा बल्लेबाज नेहल बढेरा को देते हुए कहा कि चहल एक विश्वस्तरीय गेंदबाज हैं। उनकी काबिलियत पर कोई संदेह नहीं कर सकता। उन्होने कहा कि मैने उनसे मैच के पहले कहा था कि वह रन बचाने के बजाय विकेट लेने पर अपना ध्यान लगायें जिससे रनो की रफ्तार वैसे ही थम जायेगी। उन्होने वैसा ही किया और रजत पाटीदार और जितेश शर्मा के महत्वपूर्ण विकेट झटके। बाकी काम अर्शदीप सिंह,हरप्रीत बराड़ और मार्को यानसन ने कर दिया। बढेरा की तारीफ करते हुए अय्यर ने कहा कि निश्चित तौर पर आपको एक ऐसे बल्लेबाज की जरूरत होती है जो आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करे। नेहल का रवैया आज शानदार था। उम्मीद है कि आगे भी वह इसी फॉर्म को बरकरार रखेंगे। गौरतलब है कि शुक्रवार शाम आरसीबी और पीबीकेएस के बीच बारिश से प्रभावित मैच 14-14 ओवर का कर दिया गया था जिसमें आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 95 रन बनाए जिसके जवाब में पंजाब ने विजय लक्ष्य 12-1 ओवर में हासिल कर दिया था। पंजाब को ओर से नेहल वढेरा ने 19 गेंद पर 33 रन बनाये।

# घरेलू दुर्व्यवहार के आरोपों पर जेवरेव फिर हुए परेशान

**● इससे पहले जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दौर एक दर्शक ने किया था परेशान**



**म्यूनिख (जर्मनी), वार्ता।** एलेक्जेंडर ज़ेवरेव ने म्यूनिख ओपन क्वार्टर-फ़ाइनल में घरेलू दुर्व्यवहार के आरोपों पर उन्हें परेशान करने वाले एक दर्शक को बाहर निकालने की मांग की। जर्मनी के नंबर एक खिलाड़ी डचमैन टैलोन ग्रीक्सपूर के खिलाफ़ दूसरे सेट में 5-5 पर सर्विस कर रहे थे, तभी प्रशंसक ने चिल्लाया ह चलो, तुम बीवीबीटर हो।ह ज़ेवरेव ने चेयर अंपायर फ़र्गस मर्फी से बात की और उन्हें यह कहते हुए सुना जा सकता था कि 'फ़र्गस, कृपया उसे बाहर निकालो।' हालांकि यह साफ नहीं हुआ कि दर्शक को स्टेडियम से बाहर निकाला गया या नहीं। इससे पहले जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन पुरुष एकल ट्रॉफी समारोह के दौरान ज़ेवरेव को एक दर्शक ने परेशान किया था। जब वे अपनी उपविजेता ट्रॉफी लेने के लिए आगे बढ़े, तो एक दर्शक ने ज़ोर से चिल्लाया कि ऑस्ट्रेलिया ओल्या और ब्रेंडा पर विश्वास करता है। 27 वर्षीय खिलाड़ी पर 2020 में उनकी पूर्व प्रेमिका ओलेया शारिपोवा ने हिंसा का आरोप लगाया था और 2023 में ब्रेंडा पाटिया ने घरेलू दुर्व्यवहार का आरोप लगाया था, जिनसे उनका एक बच्चा भी है। ज़ेवरेव ने दोनों आरोपों का बार-बार खंडन किया है। ज़ेवरेव ने शुक्रवार को ग्रिक्सपूर के खिलाफ़ मैच 6-7(6) 7-6(3) 6-4 से जीता। शनिवार को सेमीफाइनल में उनका सामना हंगरी के मरोज़सन से होगा। अक्टूबर 2020 में, पूर्व प्रेमिका शारिपोवा ने अपने रिश्ते के दौरान ज़ेवरेव पर हिंसा और भावनात्मक दुर्व्यवहार का आरोप लगाया था।

# लखनऊ में सांसद खेल महाकुंभ का आगाज



**■ रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने किया उद्घाटन, लखनऊ स्पोर्टिंग कल्चर के लिए देश-विदेश में जाना जाता है**

**लखनऊ, वार्ता।** राजधानी लखनऊ स्थित केडी सिंह बाबू स्टेडियम में शनिवार को सांसद खेल महाकुंभ का धमाकेदार आगाज हुआ। रक्षामंत्री एवं सांसद राजनाथ सिंह ने इसका उद्घाटन किया। इस मौके पर रक्षामंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से कई सांसदों ने अपने क्षेत्र में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित कर समाज के विकास के लिए एक नई राह तैयार की है। इस कड़ी में अब लखनऊ का नाम भी जुड़ गया है। किसी भी समाज के विकास के लिए यह जरूरी है कि खेल और खिलाड़ियों को महत्व दिया और उन्हें समझा जाए। रक्षामंत्री ने आगे कहा कि लखनऊ शहर अपने स्पोर्टिंग कल्चर के लिए उत्तर प्रदेश में ही नहीं, देश विदेश में भी जाना जाता रहा है। जिन महान हाकी खिलाड़ी केडी सिंह बाबू के नाम से यह स्टेडिमय जाना जाता है, उन्होंने यहां पर काफी लंबा समय बिताया है। हाकी के जाद. ूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद ने भी लखनऊ को खासा समय दिया है। यहां की खेल संस्कृति को उन्होंने संवारा और निखारा है। उनके बेटे अशोक कुमार और ओलंपियन जमन लाल शर्मा की भी यह कर्मभूमि रही है। अपने संबोधन में उन्होंने आगे कहा कि एक समय था जब इसी केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर शीशमहल ट्रॉफी के नाम पर क्रिकेट टूर्नामेंट होता था। टीम इंडिया के बड़े-बड़े खिलाड़ी यहां खेलते नजर आते थे। भले ही वह टूर्नामेंट अब नहीं होता, लेकिन उसकी स्मृतियां आज भी लोगों के जेहन में कायम हैं। आज यह सांसद खेल महाकुंभ भी लखनऊ के स्पोर्टिंग कैलेंडर से जुड़ चुका है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में स्पोर्टिंग कल्चर का विकास हुआ है। पहले भारतीय खिलाड़ी जीतने से अधिक पार्टिसिपेट पर ही संतुष्ट हो जाया करते थे। लेकिन, आज भारत के खिलाड़ी पूरी दुनिया में जहां भी खेले, उन्हें गंभीरता से लिया जाता है।

# जेम्स विन्स की बदौलत किंग्स कराची ने क्वेटा ग्लेडिएटर्स को हराया

**कराची, वार्ता।** जेम्स विन्स की 47 गेंदों पर खेली गई 70 रनों की पारी की बदौलत कराची किंग्स ने पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में क्वेटा ग्लेडिएटर्स पर 56 रनों की शानदार जीत दर्ज की। विन्स ने प्रतियोगिता के अपने पहले मैच में 101 रन बनाए और किंग्स के 175.7 के स्कोर की नींव रखी। डेविड वार्नर के 31 रन पर स्क्वायर लेग पर कैच आउट होने के बाद छठे ओवर में वे 60.1 के स्कोर पर आए और शुक्रवार को पारी की आखिरी गेंद पर कैच आउट होने के बाद ही आउट हुए। 34 वर्षीय विन्स ने चार चौके और एक छक्का लगाया, हालांकि अगर गेंदबाज सऊद शकील ने डीप से थ्रो नहीं किया होता तो वे 10 रन पर रन आउट हो जाते। वार्नर और न्यूजीलैंड के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी टिम सीफर्ट, जिन्होंने 27 रन बनाए, 20 से अधिक रन बनाने वाले एकमात्र अन्य खिलाड़ी थे। जवाब में, ग्लेडिएटर्स पावरप्ले के अंदर पांच विकेट 37 रन पर गिर गए। उन्होंने 20 ओवर तक पारी को खींचा, 111-9 पर समाप्त हुआ, जिसमें सलामी बल्लेबाज शकील ने 40 गेंदों पर नाबाद 33 रन बनाए। विंस ने इस साल हैम्पशायर के साथ केवल व्हाइट-बॉल अनुबंध पर हस्ताक्षर किए।

# केएल राहुल ने धोनी व कोहली को पछाड़ा

**■ आईपीएल के मौजूदा सत्र में सबसे कम पारियों में 200 छक्के पूरे करने वाले बल्लेबाज बने**

**अहमदाबाद, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स के स्टार बल्लेबाज केएल राहुल शानदार फार्म में नजर आ रहे हैं। उन्होंने शनिवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ मुकाबले में बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वह आईपीएल में सबसे कम पारियों में 200 छक्के पूरे करने वाले बल्लेबाज बन गए।

इस मामले में उन्होंने महेंद्र सिंह धोनी और विराट कोहली जैसे दिग्गज बल्लेबाजों को पीछे छोड़ दिया। आईपीएल के मौजूदा सत्र में अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलते दिख रहे हैं। इससे पहले वह लखनऊ का हिस्सा थे। इस सत्र में उनका बल्ला जमकर गरज रहा है। पिछली छह पारियों में दिग्गज खिलाड़ी ने 266 रन बनाए हैं। इसमें दो अर्द्धशतकीय पारियां भी शामिल हैं। अब दाएं हाथ के बल्लेबाज ने बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। वह आईपीएल में सबसे कम पारियों में 200 छक्के पूरने करने वाले बल्लेबाज बन गए।

उन्होंने यह कारनामा 129 पारियों में किया। गुजरात के खिलाफ तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे केएल राहुल ने 14 गेंदों का सामना किया और चार चौके व एक छक्के की मदद से 28 रन बनाए। उन्हें प्रसि) कृष्णा ने यार्कर गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट किया। दिलचस्प बात यह है कि कृष्णा ने इस सत्र में सिर्फ दो बार यार्कर गेंदें फेंकी हैं जिनपर उन्हें विकेट मिले हैं।

# बटलर-रदरफोर्ड के तूफान से गुजरात नंबर-1 पर



**अहमदाबाद, वार्ता।** जॉस बटलर (97 नाबाद) और शरफ़ेन रदरफ़ोर्ड (43) के बीच 119 रन की रिकार्ड साझीदारी की मदद से गुजरात जायंट्स (जीटी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 35वें मैच में शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) को सात विकेट से हरा दिया।

इस जीत के साथ सात मैचों में पांच जीत के साथ औसत रन रेट के आधार पर अंकता. लिका में पहले स्थान पर पहुंच गया है वहीं दिल्ली भी इतने ही अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। जॉस बटलर और रदरफ़ोर्ड के बीच 119 रन की साझेदारी आईपीएल में तीसरे विकेट के लिए जीटी की तरफ़ सबसे बड़ी साझेदारी है, उन्होंने सुंदर और शुभमन गिल के 90 रनों की साझेदारी का रिकॉर्ड तोड़ दिया। दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने पहले खेलते हुए निर्धारित 20 ओवर में गुजरात टाइटंस के खिलाफ आठ विकेट पर 203 रन बनाये थे जिसके जवाब में गुजरात ने विजय लक्ष्य 19-2 ओवर में तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया। राहुल तेवतिया (11 नाबाद) की लगातार दो गेंदों में छक्का और चौका लगा कर अपनी टीम को शानदार जीत दिला दी। नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में कप्तान शुभमन गिल (7) का विकेट सस्ते में गिरने के बाद साई सुदर्शन (36) का साथ देने जॉस बटलर क्रीज पर आए। दोनो ने तेजी से रन बटोरते हुए 60 रन की बहुमूल्य साझीदारी कर टीम की नींव को मजबूत किया। सुदर्शन का विकेट आठवें ओवर में कुलदीप ने लिया। बाद में बटलर ने नये बल्लेबाज रदरफोर्ड के साथ मिलकर रनों की बारिश शुरु कर दी जिसे रोकने में दिल्ली के गेंदबाजों के पसीने छूट गए। रदरफोर्ड 19वें ओवर में मुकेश कुमार का शिकार बने। आखिरी ओवर में टीम को जीत के लिए 11 रन की दरकार थी जबकि बटलर को शतक के लिये मात्र तीन रन चाहिये थे। कप्तान अक्षर पटेल ने अपने सबसे अनुभवी गेंदबाज मिचेल स्टार्क को गेंद यह सोचकर थमायी कि वह पिछले मैच का कारनामा दोहरा कर जीत दिलायेंगे मगर स्टार्क की पहली गेंद यार्कर बनने से चूकी और तेवतिया ने उसे हवा में उडाते हुए बाउंड्री के पार पहुंचा दिया और इसके साथ ही दिल्ली की जीत की उम्मीदें हवा हो गयीं। शतक से चूके बटलर ने अपनी मैच जिताऊ पारी के दौरान 54 गेंद खेल कर 11 चौके और चार छक्के लगाये। इससे पहले दिल्ली ने पहले पॉवर प्ले का भरपूर इस्तेमाल करते हुए तेज शुरुआत की और 12 रन प्रति ओवर से भी अधिक गति से रन जुटाये। हालांकि इस बीच मेहमान टीम को अभिषेक पोरल (18) और कप्तान के एल राहुल (28) का विकेट गंवाना पड़ा। तेज शुरुआत के बाद मध्यक्रम ने अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निभाया।

# बारिश के साथ आए तूफान से भारी नुकसान

■ **दो की मौत होने की खबर, नगर पंचायत अध्यक्षों ने टीम भेज कर हटवाए सड़कों से पेड़**

**कांठ( शाह टाइम्स )** शुक्रवार की रात को तेज हवाओं के साथ आई बारिश ने लोगों का चौनोसुकून छीन लिया खेतों और सड़कों में पेड़ टूट कर गिर गए गेहूं की फसल खेतों में जलमग्न हो गई क्षेत्र की बिजली व्यवस्था पूरी तरह से ठप हो गई रात भर सड़कों पर आवागमन रुका रहा जिससे लोगों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा है। शुक्रवार की शाम क्षेत्र के लिए परेशानी का सबब बन गई रात करीब ९:०० बजे हल्की बूंदाबांदी के बाद तेज बारिश शुरू हो गई और बारिश के साथ चली हवाओं ने जगह–जगह बिजली के खंबे उखाड़ दिए। हवा की रफ्तार तेज होने के कारण सड़कों पर बड़े–बड़े पेड़ टूट कर गिर गए काफी संख्या में तो पेड़ जड़ से उखड़ गए मुरादाबाद से कांठ कैच की पुलिया से रसूलपुर नहर और नूरपुर मार्ग एवं उमरी से कांठ मार्ग पूरी तरह से पेड़ों के गिर जाने से बंद हो गया। रात को सड़कों पर गुजर रहे लोगों के वाहन जहां के तहाँ थम गए अन्य वैकल्पिक मार्गो से लोगों ने अपनी मंजिल पूरी करने का प्रयास किया लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिल पाई हालात यह रहे की लोगों को अपने वाहन खुली जगह में खड़े करने को मजबूर होना पड़ा लेकिन वहां भी हवा की तेज रफ्तार से वाहनों में बैठे लोगों में डर व्याप्त हो गया।

हालात इतने बिगड़े की कई जगह पर लोगों को अपने घरों से मात्र दो या तीन किलोमीटर की दूरी पर ही रात गुजारने को मजबूर होना पड़ा। आंधी और हवा की जद में आकर लोगों के घरों से टीनशेड उड़ गए छत पर लगे सौर ऊर्जा के पैनल भी आधा आधा किलोमीटर दूर जाकर गिर गए कई जगह दीवारें गिर गई तो कई जगह पर बाउंड्री वॉल की चपेट में आकर लोग घायल हो गए। टीन की चपेट में आकर हसनगढ़ी गांव में भूरा की पत्नी अपनी जान गवा बैठी तो थाना छजलेट के मधपुरी गांव में गंगाराम का सर दीवार से टकराने के कारण उसकी मौत हो गई। बताया गया की गंगाराम पुत्र चंचल उम्र लगभग ७० वर्ष के भूसे के मकान पर टीनन सेड पड़ा हुआ था जो तूफान में उड़ने लगा गंगाराम उसे पड़कर रोकने का प्रयास कर रहे थे तभी हवा के तेज झोके ने गंगाराम का सर दीवार से टकरा दिया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई लेकिन इन दोनों मामलों में किसी ने कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की, हवा की रफ्तार कम हुई तो पुलिस हरकत में आ गई और उमरी कांठ मार्ग पर रात भर राहत कार्य शुरू कराए गए। दोनों नगर पंचायत अध्यक्षो के सहयोग से सुबह करीब 4:00 बजे इन मार्गो पर संचालन शुरू हो सका लेकिन हवा के कारण गुल हुई बिजली के न मिलने से नगरों में पानी का संकट गहरा गया नगर पंचायत इकवाल आलम अंसारी और उमरी कला अध्यक्ष हाजी उस्मान द्वारा इसके लिए जनरेटर की व्यवस्था करके पीने के पानी की आपूर्ति सुचारू कराई गई जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली लेकिन बिजली के अभाव में घरों में अंधेरा फैल गया लोगों ने मोमबत्ती आदि माध्यमों से घर को रोशन करने के प्रयास किए लेकिन बिजली के आदी हो चुके लोगों को इससे राहत नहीं मिली एसडीएम संत दास पवार ने लेखपालों की टीम बनाकर क्षेत्र में हुए नुकसान का मुआयना कर रिपोर्ट दिए जाने के निर्देश दिए कुल मिलाकर करीब 2 घंटे चली आंधी और बारिश ने क्षेत्र के हालात खराब कर दिए किसानों को इससे भारी नुकसान उठाना पड़ा है।



## जिलाधिकारी ने दिए कैथल शिव बाल विद्या मंदिर को बंद कराने के आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** जनपद सम्भल के जिलाधिकारी राजेन्द्र पैंसिया द्वारा बगैर मान्यता प्राप्त चल रहे विद्यालयों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। लगातार परिषदीय शिक्षा सुधार के लिए स्कूलों में पहुंचकर शिक्षक की भूमिका निभाते नजर आते हैं। उनका मानना है कि यदि बेसिक स्कूलों में व्यापक सुधार हो जाये तो निश्चित रूप से संस्कारवान एवं अच्छे नागरिक बनेंगें। जिलाधिकारी द्वारा कैथल प्राथमिक विद्यालय प्रभम, एवं प्राथमिक विद्यालय द्वितीय का औचक निरीक्षण किया। जिसमें जू०ह० में अनिमितायें पाये जाने पर कार्यवाही की गयी।

वहीं कैथल में रामनगर कैथल रोड पर निजी स्कूल संचालित शिव बाल विद्या मंदिर कैथल को बंद करने का आदेश दिया। इधर खण्ड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार का आदेश दिया कि कैथल में संचालित विद्यालय को तत्काल बंद कराया जाये। वहीं उन बच्चों को परषदीय स्कूलों में प्रवेश दिलाया जायें। इस संबंध में बी०ई०ओ० विनोद कुमार से बातचीत की गयी उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान आदेश दिये हैं कि सभी मान्यता प्राप्त विद्यायल अपने मानक पूरे करे अन्यथा कार्यवाही की जायेगी।

## एक नजर

### अलग–अलग घटनाओं को लेकर कई के खिलाफ एफआईआर

**कांठ ( शाह टाइम्स )** नौकरी लगवाने के नाम पर हडपे गए रुपए के मामले में पुलिस ने महिला की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया है सिरसा ठाठ गांव की उमेश देवी पत्नी पुरुषोत्तम का आरोप है कि उसके पुत्र लकी टंडन पुत्र पुरुषोत्तम ने इंडियन आर्मी में नौकरी के लिए आवेदन किया था इंडियन आर्मी से रिटायर्ड यशपाल सिंह तोमर पुत्र तिलक राम निवासी शताब्दी नगर बड़ौत बागपत ने उसके पुत्र को फोन कर नोकरी लगवाने के नाम पर करीब 20000 ले लिए नौकरी न लगने पर महिला के पुत्र ने अपने पैसे वापस करने की मांग की। आरोप है कि उक्त व्यक्ति ने उसके पति के साथ जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल किया और घर से उठाकर जान से मारने की धमकी दी महिला ने इस मामले को मुख्यमंत्री के सामने रखा और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की मुख्यमंत्री के आदेश पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है दूसरी घटना थाना क्षेत्र के गांव अकबरपुर चेदरी की है वहां की स्वाति पत्नी कुलदीप का आरोप है कि उसने मुखी पोर्टल पर राशन कार्ड बनवाने के लिए आवेदन किया था इसके बाद उसके पास एक नंबर से फोन आया और राशन कार्ड बनवाने के नाम पर 1000 की मांग करते हुए बारकोड भेज दिया पीड़िता के मुताबिक उसने 1000 दो बार करके डाल दिए लेकिन उसका राशन कार्ड नहीं बन पाया पीड़िता ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### सनातन जागरण मंच ने बंगाल में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ आवाज की बुलंद

**कांठ( शाह टाइम्स )** सनातन जागरण मंच ने पश्चिम बंगाल में हिंदू समाज पर हो रहे अत्याचारों के विरुद्ध आवाज उठाई और राष्ट्रपति को प्रेषित ज्ञापन एसडीएम को सोपा। ज्ञापन में बताया गया कि पश्चिम बंगाल में हिंदू समाज के विरुद्ध हो रहे सुनियोजित हमलो से ना केवल मानवाधिकारों का उल्लंघन हुआ है बल्कि राज्य की कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी



है। उन्होंने रामनवमी और हनुमान जयंती के अवसर पर हुए हमलो का जिक्र किया शमशेरगंज में हिंदू परिवार पर हुए हमले और उन पर मारपीट कर घायल करने और घर में तोड़फोड़ करने का जिक्र किया बक्फ विवाद में पिता पुत्र की हत्या को लेकर मुर्शिदाबाद जिले के शमशेर गंज के जाफराबाद गांव में उन्मादी भीड़ द्वारा हरगोविंद दास और उसके पुत्र चंदन दास की हत्या के मामले को प्रमुखता से उठाया कहा कि वहां से लोग भारी संख्या में पलायन कर चुके हैं प्रशासनिक अमला निष्क्रिय और पक्षपातपुर रवैया अपना रहा है धार्मिक असहिष्णुता को बढ़ावा वहां की गतिविधि से मिला है। संवैधानिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो यह अनुच्छेद 25 धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन है उन्होंने पश्चिम बंगाल में हुई हिंसा घटनाओं की सीबीआई जांच कराने, हमले में पीड़ित परिवार को संरक्षण व मुआवजा दिलाने प्रशासनिक निष्क्रियता के जिम्मेदार अधिकारियों पर दंडात्मक कार्यवाही करने राज्य में अनुच्छेद ३५६ के तहत राष्ट्रपति शासन लागू कराए जाने आदि की मांग उठाई और कहा कि देशभर में धार्मिक अल्पसंख्यकों को या बहु संख्यको के ऊपर हो रहे हमले कि निगरानी हेतु राष्ट्रीय संप्रदायिक आयोग की स्थापना की जाए इस अवसर पर निश्चल सिरोही कुलदीप चौधरी शशांक शर्मा आनंद कुमार रोहित गडरिया हरवीर सैनी भूदेव सिंह बंटी कुमार विकास कुमार सुशील सिंह राहुल कुमार शिवम पुष्पेंद्र विकास शर्मा आदि काफी लोग मौजूद रहे।

# आईएफटीएम में तीन दिवसीय प्रेरणादायक बिजनेस प्लान एक्टिविटी का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में इंस्टीट्यूशन्स इना. ेवेशन काउंसिल (आईआईसी) एवं स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट (एसबीएम) के संयुक्त तत्वावधान में ''अंतर संस्थागत व्यापार योजना प्रतियोगिता'' विषय पर तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में उद्यमशीलता की सोच और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में आकर्षक प्रस्तुतियाँ, व्यावहारिक संबोधन और उत्साही भागीदारी शामिल रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल के प्रेरणादायक संबोधन से हुई, जिन्होंने आज के प्रतिस्पर्धी परिदृश्य में अभिनव व्यावसायिक विचारों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को पारंपरिक तरीकों से परे सोचने और उद्यमिता के लिए एक गतिशील दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की निदेशिका डॉ. निशा अग्रवाल ने छात्र–छात्राओं में नवाचार की भावना को बढ़ावा देने के लिए



संस्थान की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया और सफलता प्राप्त करने में संर्रा. चत व्यवसाय योजना और प्रभावी निष्पादन के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान निर्णायक मंडल के सदरूस डॉ. हिमांशु गुप्ता एवं डॉ. मेघा भाटिया के ज्ञानवर्धक संबोधनों ने उद्योगों को नया आकार देने और स्टार्ट–अप को सशक्त बनाने में उभरती प्रौद्योगिकियों की परिवर्तन कारी क्षमता को रेखांकित किया। इस प्रतियोगिता में फार्मेसी संकाय के विद्यार्थियों ने प्रथम एवं द्वितीय तथा बिजनेस मैनेजमेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के तीसरे व अन्तिम दिन स्कूल की निदेशिका प्रो. अग्रवाल ने विजेता रहे विद्यार्थियों को प्रमाण–पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया। इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से विश्वविद्यालय निश्चित ही युवा नव–प्रवर्तकों के लिए मार्ग प्रशस्त करके सीखने और विकास के लिए एक जीवंत माहौल को बढ़ावा दे रहा है। कार्यक्रम का समापन कार्यक्रम समन्वयक डॉ. आरती गर्ग द्वारा सभी प्रतिभागियों, संकाय सदस्यों और आयोजकों के प्रयासों की सराहना करते हुए धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।

# नगर में लगा आयुष्मान कार्ड के लिए विशेष कैम्प

## कैम्प के दौरान विधायक और उपजिलाधिकारी ने लोगों की सुनीं शिकायतें



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी/मूढ़ापांडे।** ब्लॉक परिसर कुंदरकी एवं महर्षि दयानंद लॉ कॉलेज भदासना में 70 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजनों के लिए आयुष्मान कार्ड और 60 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजनों हेतु वृद्धावस्था पेंशन बनाए जाने हेतु संबंधित विभागों द्वारा कैंपों का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने उपस्थित होकर बुजुर्गों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए। विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से अब 70 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक वृद्धजन को प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये तक का निशुल्क स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिल रहा है, विगत 6 वर्षों से आयुष्मान भारत के अंतर्गत अनेक योजनाओं के माध्यम से निशुल्क स्वास्थ्य बीमा का लाभ बहुत बड़ी आबादी को मिल रहा है। हमारी सरकार का प्रयास है कि हर जरूरतमंद व्यक्ति तक यह योजना पहुँचे और कोई भी व्यक्ति इलाज के अभाव में आर्थिक एवं मानसिक रूप से परेशान न हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के श्सबका साथ, सबका विकासश के संकल्प को साकार करते हुए हम जनकल्याण की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने हेतु संकल्पबद्ध हैं। कुंदरकी विधायक ने ब्लॉक परिसर में प्रधानमंत्री आवास योजना के मॉडल हाउस के निर्माण का भूमि पूजन कर शुभारंभ भी किया। इस अवसर पर एसडीएम विनय कुमार सिंह, चेयरमैन कुंदरकी मेंहदी हसन, ब्लॉक प्रमुख कुंदरकी गुलाम जिलानी, ब्लॉक प्रमुख मुंडापांडेय डॉ नवदीप यादव, डॉ अशरफ, डॉ सौरभ भरतिया, मंडल अध्यक्ष संजय कश्यप, बबलू सिंह, महेंद्र सैनी, नीरज चंद्रा, रामकिशोर ठाकुर, जयसिंह, खेमपाल सिंह, नसीम खान, दिलशाद, रविन्द्र सिंह, संजय दिवाकर, बृजेश लोधी सहित अनेक क्षेत्रवासी एवं स्वास्थ्य विभाग और समाज कल्याण विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री के समक्ष व्यापारियों की समस्याएं रखने पर अनेक संगठनों ने विपिन गुप्ता का किया स्वागत

**मुरादाबाद ( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर व्यापारियों की समस्याओं को रखने के संबंध में आज अनेक संगठनों ने व्यापारी नेता विपिन गुप्ता का उनके प्रतिष्ठान पर जाकर पटका पहनाकर और स्मृति चिह्न भेंट कर उनका



स्वागत किया। विपिन गुप्ता ने कहा कि में व्यापारियों के हित में कार्य करता रहूँगा और उनकी समस्याओं का समाधान भी कराऊँगा उन्होंने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री जी ने भी कहा कि आप लोगों की समस्याओं का हल कर दिया जाएगा। स्वागत करने वालो में रागबेन्द्र जोशी,दीपक अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, निखिल मल्होत्रा, संजय अग्रवाल, गोविंद, जीत, दीपक ओझा, प्रियांक रस्तोगी आदि शामिल रहे।

# चेयरमैन पद पर निर्वाचित होने पर राज्य कर्मचारियों ने किया भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश फार्मेसी काउंसिल के चेयरमैन पद पर निर्वाचित होने के बाद प्रथम बार आगमन राज्य कर्मचारियों द्वारा एवं सामाजिक संस्थाओं द्वारा अंबेडकर पार्क पर एकत्रित होकर उनका भव्य स्वागत किया एवं अंबेडकर पार्क से होते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय एवं जिला चिकित्सालय परिसर में जुलूस निकालकर उनका स्वागत किया। नर्सिंग मेस जिला चिकित्सालय में आयोजित सभा में विभिन्न वक्ताओं ने संदीप बडोला के राजनीतिक जीवन पर प्रकाश डाला और कहा कि सही मायने में संदीप बडोला प्रदेश के कर्मचारियों के लिए हमेशा संघर्ष करते हैं और पूरे हिंदुस्तान के कर्मचारी उनसे बहुत स्नेह रखते हैं। यही कारण है कि वह विभिन्न संगठनों के चुनाव में हमेशा विजई होते हैं ।सभी कर्मचारी नेताओं ने उनका स्वागत करते हुए उनको शुभकामनाएं प्रेषित करें।इस मौके पर उत्तर प्रदेश फार्मेसी काउंसिल के नवनिर्वाचित चेयरमैन संदीप बडोला ने कहा कि कर्मचारियों के स्नेह व आशीर्वाद की बदौलत ही आज यह उपलब्धि मुझे मिली है ।उन्होंने कहा की उत्तर प्रदेश फार्मेसी काउंसिल के अध्यक्ष पद का ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। फार्मेसी समाज को उन्नति के रास्ते पर ले जाएंगे और जो पहचान उत्तर प्रदेश में फार्मेसी को मिलनी चाहिए उसको वह पहचान दिलवाई जाएगी।उन्होंने कहा की उत्तर प्रदेश में फार्मेसी प्रैक्टिस रेगुलेशन 2015 लागू करवाना उनकी प्राथमिकता होगी। प्रदेश की विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं में जहां फार्मासिस्टों के पद नहीं है उन योजना में फार्मासिस्टों के पदों का सृजन कराना प्राथमिकता होगी और फार्मेसी काउंसिल का स्वरूप इस तरह बनाया जाएगा कि वहां रजिस्ट्रेशन करने वाले सदस्य को किसी भी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े । प्रदेश में डिप्लोमा और डिग्री धारी फार्मासिस्टों को अपडेट करने के लिए जनपद स्तर पर समय समय पर प्रशिक्षण शिविर लगाए जाएंगे,उन्होंने कहा सबको साथ लेकर उन्नति के रास्ते पर आगे बढ़ा जाएगा एवं प्रदेश में फार्मेसी को उचित सम्मान दिलाया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के मंडलीय सचिव हेमंत चौधरी ने किया। कार्यक्रम में डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष निश्चल भटनागर ,जिला अध्यक्ष पाकेश गुप्ता ,स्टाफ नर्सिंग एसोसिएशन की अध्यक्ष श्रीमती पूनम मैसी,महिला स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की अध्यक्ष लीला सुगरा ,जिला मंत्री रीना राही,सेल टैक्स कर्मचारी संगठन के मंडल




अध्यक्ष राजीव पाल ,सेल टैक्स कर्मचारी संगठन के कर्मचारी नेता एवं वेब ग्रीन रेजिडेंट्स वेलफेयर सोसाइटी के मंत्री मनोज तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष केदार मुरारी, मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के प्रदेश महामंत्री वृंदावन दोहरे, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष शेखर, मंत्री सुशील, संविदा आउटसोर्सिंग कर्मचारी संघ के अध्यक्ष योगेश तिवारी ,मंत्री महेश,वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती उमा, उपाध्यक्ष निशा मैसी, संविदा कर्मचारी संघ के जिला महामंत्री विपिन भट्ट , विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी ,मानस खंड संस्था के पदाधिकारी एवं सैकड़ो कर्मचारी उपस्थित रहे।

## येप सदस्य नशा मुक्ति के लिए चलाएंगे जागरूकता अभियान

**मुरादाबाद।** विश्व लिवर दिवस के मौके पर यंग एनर्जेटिक पॉजिटिव पीपल क्लब यप के सदस्य कांठ रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में एकत्रित हुए।आज के जीवन शैली में शराब अल्कोहल का बढ़ता चलन और



उसका आदी होने को लेकर विचार विमर्श किया फैटी लिवर आज भारत के लोगों में आम बात हो गई है।जो कि आगे चलकर लिवर सिरोसिस का रूप ले लेती है।जिसके लिए संगठन के सदस्यों ने प्रण लिया पूरे साल नशा मुक्ति के लिए सघन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जंक फूड का बढ़ता खान पीन बच्चों और बड़ों में फैटी लिवर एक प्रमुख कारण है।उसके लिए भी समय समय पर स्कूलों में महिला संस्था जागरूकता अभियान चलाएगी। गोष्ठी के दौरान नेहा मेहरोत्रा, शालिनी गुप्ता, मिली सिक्का, प्रियंका,भावना गुप्ता, प्रेमवाला,पूजा, तान्या, श्वेता गुप्ता, प्रियंका गुप्ता, तारिणी, आदि मौजूद रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई 45 शिकायतें

● उपजिलाधिकारी व तहसीलदार ने सुनी फरियादियों की फरियाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की फरियाद उपजिलाधिकारी निधि पटेल, एवं तहसीलदार धीरेन्द्र सिंह द्वारा सुनी गयी। 10 बजे से आयोजित समाधान दिवस में फरियादियों का पहुंचना शुरू हो गया। ग्राम राजपुर तहसील चन्दौसी के फरियादी संजीव शर्मा का गाटा सं० 463, 462, 444, 464 पूरा खेत हाईवे में आ गया है। उसके बैनामा का पैसा विजय शर्मा के खाते में भेज दिया गया है। फरियादी मोती मौहल्ल के रहने वाले राकेश कुमारी पत्नी स्व० कैलाश नाथ, राशि वार्ष्णेय पत्नी नीरज वार्ष्णेय द्वारा शिकायत दर्ज करायी गयी। कि विपक्षी लोगों ने ठिया उखाड दिया है। वहीं एक शिकायत पति द्वारा पत्नी को घर से निकालने के संबंध



में दर्ज करायी गयी। मौहम्मद नगर कस्बा में गाटा संख्या 741, 666 से कब्जा मुक्त कराने के संबंध में दी गयी। इधर धनैटा गांव में चकरोड मेढ तोडकर खेत में मिलाने के संबंध में ऊषा देवी आदि ने शिकायत की। दो बजे तक सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग 15, पुलिस विभाग 09, चकबंदी 02, विकास विभाग की 05, खाद्य एवं राजस्व विभाग की 02 इस तरह से कुल 45 शिकायतें दर्ज करायी गयी। समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी निधि पटेल, तहसीलदार धीरेन्द्र सिंह, नायब तहसीलदार , वीडीओ कमल कांत, ए०बी०एस०ए० विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

# एसएम डिग्री कॉलिज में प्राचार्य दानवीर सिंह यादव, डॉ. प्रवीण कुमार, संविदा बीएड विभाग की डॉ. गीता शर्मा को किया बर्खास्त

## डॉ. गीता शर्मा बीएड विभाग में वर्ष 2008 से थी तैनात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** एस०एम० कॉलिज में प्रबंधक तंत्र द्वारा कमेटी गठित कर निर्णय में जांचों के उपरांत निलम्बित प्राचार्य डॉ० दानवीर यादव, डॉ० प्रवीण कुमार वर्ष 2008 से बी०एड० विभाग में तैनात गीता शर्मा को नौकरी से हाथ धोना पडा। शनिवार को प्रबंधक तंत्र द्वारा प्राचार्य आचार्य को बर्खास्त लैटर थमा दिया गया। हालांकि प्राचार्य डा० दानवीर यादव ने अपने बर्खास्त पत्र पर हस्ताक्षर नहीं किये हैं। वहीं डॉ० प्रवीण कुमार को बर्खास्त पत्र देकर उनकी सेवायें समप्ति करने का आदेश जारी कर दिया गया। वहीं बी०एड० विभाग में कार्यरत डॉ० गीता शर्मा को इससे पूर्व सीधे बर्खास्त कर दिया। इससे पहले 16 अप्रैल 2025 को मुरादाबाद पुरूष पॉलिटैक्निक में बी०सी० कोर्ट लगी थी। जिसमें गुरू जम्भेश्वर विश्व विद्यालय मुरादाबाद के प्रो० सचिन महेश्वरी कुलपति, शशि भूषण कुल सचिव, शांतनु कुमार सचिव, डॉ० हेमंत सक्सैना प्राचार्य कार्यवाहक, डॉ० प्रवीण कुमार कामर्स विभाग, डॉ० गीता शर्मा असि० प्रोफेसर स्व० वित्त पोषित बी०एड० विभाग पहुंचे थे। वहां प्रभम पक्ष सचिव एस०एम० कॉलिज शांतनु कुमार व दूसरे पक्ष को सुना था। वहीं अगली तिथि 24 अप्रैल निर्धारित की गयी लेकिन 24 अप्रैल से पहले ही कमेटी ने निर्णय लेकर प्राचार्य असि० प्रोफेसर प्रवीण कुमार की भी सेवायें समाप्त का पत्र अपने प्रदत्त अधिकारियों के माध्यम से कर दिया। प्रबंधक कमेटी द्वारा जारी पत्र में सीधे निर्देश प्रवीण कुमार को दिये गये हैं कि महाविद्यालय स्ववित्त पोषित खण्ड के स्नातकोत्तर, समाज शास्त्र अ० प्रोफेसर मीनाक्षी सागर द्वारा प्रबंध तंत्र को प्रस्तुत शिकायती पत्र शरीरिक एवं मानसिक उत्पीडन कर दिया था। जिसमें वोक. ेशनल कोर्स में उगाही, अध्यापकों की नियुक्ति, धन उगाही को लेकर शिकायत की गयी थी। 7 फरवरी को शिकायत कमेटी द्वारा गठित की गयी। 16 मार्च 2025 को डॉ० प्रवीण कुमार प्रोफेसर के विरूद्ध आरोप पत्र के द्वारा अध्यारोपित किये गये उनकी पुष्टि की गयी। प्रबंधक कमेटी ने 18 अप्रैल 2025 को आहुत बैठक में कृत्य गंभीर पाये जाने पर फर्स्ट स्टेटस ऑफ यूनिवर्सिटी ऑफ रूहेलखण्ड लेसन द्वारा निलम्बित प्रोफेसर को 18 अप्रैल को बर्खास्त कर दिया गया।

वहीं तीनों बर्खास्त लोगों को कॉलिज प्रबधंन की ओर से लैटर जारी कर दिया गया। इधर बर्खास्त प्राचार्य, अ० प्रोफेसर अब उच्च न्यायालय का सहारा लेने को मन बना चुका हैं।



# अमेरिका-ईरान में न्यूक्लियर डील पर बातचीत शुरू

## इटली के रोम में मिले दोनों देशों के नेता, ईरान ने जताया अमेरिका के इरादों पर शक

रोम, वार्ता

**अमेरिका** और ईरान के बीच आज इटली की राजधानी रोम में न्यूक्लियर डील पर बातचीत शुरू हो गई है। इस बातचीत में अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकाफ और ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराकची शामिल हैं। दोनों के बीच डील पर बातचीत का यह दूसरा फेज है। इससे पहले ईरानी विदेश मंत्री अराकची ने गुरुवार को रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से बात की। इस दौरान अराकची ने कहा कि अमेरिका के इरादों पर भरोसा नहीं है, लेकिन फिर भी बातचीत करेंगे। अमेरिका और ईरान के बीच 12 अप्रैल को दोनों देशों के ओमान में बीच पहली बातचीत हुई थी। इसकी मध्यस्थता ओमान के विदेश मंत्री बदर अल-बुसैदी ने की थी। यह दोनों देशों में एक दशक के बाद न्यूक्लियर डील पर होने वाली पहली आधिकारिक बातचीत थी। इसमें अराकची और विटकाफ ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम और ईरान पर लगे प्रतिबंधों को हटाने से संबंधित मुद्दों पर बात की। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ईरान को न्यूक्लियर प्रोग्राम नहीं छोड़ने पर खामियाजा भुगतने की धमकी दे चुके हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट के मुताबिक ट्रम्प की प्राथमिकता है कि ईरान कभी परमाणु हथियार हासिल न कर सके। लेविट ने पिछले हफ्ते एक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान बताया कि राष्ट्रपति ट्रम्प पहले भी साफ कर चुके हैं कि इस मामले में सभी विकल्प खुले हैं। ईरान के पास दो विकल्प हैं-या तो ट्रम्प की मांगों को माने, या गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहे। यही इस मुद्दे पर ट्रम्प की दृढ़ भावना है। ट्रम्प की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने शनिवार को कहा कि ईरान को ट्रम्प की बातें माननी पड़ेंगीं या परिणाम भुगतना पड़ेगा। पालिटिको की रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रम्प ने ईरान को एक नई परमाणु डील पर सहमति के लिए 60 दिनों का समय दिया है, नहीं तो सैन्य कार्रवाई की चेतावनी दी है। यह चेतावनी एक चिट्ठी के जरिए ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को भेजी गई। इस पत्र में साफ तौर पर कहा गया कि तेहरान को वाशिंगटन के साथ बातचीत के लिए तैयार रहना होगा, चाहे यह बातचीत सीधे ही क्यों न हो। नहीं तो ऐसे परिणाम भुगतने होंगे जो ईरानी सरकार की स्थिरता को खतरे में डाल सकते हैं। इससे पहले 30 मार्च को ट्रम्प ने ईरान को धमकी दी थी कि अगर वह अपने न्यूक्लियर प्रोग्राम पर किसी समझौते पर नहीं पहुंचता तो अमेरिका उस पर बमबारी कर सकता है। ट्रम्प ने ईरान पर सेकेंडरी टैरिफ लगाने की भी धमकी दी।



बातचीत में अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकाफ और ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराकची शामिल

### रूस चीन, अमेरिका के साथ ईरान समझौते की गारंटी पर चर्चा करेंगे

**तेहरान।** अमेरिका ईरानी परमाणु कार्यक्रम पर संभावित तेहरान-वाशिंगटन समझौते के लिए गारंटी प्रदान करने वाला और इस्लामी गणराज्य पर प्रतिबंध हटाने वाला अकेला देश नहीं होगा, रूस और चीन अमेरिका के साथ तेहरान के लिए 'अधिक विश्वसनीय गारंटी' के मुद्दे पर चर्चा करेंगे। ईरान के राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति पर संसदीय समिति के सदस्य अलादीन बोरौजेर्डी ने यह बात कही। ईरानी राज्य एजेंसी 'एसएनएन' ने बोरौजेर्डी के हवाले से कहा कि तेहरान और वाशिंगटन के बीच बातचीत के दौरान, गारंटी न केवल अमेरिका द्वारा प्रदान की जाएगी। रूस और चीन जैसे देश अधिक विश्वसनीय गारंटी पर अमेरिका के साथ बातचीत में दाखिल होंगे। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची गुरुवार और शुक्रवार को मॉस्को की आधिकारिक यात्रा पर थे और अगले कुछ दिनों में, ईरानी राज्य समाचार एजेंसी आईआरएनए के अनुसार, अराघची चीन का दौरा करेंगे। अपनी रूस यात्रा के दौरान, ईरानी राजनयिक ने रूसी नेता व्लादिमीर पुतिन के साथ बैठक और बातचीत की, और उन्हें ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई का संदेश दिया।




असम। नागांव जिले में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हाल ही में हुई सांप्रदायिक हिंसा के खिलाफ विरोध रैली में भाग लेते विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के सदस्य।

### हेरोइन तस्करी के अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क का भंडाफोड़, 10 गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने करीब दो महीने चले अभियान में मादक पदार्थों और आतंकवाद के वित्तपोषण मे शामिल एक बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश कर कम से कम 10 संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। यह नेटवर्क अफगानिस्तान, पाकिस्तान और दिल्ली सहित भारत के चार राज्यों और केन्द्र शासित में फैला हुआ था। दिल्ली पुलिस के संयुक्त आयुक्त सुरेन्द्र सिंह जाखड़ और उपायुक्त अपूर्वा गुप्ता ने यहां विशेष संवाददाता सम्मेलन में बताया कि पिछले 50 दिनों के लंबे अभियान और जांच-पड़ताल के बाद इनके पास से 1-6 किलोग्राम अफगानिस्तान में बनी हेरोइन, नशे के लिए इस्तेमाल किए जाने वाला 130 ग्राम एक खास किस्म का रसायन, मादक द्रव्यों को पहुंचाने में इस्तेमाल की जाने वाली दो मोटरसाइकिल, 16 मोबाइल फोन, करीब 10 करोड़ रुपये मूल्य की पांच संपत्तियां जब्त की गई हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### वेनेजुएला के लोगों के निर्वासन पर अस्थायी रूप से रोक

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने शनिवार को एक अहम फैसला लेते हुए टेक्सास के डिटेंशन सेंटर में बंद वेनेजुएला के लोगों को फिलहाल उनके देश वापस भेजने पर रोक लगा दी है। यह फैसला 18वीं सदी के पुराने कानून एलियन एनिमीज़ एक्ट (1798) के तहत किए जा रहे निर्वासन के खिलाफ दायर याचिका पर आया है। बता दें कि यह मामला अमेरिकन सिविल लिबर्टीज यूनियन द्वारा सुप्रीम कोर्ट में की गई आपात अपील से जुड़ा है।

### भाजपा के षड्यंत्र को बेनकाब करना जरूरी: खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) हर मुद्दे पर लोगों को गुमराह कर षड्यंत्र करती है और उसकी असलियत को बेनकाब किया जाना बहुत जरूरी है। खड़गे ने शनिवार को यहां पार्टी के नए मुख्यालय इंदिरा भवन में पार्टी महासचिवों और प्रदेश प्रभारियों की बैठक को संबोधित करते हुए आठ तथा नौ अप्रैल के अहमदाबाद में हुए पार्टी के अधिवेशन को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इस सत्र में पारित संदेश को जिला, मंडल, ब्लाक और बूथ तक पहुंचना है और पार्टी ने इस संबंध में सर्कुलर भी जारी किया था।

### सिडनी में पीछा करने पर पुलिस वाहन पर चलाई गईं गोलियां

**सिडनी।** सिडनी के पूर्वी उपनगरों में शनिवार की सुबह एक चोरी की कार का पीछा करने के बाद एक पुलिस वाहन को टक्कर मार दी गई और गोलियां चलाई गईं। हालांकि इसके बाद भी बाद तलाशी जारी रही। ऑस्ट्रेलियाई राज्य न्यू साउथ वेल्स पुलिस ने कहा कि पुलिस ने स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 4 बजे शहर के पूर्व में ओल्ड साउथ हेड रोड, रोज़ बे पर गहरे रंग की कार का पीछा करना शुरू किया, जब पीछा शुरू किया गया लेकिन गति के कारण इसे रोक दिया गया।



# गाजा पर इजरायली एयरस्ट्राइक में 90 की मौत

## सैकड़ों लोग घायल हुए, 18 महीने की लड़ाई में अब तक 61 हजार से ज्यादा मौत, यूएन बोला: हजारों के भूखे मरने का खतरा

गाजा, वार्ता

**गाजा** में हुई इजरायली एयरस्ट्राइक में अब तक 90 लोगों की मौत हो गई है, जबकि सैकड़ों घायल हैं। जैसे-जैसे मलबा हटाया जा रहा है, मरने वालों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। गाजा सरकार के मुताबिक बीते 18 महीने की लड़ाई में अबतक गाजा के 61 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। वहीं यूएन ने चेतावनी देते हुए कहा कि गाजा में हजारों लोग पर भूखे मरने का जोखिम है।

गाजा में लगातार इजरायली गोलीबारी, हवाई हमले और नाकाबंदी की वजह से लोग मानसिक तौर पर बुरी तरह से टूट चुके हैं। कई लोगों अपने बच्चों को पेट भर खाना खिलाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। एक एजेंसी वफा के मुताबिक इजरायली सैनिकों ने वेस्ट बैंक में हेब्रोन के फव्वार रिफ्यूजी कैंप में 8 फलस्तीनियों को गिरफ्तार किया। सैनिकों ने यहां कई घरों पर छापे मारे गए और संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया और तोड़फोड़ की। रेस्क्यू वर्कर्स लगातार लोगों की मदद कर रहे। जैसे जैसे मलबा हटाया जा रहा है, मरने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। इजरायल

- लगातार जारी इजरायली गोलीबारी हवाई हमले और नाकाबंदी की वजह से लोग मानसिक तौर पर बुरी तरह से टूट चुके हैं
- सैनिकों ने यहां कई घरों पर छापे मारे व संपत्ति को नुकसान पहुंचाया और तोड़फोड़ की, रेस्क्यू वर्कर्स लगातार लोगों की मदद कर रहे

दक्षिणी गाजा में कुवैती हास्पिटल के चाइल्ड रोग एक्सपर्ट हेजम मुसलेह ने मीडिया को बताया कि इजरायली हमलों की वजह से बच्चों को गंभीर स्वास्थ्य संकट का सामना करना पड़ रहा है। दूसरी तरफ ग्लोबल हेरिटेज डे पर ह्यूमन राइट्स ग्रुप अल-हक ने बताया कि इजरायल सेना ने कई फलस्तीनी सांस्कृतिक स्थलों को निशाना बनाया है, जिनमें कुछ को यूनेस्को ने वर्ल्ड हेरिटेज साइट के तौर पर लिस्ट किया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वेस्ट बैंक के उत्तरी बेथलहम में स्थित अल-मखरौर इलाका जिसे 2014 में यूएन की वर्ल्ड हेरिटेज लिस्ट में जोड़ा था पर भी इजरायली कब्जे का खतरा बढ़ता जा रहा है। इससे पहले गाजा के अल-बलाह में रविवार रात हुए इजरायली हमले में 37 लोगों की मौत हो गई थी। इसमें 6 भाई थे। इनकी उम्र 10 साल से 34 साल के बीच थी।

इजरायल ने हमास की नुखबा फोर्स के एक लीडर हमजा वायल मुहम्मद असाफा मारने का दावा किया है। हमजा इजरायल पर 7 अक्टूबर के हमले और बंधकों की रिहाई एक फेज में शामिल था। इजरायली डिफेंस फोर्सेस (आईडीएफफ) के मुताबिक हमजा की मौत दो हफ्ते पहले सेंट्रल गाजा में एक हमले में हुई थी। हमजा ने इजरायल बंधक एलियाहु शाराबी, ओहद बेन-अमी और ओर लेवी की रिहाई के कार्यक्रम में हिस्सा लिया था। इजरायली सेना ने राफा का बाकी गाजा से संपर्क काट दिया है। रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने 12 अप्रैल को इसकी पुष्टि की। उन्होंने कहा कि इजरायली डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने मोराग कारिडोर पर कब्जा कर लिया है, जिससे राफा का गाजा पट्टी से संपर्क टूट गया है। मोराग कारिडोर दक्षिणी गाजा में एक रास्ता है जो उसे गाजा पट्टी से अलग करता है। काट्ज ने गाजा के लोगों को धमकी देते हुए कहा कि यह हमास को भगाने और सभी बंधकों को रिहा कर जंग को खत्म करने का आखिरी मौका है। अगर ऐसा नहीं हुआ तो ये सब गाजा के दूसरे इलाके में भी होना शुरू हो जाएगा। काट्ज ने कहा कि राफा को अब 'इजरायली सिक्योरिटी जोन' में बदल दिया गया है।

इजरायली सिक्योरिटी जोन का मतलब मतलब उन जगहों से है, जिन्हें इजरायल अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए जरूरी मानता है और उन्हें कंट्रोल करता है। राफा क्रासिंग, फिलाडेल्फी कारिडोर, वेस्ट बैंक के कुछ इलाके और गोलान हाइट्स इजरायली सुरक्षा क्षेत्रके अंतर्गत आते हैं। इन इलाकों पर सेना के जरिए कंट्रोल किया जाता है। इजरायल काट्ज ने कहा कि नेत्जारिम कारिडोर जो गाजा को दो भागों में बांटती है, उसका भी विस्तार किया जाएगा। इस साल की शुरुआत में जब सीजफायर को लेकर डील हुई थी तब इजरायल ने नेत्जारिम कारिडोर छोड़ दिया था। लेकिन कुछ ही समय बाद इजरायल ने जंग फिर से शुरू कर दी और फिर से इस कारिडोर को अपने कब्जे में ले लिया।

# अमेरिका में वीजा रद्द होने वाले छात्रों में 50% भारतीय

## चीनी छात्र दूसरे नंबर पर, विदेश विभाग का छात्रों को देश छोड़ने का आदेश, 327 छात्रों की जानकारी इकट्ठा की गई

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिकी** सरकार ने हाल ही में कई विदेशी छात्रों को वीजा रद्द होने का मेल भेजा था। इस मेल में इन छात्रों से अमेरिका छोड़ने के लिए कहा गया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक इनमें से 50 प्रतिशत भारतीय छात्र हैं। अमेरिकन इमिग्रेशन लायर्स एसोसिएशन (एआईएलए) ने ऐसे ही 327 छात्रों की जानकारी इक्ट्ठा की है। इनमें से 50 प्रतिशत से ज्यादा भारतीय छात्र हैं। भारत के बाद दूसरा नंबर चीन का है।

इस लिस्ट में शामिल 14 प्रतिशत छात्र चीनी हैं। अमेरिकी विदेश विभाग पिछले चार महीनों से विदेशी छात्रों के डेटा की जांच कर रहा है। इसके जरिए इजराइल के खिलाफ और हमास के समर्थन में प्रदर्शन करने वाले विदेश छात्रों का वीजा रद्द किया जा रहा है। विदेश मंत्री मार्को रुबियो के मुताबिक 26 मार्च तक 300 से ज्यादा 'हमास समर्थक' छात्रों का एफ-1 वीजा रद्द किया जा चुका है। इसमें कई भारतीय छात्र भी शामिल हैं। अमेरिकी सरकार एआई ऐप 'कैच एंड रिवोक' की मदद से ऐसे छात्रों की पहचान कर रही है। विदेश मंत्री मार्को रुबियो के मुताबिक 26 मार्च तक 300 से ज्यादा 'हमास समर्थक' छात्रों का एफ-1 वीजा रद्द किया जा चुका है। इसमें कई भारतीय छात्र भी शामिल हैं।



**AI ऐप की मदद से छात्रों की पहचान कर रही अमेरिकी सरकार**

**E-mail में चेतावनी: देश छोड़ दें, वरना हिरासत में लिया जाएगा**

इस ऐप की मदद से सबसे पहले 5 मार्च को तुर्किये की एक छात्रा रुमेसा ओजतुर्क की पहचान की गई थी। वह टफ्ट्स यूनिवर्सिटी, बोस्टन में पढ़ाई कर रही थी। उसने सोशल मीडिया पर फलस्तीन के समर्थन में पोस्ट किया था, जिसके बाद अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने उसका वीजा रद्द कर दिया। यह मेल कई यूनिवर्सिटी के छात्रों को भेजा गया है। इसमें हार्वर्ड, कोलंबिया, येल, कैलिफोर्निया और मिशिगन यूनिवर्सिटी जैसे चर्चित संस्थान हैं। हालांकि कितनी यूनिवर्सिटीज के कितने छात्रों को यह मेल भेजा गया है, इसकी सटीक जानकारी अभी सामने नहीं आई है। ईमेल में छात्रों से कहा गया कि उनका एफ-1 वीजा अमेरिका के इमिग्रेशन एंड नेशनैलिटी एक्ट की धारा 221(आई) के तहत रद्द कर दिया गया है। अब अगर वे अमेरिका में रहते हैं तो उन पर जुर्माना लगाया जा सकता है, उन्हें हिरासत में लिया जा सकता है या उन्हें डिपोर्ट किया जा सकता है। ईमेल में यह भी बताया गया है कि छात्रों को उनके गृह देशों के अलावा दूसरे देशों में भी भेजा जा सकता है। इसलिए बेहतर है कि छात्र खुद ही अमेरिका छोड़ दें। ओपन डोर्स रिपोर्ट 2024 के मुताबिक अमेरिका में 2023-24 में 3 लाख 32 हजार छात्र पढ़ाई कर रहे थे। यह पिछले 2022-23 की तुलना में 23 प्रतिशत ज्यादा है। इसमें से ज्यादातर एफ-1 वीजा वाले हैं, क्योंकि यह विदेशी छात्रों के लिए सबसे आम वीजा है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगले साल अमेरिका में पढ़ाई करने वाले भारतीय छात्रों की संख्या 4 लाख तक पहुंच सकती है। अमेरिका में हर भारतीय छात्र औसतन 30 से 70 लाख रुपये खर्च करता है। शहर, यूनिवर्सिटी के आधार पर खर्च में इतना अंतर आता है। कुछ रिपोर्ट्स में अनुमान के आधार पर बताया गया है कि अमेरिका में भारतीय छात्रों ने 2023-24 में 1.38 लाख करोड़ रुपए खर्च किए। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने 30 मार्च 2025 को एक बयान कर अमेरिका में पढ़ाई कर रहे भारतीय छात्रों से वहां के स्थानीय कानूनों और वीजा नियमों का सख्ती से पालन करने को कहा था।

### यूएनआईडीओ ने की अमेरिकी टैरिफ बढ़ोतरी की आलोचना

**वियना।** संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास संगठन (यूएनआईडीओ) ने शुक्रवार को अपनी वेबसाइट पर एक लेख प्रकाशित किया, जिसमें वैश्विक आर्थिक विकास और औद्योगिक विकास पर अमेरिका की हालिया टैरिफ वृद्धि के प्रतिकूल प्रभावों पर चिंता व्यक्त की गई है। यूएनआईडीओ ने जोर देकर कहा कि टैरिफ बढ़ोतरी गलत दृष्टिकोण अपनाती है, यह इंगित करते हुए कि उनकी गणना और कार्यान्वयन में उनके इच्छित परिणामों की उपलब्धि का समर्थन करने के लिए सबूत की कमी है। लेख के अनुसार ये टैरिफ औद्योगिक उत्पादन की लागत को बढ़ाते हैं, जिससे आर्थिक दक्षता कम हो जाती है, व्यापार के लाभ कम हो जाते हैं और प्रतिस्पर्धात्मकता कमजोर हो जाती है। यूएनआईडीओ ने चेतावनी दी कि ऐसी नीतियां अंततः दुनिया भर में नौकरियों को खतरे में डाल देंगी, जिससे सबसे कमजोर देश सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे।

# इटली में पाकिस्तानी लड़की की आनर किलिंग

**रोम।** इटली में पाकिस्तानी मूल की लड़की के आनर किलिंग में एक अपील अदालत ने अहम फैसला सुनाया है। जहां अपील अदालत ने 18 साल की पाकिस्तानी मूल की लड़की समन अब्बास की हत्या के मामले में उसके माता-पिता और रिश्तेदारों की उम्रकैद की सजा को बरकरार रखा है।

यह मामला इटली में आनर किलिंग यानी 'इज्जत के नाम पर हत्या' का बेहद चर्चित केस बन गया है। बता दें कि पाकिस्तान से आकर इटली में रह रही समन अब्बास ने अपने माता-पिता द्वारा तय की गई शादी को मानने से इन्कार कर दिया था। वह वेस्टन कल्चर अपना रही थी, और एक पाकिस्तानी युवक से प्रेम कर रही थी, जिससे उसके परिवार वाले नाराज थे। इसके बाद 30 अप्रैल 2021 को वह आखिरी बार देखी गई थी। कुछ दिनों बाद उसके माता-पिता इटली से पाकिस्तान चले गए। बाद में समन का शव 2022 में एक फार्महाउस से बरामद हुआ। लड़की की आनर किलिंग मामले में अदालत ने पिता शब्बीर अब्बास, मां नाज़िया शाहीन और दो चचेरे भाई को उम्रकैद की सजा सुनाई है। वहीं चाचा दानिश हसनैन की सजा 14 साल से बढ़ाकर बढ़ाकर 22 साल कर दी गई है। वहीं मामले में इतालवी जांचकर्ताओं के मुताबिक, एक सोशल मीडिया पोस्ट, जिसमें समन और उसके प्रेमी को सार्वजनिक रूप से चूमते हुए देखा गया था, उसके माता-पिता को गुस्से में ला दिया। समन ने अपने प्रेमी से यह भी कहा था कि उसे डर है कि उसके माता-पिता पाकिस्तान में जबरन शादी करवाना चाहते हैं और वो उसकी जान भी ले सकते हैं। गौरतलब है कि जब समन का शव मिला, तो गर्दन की हड्डी टूटी हुई पाई गई, जिससे पता चला कि शायद उसकी गला घोंटकर हत्या की गई थी।

- अदालत ने माता-पिता और रिश्तेदारों की उम्रकैद की सजा बरकरार रखी

# रूस-यूक्रेन को अमेरिका का अल्टीमेटम

## ट्रम्प बोले: अगर रूस या यूक्रेन शांति के लिए तैयार नहीं, तो हम पीस डील से बाहर आ जाएंगे

पेरिस, वार्ता

**अमेरिका** जल्द ही खुद को रूस-यूक्रेन पीस डील से बाहर कर सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूस-यूक्रेन पीस डील से हटने की धमकी दी है। उन्होंने कहा है कि अगर रूस या यूक्रेन में से कोई एक भी डील के लिए तैयार नहीं होता है तो यह एक बेवकूफी भरा कदम होगा और हम पीस डील से बाहर आ जाएंगे।

इससे पहले अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियों ने कहा था कि आने वाले दिनों में अगर रूस और यूक्रेन जंग को खत्म करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाते हैं, तो अमेरिका शांति के प्रयास छोड़ देगा। डोनाल्ड ट्रम्प का दूसरा कार्यकाल शुरू हुए लगभग 90 दिन बीत चुके हैं। इस दौरान अमेरिका और रूस के बीच कई बार यूक्रेन जंग के समाधान पर बातचीत हो चुकी है। लेकिन ट्रम्प प्रशासन को शांति कायम करने में कोई खास सफलता हाथ नहीं लगी है। पेरिस दौरे से लौटते वक्त रुबियो ने कहा कि अगर यूक्रेन जंग को खत्म करना संभव नहीं है, तो अमेरिका को अगले कुछ दिनों में अपनी कोशिशें छोड़ देनी चाहिए और आगे बढ़ जाना चाहिए। रुबियो ने कहा कि अमेरिका जल्द ही यह तय करेगा कि यूक्रेन जंग को खत्म किया जा सकता है या नहीं। ट्रम्प प्रशासन आने वाले दिनों में इस पर फैसला लेगा। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियों और विशेष दूत स्टीव विटकाफ ने गुरुवार को पेरिस में यूरोपीय और यूक्रेनी नेताओं के साथ मुलाकात की थी। यह बैठक जंग को खत्म करने के लिए की जा रही ट्रम्प प्रशासन की कोशिश के तौर पर आयोजित किया गया। इस बैठक में अमेरिका ने शांति के लिए एक प्लान पेश किया। अमेरिकी विदेश विभाग के मुताबिक इस प्लान को सभी पक्षों ने सराहा है। हालांकि इस प्लान में क्या शामिल किया गया है, यह अभी सार्वजनिक नहीं किया गया है।



**डोनाल्ड ट्रम्प का दूसरा कार्यकाल शुरू हुए लगभग 90 दिन बीत चुके हैं**

# कनाडा में भारतीय छात्रा की गोली लगने से मौत

ओंटारियो, वार्ता

**कनाडा** में एक 21 वर्षीय भारतीय छात्रा की गोली लगने से मौत हो गई। घटना के समय पीड़िता एक बस स्टॉप पर खड़े होकर काम पर जाने के लिए बस का इंतजार कर रही थी, तभी उसे गोली लगी। पुलिस का कहना है कि बस स्टॉप के नजदीक ही एक कार से गोली चलाई गई। दरअसल दो कार सवारों ने एक दूसरे पर गोली चलाई थी।

इसी गोलीबारी की चपेट में भारतीय छात्रा आ गई, जिससे उसकी जान चली गई। मृतक भारतीय छात्रा की पहचान हरसिमरत रंधावा के रूप में हुई है, जो कनाडा के ओंटारियो के हेमिल्टन स्थित मोहाक कॉलेज की छात्रा थी। टोरंटो में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि हम भारतीय छात्रा हरसिमरत रंधावा की दुखद मौत से दुखी हैं। स्थानीय पुलिस के अनुसार, वह बेगुनाह पीड़ित थी, जो बस स्टॉप पर हुई गोलीबारी के बीच फंस गई।

पुलिस घटना की जांच कर रही है। हम पीड़िता के परिवार के संपर्क में हैं और सभी जरूरी मदद कर रहे हैं। इस मुश्किल वक्त में हमारी संवेदनाएं पीड़ित परिवार के साथ हैं। पुलिस ने बताया कि शाम करीब 7.30 बजे उन्हें हैमिल्टन में अपर जेम्स इलाके में गोलीबारी की सूचना मिली। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो मौके पर भारतीय छात्रा घायल अवस्था में मिली।

- दो गैंग की मुठभेड़ में निशाना बनी पीड़िता

# बांग्लादेश में हिंदू नेता की पीट-पीटकर हत्या

## पत्नी ने बताया: दो बाइक पर चार लोग आए, जबरदस्ती उठाकर ले गए

**ढाका।** बांग्लादेश में अज्ञात लोगों ने एक बड़े हिंदू नेता की हत्या कर दी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भाबेश चंद्र राय (58) को गुरुवार दोपहर को उनके घर से किडनैप किया और पीट-पीटकर मार डाला गया।

वे बांग्लादेश पूजा उद्यापन परिषद की बीराल इकाई के उपाध्यक्ष थे। हिंदू समुदाय में उनकी बड़ी पकड़ थी। पुलिस ने बताया कि वे ढाका से 330 किमी दूर दिनाजपुर के बसुदेवपुर गांव के रहने वाले थे। भाबेश चंद्र राय की पत्नी शांतना ने बताया कि गुरुवार को करीब 4:30 बजे उनके पति को एक फोन आया था। फोन करने वाला सिर्फ यह जानना चाहता था कि भाबेश घर पर हैं या नहीं। इसके करीब आधे घंटे बाद दो बाइक पर सवार चार लोग उनके घर आए और भाबेश को जबरदस्ती उठाकर ले गए। चश्मदीदों के मुताबिक, उन्हें पास के नराबाड़ी गांव ले जाया गया और वहां बेरहमी से पीटा गया। गुरुवार शाम को ही हमलावरों ने भाबेश को बेहोश हालत में वैन से उनके घर भिजवा दिया। पहले उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, फिर दिनाजपुर मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बांग्लादेश में पिछले साल से हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों पर हमले बढ़ गए हैं। बीराल पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी अब्दुस सबूर ने कहा कि इस मामले में केस दर्ज करने की तैयारी चल रही है।

- भाबेश चंद्र राय की पत्नी शांतना ने बताया: गुरुवार को करीब 4:30 बजे उनके पति को एक फोन आया था

### भाबेश के हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए बंगलादेश पर दबाव बनाए सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने बंगलादेश में हिंदू नेता भाबेश चंद्र रॉय की हत्या की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि भारत सरकार मामले को प्राथमिकता से उठाए और बंगलादेश से बात कर दोषियों को तत्काल गिरफ्तार करने के लिए दबाव बनाए। पार्टी ने शनिवार को यहां एक बयान में कहा कि कांग्रेस बंगलादेश के दिनाजपुर में हिंदू समुदाय के एक प्रमुख नेता भाबेश चंद्र रॉय की क्रूर हत्या की कड़ी निंदा करती है।



# बादशाह को डेट कर रही हैं तारा सुतारिया

## शिल्पा शेट्टी रैपर को चिढ़ाते हुए बोलीं- दिन में तारे देखने लगे हो


**मुंबई।** तारा सुतारिया अपनी प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में रहती हैं। एक बार फिर से वह चर्चा में हैं और इस बार वजह है उनकी लव लाइफ। कहा जा रहा है कि तारा रैपर बादशाह को डेट कर रही हैं। हालांकि, अब तक इसको लेकर कोई भी आधिका. रिक बयान सामने नहीं आया है। दरअसल, रियलिटी शो इंडियन आइडल 15 के सेट से दोनों की डेटिंग की खबरें शुरू हुईं। जब शिल्पा शेट्टी ने मजाकिया अंदाज में तारा सुतारिया का नाम लेकर बादशाह को चिढ़ाया था। इस पर रैपर शर्मा गए, जिसके बाद से सोशल मीडिया पर कयास लगाए जाने लगे कि तारा और बादशाह एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। शिल्पा शेट्टी ने कहा था, बादशाह, मैंने सुना है कि आप दिन में भी तारे देख रहे हैं। तारा देख रहे हैं आप। अरे, हम 90 के दशक का दौर सेलिब्रेट



कर रहे हैं, तो मुझे एक खास गाना याद आ गया, सिर्फ आपके लिए चलती है क्या 9 से 12? यही गाना गा रहे हैं ना आप।

बता दें, तारा सुतारिया ने पहले एक्टर आदर जैन को डेट किया था। दोनों चार साल तक रिलेशनशिप में रहे थे। हालांकि, साल 2023 में दोनों का ब्रेकअप हो गया था। इसके बाद आदार ने अलेखा आडवाणी के साथ शादी कर ली थी, जो पहले तारा की बेस्ट फ्रेंड थीं।

# द ताज स्टोरी को अंतर्राष्ट्रीय श्रेणी में बेस्ट फिल्म अवार्ड




**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता परेश रावल की फिल्म द ताज स्टोरी ने हाल ही में लंदन के हाउस ऑफ कॉमन में आयोजित ग्लोबल बिजनेस अवार्ड 2025, अंतर्राष्ट्रीय श्रेणी में बेस्ट फिल्म का पुरस्कार जीता। द ताज स्टोरी को ब्रिटिश दर्शकों और लंदन निवासियों के साथ-साथ वहां के फौजियों द्वारा भी बेहद पसंद किया गया। फिल्म की मुख्य भूमिका में परेश रावल की शानदार अभिनय ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा, लेखक और निर्देशक तुषार अमरीश गोयल के काम की भी खूब सराहना की गई। इस शानदार फिल्म का निर्माण सुरेश झा ने किया है और फिल्म के क्रिएटिव प्रोड्यूसर विकास राधेशाम हैं। फिल्म के डीओपी सत्यजीत हार. निस और एडिटर हिमांशु एम तिवारी है। एक से बढ़कर एक प्रतिभाशाली कलाकारों ने काम किया है, जिनमें अमृता खानविलकर, ज़ाकिर हुसैन, नमित दास, बृजेंद्र काला, स्नेहा वाघ, शिशिर शर्मा, कांत वर्मा, अखिलेंद्र मिश्रा, अनिल जॉर्ज, अभिजीत लेहरी, सिद्धार्थ भारद्वाज, लतिका, पंकज बेरी, आसित चटर्जी, फ्लोरा जॉक्स, वीणा झा और बाल कलाकार स्वर्णिम और सर्वज्ञ शामिल हैं। इन सभी कलाकारों ने अपने-अपने किरदारों में जान डाल दी और फिल्म को और अधिक प्रभावशाली बना दिया। द ताज स्टोरी की अंतर्राष्ट्रीय सफलता ने भारतीय सिनेमा को एक नई ऊंचाई पर पहुंचाया है और यह दर्शाता है कि भारतीय कहानियों की वैश्विक पहचान हो रही है।

# मकाओ फेस्टिवल में आमिर को मिला ग्लोबल अवॉर्ड



**मुंबई।** बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान को चीन के मकाओ कॉमेडी फेस्टिवल में ग्लोबल सम्मान मिला है। आमिर खान भारतीय सिनेमा के सबसे सम्मानित और प्रभावशाली एक्टर्स में से एक हैं। उन्होंने अपने लंबे शानदार करियर में उन्होंने न सिर्फ भारत में बल्कि दुनियाभर में करोड़ों दिल जीते हैं। उनकी फिल्में सरहदें पार कर चुकी हैं, खासतौर पर चाइना में तो उन्होंने कई रिकॉर्ड तक तोड़ डाले। आमिर अपने सोच-समझकर चुने गए कंटेंट और दमदार परफॉर्मेंस के लिए जाने जाते हैं और इसी वजह से वो क्वालिटी सिनेमा के ग्लोबल आइकॉन बन चुके हैं। हाल ही में उनकी इस इंटरनेशनल अपील को मकाओ कॉमेडी फेस्टिवल में भी सम्मानित किया गया, जहां उन्हें खासतौर पर सराहा गया।

आमिर खान ने हाल ही में मकाओ कॉमेडी फेस्टिवल में शिर. कत की, जहां उनके साथ हे वेनजुन, जू झेंग, ना ना, तियान वा, वेन सोंग, सोंग शियाओबाओ, झांग चियु, जोशुआ ई, वांग यिगवेई, ली फी, सोंग यांग, वांग जियानहुआ, स्टेनली तांग, सोंग मुजी, जू वुबिन, चांग युआन, शेन टेंग, झांग चेन, झाओ बेनशान, झोउ डेयॉन्ग, ली झिलियांग, लियू सिवेई और ऐ लुन जैसे कई नामचीन कलाकार मौजूद थे। चाइना में आमिर की जबर्दस्त फैन फॉलोइंग के चलते उनकी मौजूदगी ने वहां खलबली मचा दी।

## सोनाक्षी स्टारर निकिता रॉय 30 मई को रिलीज होगी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा की फिल्म निकिता रॉय 30 मई, को रिलीज होगी। बहुप्रतीक्षित साइकोलॉजिकल थ्रिलर निकिता रॉय की रिलीज डेट सामने आ गई है। यह फिल्म 30 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। हाल ही में मेकर्स ने इस फिल्म का एक नया आकर्षक पोस्टर जारी किया है, जिसमें फिल्म की ऑफीशियल रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया गया है। एक पावर-पैक्ड कास्ट नजर है, जिसमें सोनाक्षी, अर्जुन रामपाल, परेश रावल और सुहैल नय्यर जैसे बेहतरीन कलाकार मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म को कुश एस सिन्हा ने निर्देशित किया है। निकिता पाई फिल्म्स लिमिटेड के बैनर तले बनी निकिता रॉय का नेतृत्व किजल अशोक घोने ने निकी खेमचंद भगनानी, विक्की भगनानी, अंकुर टकरानी, दिनेश रतिराम व क्रेटोस एंटरटेनमेंट के सहयोग से किया है।

# बोटॉक्स व लिप-फिलर्स के कमेंट्स पर भड़कीं जैस्मिन





**मुंबई।** टीवी एक्ट्रेस जैस्मिन भसीन ने इन दिनों ट्रोलर्स के निशाना पर हैं। सोशल मीडिया पर लगातार उन्हें फिलर्स और बोटाक्स को लेकर ट्रोल किया जा रहा है। अब इस मामले में एक्ट्रेस ने रिएक्शन दिया है। उन्होंने ट्रोलर्स को करारा जवाब देते हुए कहा कि इसमें गलत क्या है। दरअसल, जैस्मिन भसीन के कुछ फोटोशूट और वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, जिसमें उनका चेहरा काफी बदला-बदला नजर आ रहा है। खासकर उनके लिप्स। ऐसे में यूजर्स लगातार उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। उनका दावा है कि जैस्मिन ने बोटाक्स और होठों पर फिलर्स करवाए हैं। बॉलीवुड बबल के साथ एक इंटरव्यू में जैस्मिन ने कहा कि आखिर लोगों को कास्मेटिक सर्जरी से समस्या क्या है? यदि ऐसे बदलाव किसी व्यक्ति को अधिक आत्मविश्वास महसूस कराने में मदद करते हैं, तो इसमें कोई बुराई नहीं है। हर व्यक्ति को अपनी पसंद और सुविधा के अनुसार फैसला लेने का अधिकार है। अगर कोई खुद को बेहतर महसूस कराने के लिए ऐसा कुछ कराता है, तो उसे जज नहीं किया जाना चाहिए। मेरी एक पोस्ट पर लोगों ने कमेंट्स किए और कई मैसेज भेजकर पूछा कि क्या जैस्मिन ने अपने होठों पर कुछ करवाया है? वगैरह-वगैरह, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ था। दरअसल, एक हादसे की वजह से मेरे होठों में सूजन आ गई थी और उस दिन मेकअप आर्टिस्ट ने मेरे होठों को ज्यादा ओवर लाइन कर दिया था। उस वक्त मुझे वो लुक अच्छा भी लगा था, क्योंकि इंस्टाग्राम फिल्टर्स में भी होंठ थोड़े फूले हुए ही दिखते हैं, एहसास हुआ कि वो लुक मुझ पर अच्छा नहीं लग रहा था। जैस्मिन ने कहा कि उन्हें समझ नहीं आता कि लोग दूसरों को इस बात पर नीचा क्यों दिखाते हैं?

# कई OTT प्रोजेक्ट्स ठुकरा चुकी हैं भूमि



## बोलीं- किसी कहानी से जुड़ाव महसूस नहीं हुआ, अब द रॉयल्स से करेंगी डेब्यू

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर आखिरकार ओटीटी की दुनिया में कदम रखने जा रही हैं। वह जल्द ही वेब सीरीज द रायल्स में नजर आएंगी। हालांकि यह पहली बार नहीं है जब उन्हें वेब सीरीज में काम करने का प्रस्ताव मिला हो। इससे पहले भी उन्होंने कई ओटीटी प्रोजेक्ट्स ठुकरा दिए थे। भूमि पेडनेकर ने कहा कि मुझे ओटीटी पर डेब्यू करने के लिए कई वेब सीरीज के ऑफर मिले थे। मैंने सभी की स्क्रिप्ट्स भी पढ़ी थीं, लेकिन उन्हें करने से इनकार कर दिया। हालांकि बाद में वे सभी प्रोजेक्ट्स काफी सफल रहे, लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि मुझे उन प्रोजेक्ट्स से वैसा जुड़ाव कभी महसूस नहीं हुआ, जैसा कि द रायल्स से हुआ। इसलिए इसके लिए हामी भर दी। भूमि ने आगे कहा, मेरे लिए सबसे जरूरी बात थी सही कहानी और सही जानर का मिलना। जहां तक द रायल्स की बात है, यह एक रोमांटिक कामेडी है और रोम-काम मेरा सबसे पसंदीदा जॉनर है। मुझे नहीं लगता कि आजकल हम इस तरह की फिल्में या शोज बना रहे हैं। मैं मिल्स एंड बून के नावेल्स पढ़ते हुए बड़ी हुई हूं। शायद इसी वजह से मुझे कोरियन ड्रामा भी बहुत पसंद हैं, क्योंकि उनमें रोमांस भरपूर होता है। द रायल्स में भूमि पेडनेकर के साथ ईशान खट्टर प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। इन दोनों के अलावा इस शो में जीनत अमान, साक्षी तंवर, नोरा फतेही, डिनो मोरिया, मिलिंद सोमन, चंकी पांडे, विहान सामत और सुमुखी सुरेश जैसे कई कलाकार हैं। यह शो 9 मई को नेटफ्लिक्स पर प्रीमियर होगा।

# ग्राउंड ज़ीरो का कश्मीर में ऐतिहासिक प्रीमियर

**कश्मीर।** एक्सेल एंटरटेनमेंट की फिल्म ग्राउंड ज़ीरो का कश्मीर में ऐतिहासिक प्रीमियर हुआ। एक्सेल एंटरटेनमेंट अपने अपकमिग एक्शन थ्रिलर ग्राउंड ज़ीरो के साथ बीएसएफ के एक शानदार मिशन को पर्दे पर लाने के लिए तैयार है। यह फिल्म कश्मीर पर आधारित है और एक असली कहानी पर आधारित है जो पहले कभी नहीं सुनाई गई। ट्रेलर और पोस्टरों के बाद बढ़ती हुई उत्सुकता के बीच, फिल्म का ग्रैंड प्रीमियर कश्मीर में हुआ। घाटी में 38 सालों बाद यह पहली फिल्म प्रीमियर होने वाली फिल्म है। प्रीमियर के दौरान रेड कार्पेट पर बीएसएफ के जवानों और फिल्म की पूरी टीम ने जब अपनी एंट्री मारी, तो माहौल ही बदल गया। इमरान हाशमी, साई ताम्हंकर, निर्देशक तेजस प्रभा विजय देवस्कर, निर्माता रितेश सिधवानी अपनी पत्नी डॉली सिधवानी के साथ, फरहान अख्तर अपनी पत्नी शिबानी दांडेकर के साथ, और को-प्रोड्यूसर अरहान बगाती जैसे बड़े नाम रेड कार्पेट पर नजर आए।

## अर्जुन राज की फिल्म खेल पासपोर्ट का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** निर्देशक अर्जुन राज की फिल्म खेल पासपोर्ट का का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर डी आर जे रिकॉर्ड म्यूजिक से रिलीज किया गया है। निर्देशक अर्जुन राज ने फिल्म का ट्रेलर रिलीज करते हुए बताया कि यह फिल्म बन कर तैयार है और जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। फिल्म की पूरी शूटिंग मुंबई शहर में हुई है। फिल्म में हेरम्ब त्रिपाठी ने मुख्य भूमिका निभाई है। फिल्म में एक से बध्कर एक गाने है। फिल्म की कहानी आम आदमी के लाइफ से जुड़ी हुई है। एक लड़का इंडिया से बाहर जाना चाहता है नौकरी करने के लिए और मुंबई आकर पासपोर्ट ट्रैप में फस जाता है, इस पासपोर्ट ट्रैप से जुड़ी कहानी पर आधारित है मेरी फिल्म खेल पासपोर्ट का। फिल्म खेल पासपोर्ट का निर्माण हैप्पी क्राउड एंटरटेनमेंट, किग केयान एंटरटेनमेंट और रजिया पठान के बैनर तले किया जा रहा है। इस फिल्म को राजवंत शर्मा को-प्रोड्यूस कर रहे हैं।




# यूके में जलवा बिखेरेंगे सलमान खान

**मुंबई।** बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान द बॉलीवुड बिग वन यूके टूर में जलवा बिखेरेंगे। सलमान खान एक ऐसे सुपरस्टार हैं, जिनकी स्टारडम की कोई बराबरी नहीं कर सकता। वह सिर्फ बड़े पर्दे पर ही नहीं, बल्कि लोगों के दिलों पर भी राज करते हैं। उनकी फैन फॉलोइंग जबर्दस्त है, वो भी ऐसी जो सालों से उनके साथ खड़ी है, हर मोड़ पर। बॉक्स ऑफिस पर सलमान की फिल्मों का दबदबा हमेशा से रहा है और अब वो अपने फैन्स को एक नया तोहफा देने जा रहे हैं। सलमान अब तैयार हैं स्टेज पर धमाल मचाने के लिए। सलमान खान जल्द ही द बॉलीवुड बिग वन यूके टूर के जरिए यूके में अपने चाहने वालों से रूबरू होंगे। सलमान खान अब द बॉलीवुड बिग वन यूके टूर के जरिए लाइव परफॉर्म करने जा रहे हैं, वो भी एक दमदार लाइनअप के साथ।

